आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 01:20 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 49, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार



अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़ 16

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज 15

## 21 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी को दी मौत की सजा

- अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा
- संलिप्ता पर दो अन्य लोगों को 20-20 वर्ष सश्रम जेल की सजा

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक आवासीय स्कूल में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई।

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि-योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था। राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह-आरोपी मार्बोम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। बागरा को आईपीसी की धारा 328 और 506 के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6, 10 और 12 के तहत दोषी ठहराया गया और मौत की सजा दी गई।

**बिलकीस बानो मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की गुजरात सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें बिलकीस बानो मामले में राज्य के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के निर्णय को खारिज करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को खुली अदालत में सुनने के आवेदन को भी खारिज कर दिया।

# देश को मिले स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित, कहा-प्रौद्योगिकी बने गरीबों की ताकत, जलवायु अनुसंधान को कंप्यूटिंग प्रणाली का लोकार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा कि एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।

**क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन रहा भारत, सरकार दे रही प्राथमिकता**

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।

**पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं तीनों स्वदेशी सुपर कंप्यूटर**

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

**एक नजर**

### बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में मौत की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने 2023 में सात वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के अपराध में आरोपी को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। दक्षिण पूर्व कोलकाता के तिलजला में पिछले वर्ष 26 मार्च को किसी काम से अपने घर से निकली बच्ची लापता हो गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उसके शव को पास के एक फ्लैट से बरामद किया। दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में फ्लैट में रह रहे किराएदार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कर्मचारी से मारपीट में विधायक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन पर दिल्ली जल बोर्ड के एक कर्मचारी के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कल्याण विहार सीवेज पंपिंग स्टेशन पर क्षेत्रीय सहायक 59 वर्षीय सतपाल सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

### ड्यूटी में लापरवाही पर 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के फोर्ट इलाके में भारतीय रिजर्व बैंक की दो इमारतों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात11 पुलिसकर्मियों को कार्यालय को सूचित किए बिना काम पर नहीं आने के कारण निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कार्रवाई पुलिसकर्मियों की लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण की गई है।

# खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य

### बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को लेकर शासन से प्रस्ताव तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को भी पदोन्नत कर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) में प्रधानाचार्य बनने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस क्रम में शासन से नियमावली तैयार कर ली है। स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की कवायद शुरू हो जाएगी। हालांकि शिक्षण कार्य में लगे राजकीय शिक्षकों ने इसका विरोध भी करना शुरु कर दिया है। विरोध का एक बड़ा आधार यह है कि बीईओ का पद निरीक्षण कैडर का है और प्रधानाचार्य शिक्षण कैडर का होता है। इसलिए बीईओ का प्रमोशन इस पद पर नहीं होना चाहिए।

दरअसल, जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अतिरिक्त 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन





- स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग को भेजा गया प्रस्ताव
- हरी झंडी मिली तो पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

पिछले एक दशक से यह विवादों में फंसी होने से पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। बीईओ को पदोन्नति से प्रधानाचार्य बनाने लिए शासन में कई बैठकें हुई। इसके बाद पदोन्नति के लिए कोटा में बदलाव कर दिया गया है। अब 33 प्रतिशत पुरुष, 33 प्रतिशत महिला प्रवक्ता और 34 प्रतिशत बीईओ पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बन सकेंगे।

अपर निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी के मुताबिक, राजकीय विद्यालयों में महिला प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा 22 से 33 प्रतिशत कर दिया गया है। बीईओ की भी संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा डीआई के स्थान पर 17 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरुष प्रवक्ताओं की संख्या कम होने पर उनका कोटा घटाया गया है। उन्होंने बताया कि इसे स्वीकृति के लिए यूपीपीएससी भेजा गया है।

**सरकार की नई कवायद का होने लगा विरोध**

बेसिक शिक्षा विभाग के निरीक्षक शाखा पर पदोन्नति के लिए बनाई गई नियमावली का विरोध भी शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ प्रवक्ता संवर्ग उप्र. के एक पदाधिकारी नित्य प्रकाश का तर्क है कि प्रधानाचार्य पद विशुद्ध शिक्षण का पद है। यह माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध है। इसे 50 प्रतिशत सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का उक्त पद पर प्रमोशन अथवा पदोन्नति का कोटा निर्धारित करना न्यायोचित नहीं है। वहीं, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय का भी कहना है कि प्रधानाचार्य पद पर सीधे बीईओ को पदोन्नति देना गलत है। बीईओ का ग्रेड पे-4800 का होता है। यह प्रवक्ता के बराबर है। प्रवक्ता से हेडमास्टर में पदोन्नति होने के बाद वह अगले चरण में वह प्रधानाचार्य बन पाते हैं, जबकि बीईओ को इसका लाभ एक ही प्रमोशन पर देने की तैयारी है। संगठन इसका विरोध करेगा।

> बीईओ का निरीक्षण शाखा का पद है। इस पद की शैक्षिक अर्हता केवल स्नातक (बीए) एवं बीएड या बीएड के समकक्ष है। जबकि प्रधानाचार्या पद की शैक्षिक अर्हता एमए और बीएड है। इसलिए बीईओ न तो शैक्षिक अर्हता रखता है और उसका विभाग भी माध्यमिक शिक्षा विभाग से अलग है।
> **-डॉ. नित्य प्रकाश सिंह**, राजकीय शिक्षक संघ, प्रवक्ता संवर्ग उप्र।

> हमारा पद शिक्षा विभाग का है, बेसिक और माध्यमिक बताकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। साल 2015 की एक गाइडलाइन के अनुसार हम इंटर तक के शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता, ट्रेनिंग देख सकते हैं। रही बात शैक्षणिक योग्यता की तो, हम उस मानक पर भी खरे उतरते हैं। राजकीय शिक्षकों का विरोध गलत है। **-प्रमेन्द्र शुक्ला**, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।

शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की। मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में अनियमितता करने का आरोप है।

# मां और बेटी ने मुख्यमंत्री से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**पुलिस से उठा भरोसा**

- बेटी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ कर एफआर लगाने का आरोप

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने भोट थाना पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करके 12 दिन में मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश को भी तवज्जो नहीं दी।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 25 मई 2024 को सचिन और मनीष के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ कर रही थीं।

आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से साठ-गांठ करके 12 दिन में केस में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। इसके बाद महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद भी भोट एसओ कहती रहीं कि उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी आने पर फोन करके बता दिया जाएगा। इसके बाद महिला ने 11 सितंबर 2024 को तमाम पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भी भेजे थे। इसके बाद मामले की जांच अपराध शाखा को भेज दी गई।

आरोप है कि पीड़िता की मां 23 और 25 सितंबर को विवेचक से मिली तो उन्होंने बताया कि उनके ऊपर अधिकारियों का दबाव है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक ने कोर्ट को बताया कि जांच चल रही है। काफी परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

## सांसद संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन जेल की सजा



**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया और राउत को जमानत दे दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद राउत के वकील ने सजा को स्थगित करने और उन्हें जमानत देने के लिए दो याचिकाएं दायर कीं, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार तथा पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए।

## मथुरा के मंदिरों में चढ़ेगा फल पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद

- धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों धर्माचार्यों ने लिया फैसला

मथुरा, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बुधवार को वृंदावन में विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री प्रसाद चढ़ाने का फैसला हुआ। यह निर्णय परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीभागवत मंदिरम में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।



## नागालैंड-अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** नागालैंड के आठ और अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (अफस्पा) और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है ताकि वहां सशस्त्र बलों की गतिविधियों को सुगम बनाया जा सके। अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकता होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और गोलियां चलाने के व्यापक अधिकार मिलते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद नागालैंड के आठ जिलों और पांच दूसरे जिलों के 21 थाना क्षेत्रों को एक अप्रैल 2024 से छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया था जिसे 1अक्टूबर से और छह महीने के लिए बढ़ाया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों को एक अप्रैल, 2024 से अशांत क्षेत्र घोषित किया गया था जिसे एक अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

# संशोधित आईटी नियम असंवैधानिक

मुंबई, एजेंसी



- फर्जी खबरों को लेकर हाईकोर्ट ने रद किए नियम

बंबई उच्च न्यायालय ने तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने और उसे विनियमित करने के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद कर दिया और इन्हें असंवैधानिक करार दिया।

न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की एकल पीठ ने 20 सितंबर को कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट और व्यापक होने के कारण न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जनवरी में एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, जिसके बाद एक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास इस मामले को भेजा गया था। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने गुरुवार को हास्य कलाकार कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन द्वारा नए नियमों को चुनौती देते हुए दायर याचिकाओं पर औपचारिक रूप से फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि बहुमत की राय को देखते हुए, नियम 3 (1) (5) को असंवैधानिक घोषित किया जाता है और इसे रद किया जाता है। तदनुसार याचिकाएं स्वीकार की जाती हैं। जनवरी में न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति एन. गोखले की खंडपीठ द्वारा खंडित फैसला सुनाए जाने के बाद आईटी नियमों के खिलाफ याचिकाएं न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास भेज दी गई थीं। न्यायमूर्ति पटेल ने कहा था कि ये नियम 'सेंसरशिप' के समान हैं, लेकिन न्यायमूर्ति गोखले ने कहा था कि इनका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

## कर्नाटक में सीबीआई जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

- सिद्धारमैया सरकार ने लिया फैसला

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार को वापस लेने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है।

# घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून हर महिला पर लागू

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि इसमें बाधक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- भरण-पोषण के मामले में एक महिला की अपील पर सुनाया फैसला

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2005 का कानून संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा के लिए सभी महिलाओं पर लागू है। पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए है ताकि संविधान के तहत उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो सके और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को संरक्षण मिल सके। उच्चतम न्यायालय ने भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला ने इससे पहले कानून की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी, जिसे फरवरी 2015 में एक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया था और उसे 12,000 रुपये मासिक भरण-पोषण और एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महिला के पति ने आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी जिसे अपीलीय अदालत ने देरी के आधार पर खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि बाद में महिला के पति ने अधिनियम की धारा 25 के तहत एक और आवेदन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किया, जो आदेशों की अवधि और परिवर्तन से संबंधित है, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

**विवेकाधिकार का इस्तेमाल करें मजिस्ट्रेट**

पीठ ने कहा कि अधिनियम की धारा 25(2) के तहत विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए मजिस्ट्रेट को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि परिस्थितियों में बदलाव हुआ है, जिसके लिए परिवर्तन, संशोधन का आदेश पारित करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिनियम के तहत परिस्थितियों में परिवर्तन या तो आर्थिक प्रकृति का हो सकता है, जैसे कि प्रतिवादी या पीड़ित व्यक्ति की आय में परिवर्तन, या यह भत्ता देने या प्राप्त करने वाले पक्ष की अन्य परिस्थितियों में परिवर्तन हो सकता है, जो मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित भरण-पोषण राशि में वृद्धि या कमी को उचित ठहराएगा।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें

- त्योहारों के पहले तोहफा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने त्योहारों से पहले तोहफा देते हुए श्रमिकों, खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई और लदान में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह) कुशल, लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी। सरकार के इस कदम से केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लदान, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। नई मजदूरी दरें एक अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# सड़क पर उतरे शिक्षक व कर्मचारी, मांगी पुरानी पेंशन

## एनपीएस/यूपीएस व निजीकरण के विरोध में कर्मियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा

अयोध्या कार्यालय




पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मार्च निकालते शिक्षक और कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ऑल टीचर्स एम्पलाई वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली और एनपीएस/यूपीएस और निजीकरण के विरोध में गुरुवार को संगठनों ने बारिश के बीच गांधी पार्क से सिविल लाइन और रिकाबगंज से लेकर आक्रोश रैली के तहत जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इससे पूर्व गांधी पार्क में भारी संख्या में इकट्ठा होकर राज्य सरकार से पुरानी पेंशन बहाली के लिए जबरदस्त नारेबाजी किया।

आक्रोश रैली में हजारों शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे। प्रमुख रूप से शिक्षणेत्तर संघ ,राजकीय नर्सेज संघ, राजपत्रित फार्मासिस्ट संघ ,पीडब्ल्यूडी नियमित व कर्मचारी संघ संयुक्त कर्मचारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, एआरपी एसोसिएशन, संयुक्त कल्याण समिति, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कर्मचारी संघ, विद्युत कर्मचारी संघ, सफाई कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश यूटा संघ सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी संगठन शामिल रहे। अटेवा के प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अभिनव सिंह राजपूत ने कहा कि 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन नहीं दी जा रही है।

जिला संयोजक विजय प्रताप सिंह ने कहा 2005 के बाद से नियुक्त कर्मचारियों के लिए पेंशन बंद कर दी गई और सरकार द्वारा लाई गई यूपीएस का कोई स्थाइत्व नहीं है। महामंत्री उमा शंकर शुक्ला और अटेवा के मंडलीय मंत्री संदीप यादव ने कहा कि सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करना ही होगा। प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी अंजनी ओझा ने कहा कि सरकार द्वारा शेयर बाजार पर आधारित यूनिफाइड पेंशन प्रणाली/एनपीएस को समाप्त करके पुरानी पेंशन प्रणाली को बहाल करना चाहिए। मीडिया प्रभारी अनूप द्विवेदी ने बताया कि महिला शिक्षक जिला अध्यक्ष मनोरमा साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल चौरसिया ,प्रदीप कनोजिया कोषाध्यक्ष रामस्वरूप राजभर अनुज सिंह, रामबली, सुनील प्रियदर्शी, हृदयाराम, इमरान अहमद, जगदीश वर्मा, इमरान खान, बलराम यादव, शैलेंद्र सिंह,अनिल पांडेय आशुतोष पटेल, महेंद्र कनौजिया, उमेश वर्मा, पंकज निषाद, संदीप चौधरी, विक्रम सिंह, ,रामेश्वर पांडेय, अखिलेश यादव सिंचाई संघ के बृजेश मौर्या आदि शामिल रहे।

### बारिश के बावजूद नहीं हटे कर्मचारी व शिक्षक

शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा निकाली गई पदयात्रा के दौरान बारिश शुरू हो गई, लेकिन पुरानी पेंशन के लिए दृढ़ संकल्पित शिक्षक और कर्मचारी रोड से हटे नहीं और आगे बढ़ते रहे। जो पेंशन बहाल करेगा वही देश पर राज करेगा के नारे पूरी पदयात्रा में गूंजते रहे।

### शिक्षणेतर संघ ने दिया शिक्षा भवन पर धरना

**अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेतर संघ द्वारा प्रदेशीय संगठन के आह्वान पर संयुक्त शिक्षा निदेशक के प्रांगण में एक दिवसीय धरना दिया। शासन स्तर पर बनी सहमति मांगों का शासनादेश निर्गत करने के साथ साथ 19 बिंदुओं की प्रमुख मांगों का ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक को सौंपा गया। शीघ्र निस्तारण न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से शिव बहादुर प्रदेश संगठन मंत्री, शिव पुजारी प्रदेश सह संयोजक,आशीष श्रीवास्तव प्रदेशीय मंत्री, संतोष गुप्ता मंडलीय अध्यक्ष, अजय कुमार सिंह मंडलीय महामंत्री, अभिषेक शर्मा मंडलीय कोषाध्यक्ष, अवधेश प्रताप शुक्ला जिलाध्यक्ष, देश दीपांकर श्रीवास्तव जिला मंत्री आदि मौजूद रहे।

## रोक के बाद भी निजी लोगों से ले रहे काम

**तारुन, अयोध्या।** विकास खंड तारुन में कुछ सचिवों द्वारा अपने सरकारी कार्यालय में अपना निजी आदमी रखकर परिवार रजिस्टर की नकल व अन्य कागजात खुले आम बनवाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सचिव राम नयन यादव द्वारा नरायनपुर ग्राम सभा की देखरेख के लिए अजय यादव को नामित किए हैं जो कि आने वाले ग्रामीणों से बिना सुविधा शुल्क लिए काम नहीं करता है। शासन प्रशासन का सख्त आदेश है कि सरकारी पटल पर कोई भी बाहरी व्यक्ति काम नहीं करेगा। उक्त आदमी वर्षों से ब्लॉक मुख्यालय पर बैठकर परिवार रजिस्टर की नकल का काम कर रहा है। सहायक पंचायत अधिकारी उमाशंकर सिंह ने बताया कि यह नियम विरुद्ध है। शुक्रवार को ही ग्राम पंचायत अधिकारी राम नयन के खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी करूंगा। सरकारी अभिलेखों की देखरेख के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को रखना गलत है। इससे सरकारी कार्य की गोपनीयता भंग होती है।

### एक नजर

### राजकीय कार्यालयों में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा के तहत गुरुवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंडलायुक्त ने मौजूद आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके साथ ही अन्य कार्यालयों में भी सफाई कराई गई। स्वच्छता ही सेवा के तहत 17 सितंबर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत श्रमदान, कुण्डों एवं तालाबों की सफाई, प्राचीन धरोहरों एवं विरासतों, बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों, ढाबों, राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों आदि में वृहद स्तर पर साफ सफाई, मलिन बस्तियों में साफ सफाई और 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक निरन्तर 155 घंटे की साफ-सफाई का कार्यक्रम तय है, इसे नियमित रूप से चलाया जा रहा है। शपथ के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी, नगर आयुक्त/ सीईओ अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिष संतोष कुमार शर्मा, अपर आयुक्त न्यायिक राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी,संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय सहित अन्य मौजूद थे।

# 1733 डेलीगेट पदों के लिए 1424 नामांकन

अयोध्या कार्यालय



गन्ना विकास समिति मसौधा में डेलीगेट चुनाव के लिए नामांकन के दौरान चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी राजस्व निरीक्षकों की टीम के साथ।

**अमृत विचार:** जिले में तीन सहकारी गन्ना विकास समितियों के 1733 डेलीगेट पदों के लिए 1424 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारियों के सामने दाखिल किया। कई डेलीगेट पदों के रिक्त रहने की उम्मीद है। कुल पदों के सापेक्ष नामांकन नहीं हुए।

जिले में सहकारी गन्ना विकास समितियों पर नामांकन को लेकर गहमा-गहमी रही। सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। फैजाबाद सहकारी गन्ना विकास विकास समिति पर नेताओं का जमावड़ा रहा। गन्ना विकास समिति अयोध्या कार्यालय में डेलीगेट पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह सहित 343 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम सदर विकास दुबे के सामने दाखिल किया। नामांकन कराने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय, करुणाकर पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय खून्नू सहित अन्य लोग पहुंचे थे। सचिव अशोक वर्मा ने बताया कि समिति में डेलीगेट के कुल पद 369 है।

**▸▸ तीन सहकारी गन्ना विकास समितियों के लिए कराए जा रहे चुनाव**

मसौधा प्रतिनिधि के मुताबिक सहकारी गन्ना विकास समिति मसौधा के डेलीगेट पदों के नामांकन को लेकर भीड़ रही। चुनाव अधिकारी व उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति मसौधा में कुल 865 डेलीगेट पदों के सापेक्ष गुरुवार को 722 लोगों ने नामांकन किया। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के लिए राजस्व निरीक्षकों की टीम गठित कर दी गई है। यही निर्वाचित डेली गेट गन्ना विकास समिति संचालक मंडल का चुनाव करेंगे। नामांकन का कार्य सायंकाल पांच बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

समिति के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि समिति के कुल 399 डेलीगेट पदों के लिए 359 लोगों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार को कराई जाएगी।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते बंद हैं न्याय मिलने के दरवाजे

सोहावल, अयोध्या




**अमृत विचार :** तहसील के पांचों न्यायालय में सुनवाई पिछले महीनों से नहीं हो पा रही है। इनके दरवाजे बंद ही रहते हैं। फरियादी अपनी सुनवाई के लिए रोज आते हैं और तारीख लेकर चले जाते हैं। इन्हें तारीख पर तारीख मिलने के पीछे वजह अधिवक्ताओं की हड़ताल बताई जाती है।

उपजिला अधिकारी, प्रशासनिक और न्यायिक के साथ तहसीलदार और दो नायब तहसीलदार की अदालतों में यहां सुनवाई होती है। औसतन एक न्यायालय पर प्रतिदिन 50 से ज्यादा मुकदमें सूचीबद्ध होते हैं, जिनसे जुड़े फरियादी रोज तहसील पहुंचते हैं, लेकिन सुनवाई होने की नौबत महीनों से नहीं आ रही है। गुरुवार को भी यही स्थित बनी रही। तारीख पर आने वाले वादी-प्रतिवादी अधिवक्ताओं की फीस और हर्जा खर्चा कर न्याय व्यवस्था को कोसते चले गए। हड़ताल की भेंट चढ़ रही इस न्याय व्यवस्था की बाबत अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र कहते हैं अधिवक्ताओं का विरोध न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमित कार्य प्रणाली और निजी कर्मियों की दखलंदाजी को लेकर है। जब तक जिम्मेदार न्यायिक मजिस्ट्रेट उपजिला अधिकारी और तहसीलदार दोनों सकारात्मक रवैया नहीं अपनाते हड़ताल चलती रहेगी। तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी ने कहा अधिवक्ताओं की हड़ताल का कोई औचित्य नहीं समझ में आता है। एक बार दोनों के बीच समन्वय बैठक हो गई। व्यवस्था में सुधार कराया गया फिर भी हड़ताल का प्रस्ताव रोज भेजा जा रहा है।

### पिस रहा आम आदमी

मंगलसी के हौसला यादव, रौनाही के इलियास, शकीलाबानों , यासीन अहमद, कोला के लाल मोहम्मद आदि कहते हैं वकील और न्यायालय के बीच आम आदमी पिस रहा है। साहब लोग शाम को तहसील आते हैं। बंद कमरों में अपना काम कर चले जाते हैं। गरीब की सुनवाई नहीं हो रही।

### सार-संक्षेप

### श्रमिक संघ ने भेजा पीएम और सीएम को संबोधित ज्ञापन



सदर तहसील में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते श्रमिक संघ के लोग।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग श्रमिक संघ ने एनपीएस और यूपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन को बहाल करने, स्कीम वर्कर्स की सेवाएं नियमित करने, आठवें वेतन आयोग की समिति का गठन करने जैसी मांगों से संबंधित प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर को सौंपा। कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर यदि सरकार विचार नहीं करती है तो महासंघ बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। ज्ञापन देने वालों में संघ का समर्थन देने आए भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, राम लोचन, राम यज्ञ, नितराम, जयकरन सिंह, अलगू राम, दिग्विजय त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

### अभिभावक-शिक्षक के सामंजस्य से ही संभव है शैक्षिक उन्नयन

**अयोध्या। अमृत विचार :** एसएसवी इंटरमीडिएट कॉलेज में गुरुवार को शिक्षक अभिभावक संघ की आम सभा की बैठक में चार बिंदुओं पर चर्चा हुई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ . घनश्याम यादव ने की। प्रधानाचार्य डॉ . मणिशंकर तिवारी ने स्वागत किया। उन्होंने पिछली करवाई प्रस्तुत की, जिसे शिक्षक अभिभावक संघ के सदन ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय का शैक्षिक उन्नयन शिक्षक और अभिभावकों के परस्पर सामंजस्य से ही संभव है। उन्होंने आय-व्यय से भी सभी को अवगत कराया, जिसे सहर्ष स्वीकृति मिली। शिक्षक संवर्ग से उप प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार त्रिपाठी, वारिज नयन शर्मा, डॉ . देवेंद्र मिश्रा, रवि प्रकाश, शैलेंद्र सागर मिश्रा, शशांक और विवेक सहित कई अन्य शिक्षकों ने अभिभावकों से विभिन्न विषयों पर बातचीत की। शिक्षक अभिभावक संघ के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पांडेय, जैसराज वर्मा, कोषाध्यक्ष राज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में विद्यालय के शिक्षक और 300 से अधिक अभिभावक मौजूद रहे।

### कृत्रिम अंग पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे



दि लेप्रोसी मिशन में आयोजित कार्यक्रम में उपकरणों के साथ मौजूद दिव्यांग व अधिकारी।

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार :** दि लेप्रोसी मिशन अस्पताल में शिविर लगाकर दिव्यांगों को कृत्रिम अंग सहित आवश्यक उपकरण बांटे गए। यह वितरण नि :शुल्क समर्पित लेप्रोसी मिशन अस्पताल मोतीनगर तथा सीआरसी गोरखपुर की ओर से किया गया। शिविर में करीब 6 दर्जन से अधिक दिव्यांगों को आवश्कतानुसार को कृत्रिम अंग और उपकरण पहनाए गए। वहीं कुष्ठ रोग सहित विभिन्न बीमारियों से ग्रसित दिव्यांगों की जांच इलाज व नि :शुल्क दवाइयां भी दी गई। सीआरसी गोरखपुर के राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने सुगम्यता दिव्यांगता प्रकार एवं पुनर्वास जैसे विषय पर जनमानस को प्रशिक्षित किया। दि लेप्रोसी मिशन हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ . बिनो बेरी ने सीआरसी गोरखपुर के निदेशक जितेंद्र यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भविष्य में मिशन हॉस्पिटल के साथ व्यापक स्तर पर शिविर आयोजित करेगा। कार्यक्रम में सीआरसी गोरखपुर के सहायक प्राध्यापक नैदानिक मनोविज्ञान राजेश कुमार यादव, पुनर्वास अधिकारी नागेंद्र पांडेय, मंजेश कुमार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 80 दिव्यांगजनों सहित 250 लोगों ने प्रतिभागिता किया।

### अवध विश्वविद्यालय के चार शिक्षकों को मिला अनुदान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ . राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के चार शिक्षकों को राज्य सरकार की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत 34 लाख 50 हजार की धनराशि विभिन्न शोध कार्य के लिए स्वीकृत हुआ। जिसमें माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो . शैलेन्द्र कुमार को 13 लाख का अनुदान मिला। वहीं बायोकमेस्ट्री विभाग की डॉ . नीलम यादव को मैकनेस्टिक एनलिसिस फॉर साइटोटॉक्सिकल पौटेंसिया ऑफ आयुर्वेदिक त्रिफला फारमुलेशन इन हिप्टासेलुलर कार्सिनोमा सेल पर 9 लाख 50 हजार का अनुदान स्वीकृत हुआ। वहीं सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत के अन्तर्गत माइक्रोबायोलॉजी की प्रो . तुहिना वर्मा को 7 लाख 10 हजार व सतत् एवं प्रसार शिक्षा विभाग के डॉ . सुरेन्द्र मिश्र को 4 लाख 90 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### छात्र सभा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर छात्रसभा के महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी बीके चौधरी को सौंपा गया। ज्ञापन में महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि आज भाजपा के सरकार में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों मे पीडीए समाज के छात्रों का शोषण हो रहा है। मौजूदा भाजपा सरकार छात्रसंघ चुनाव नहीं कराना चाहती। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए समाज के छात्रों की छात्रवृत्ति अविलंब बहाल करें अन्यथा 2027 में भाजपा की सरकार को उखाड़ फेकने का काम छात्र-नौजवान करेंगे। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव, बाबा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा, आलोक मिश्रा, कपीश मिश्रा,अनूप पाठक, सलोनी, प्रियंका कुमारी और तमाम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रोपित किए पौधे, सुरक्षा को लगाए ट्री गार्ड



श्री अयोध्या न्यास के पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

**अयोध्या कार्यालय।** संस्था श्री अयोध्या न्यास से जुलाई से लगातार जिले के विभिन्न विद्यालयों और अन्य क्षेत्रों में पौधरोपण कराया जा रहा है। गुरुवार को मिल्कीपुर क्षेत्र के मीठे गांव हाईवे के किनारे पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 70 पौधे रोपित किए गए। रोपित पौधों में ट्री गार्ड लगाए गए। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मनुष्य और प्रकृति के समन्वय से ही प्रकृति का सौंदर्य है। कार्यक्रम में राधेश्याम त्यागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्र, अर्जुन सिंह, अजय तिवारी, दीपक पाठक, महेन्द्र चौरसिया, जर्नादन मौर्य व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



कबड्डी प्रतियोगिता में एक दूसरे पर दम खम आजमाते खिलाड़ी। अमृत विचार

### वालीबॉल में चौरेबाजार और रस्साकशी में पातूपुर रहा विजेता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बीकापुर के भारती इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने प्रतियोगिता की शुरुआत की। दो दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी की 35, वालीबॉल की 39 और रस्साकशी की 18 टीमों ने हिस्सा लिया। वालीबॉल में चौरे बाजार विजेता, उप विजेता रुकुनपुर बना। कबड्डी में विजेता किंग ऑफ बीकापुर, उप विजेता मजरुद्दीनपुर और रस्साकशी में विजेता पातूपुर योद्धा, उप विजेता अयोध्या राउडी बीकापुर बना। प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता में लोकसभा क्षेत्र के सभी ब्लाकों में दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ब्लाक स्तर पर विजेता और उपविजेता टीमों के बीच में लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना, बीकापुर ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का भी प्रचार करेंगे डाकिया

**अयोध्या कार्यालय।** अब डाकिया का काम महज डाक बांटने तक ही सीमित नहीं रह गया है। प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने बताया कि अब डाकिया डाक बांटने के साथ-साथ भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का भी प्रचार-प्रसार करेंगे। सभी पोस्टमैन भारतीय डाक लोगो युक्त स्पेशल बैग के साथ डाक वितरण करेंगे और जनता को सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में भी जागरूक करेंगे। 10 साल तक की सभी बेटियों के खाते खुलवाकर उन्हें सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम में बदला जाएगा। प्रभारी सीनियर पोस्टमास्टर दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि मात्र 250 रुपये में सुकन्या खाता खोला जा सकता है और इसमें अधिकतम डेढ़ लाख रुपये जमा किये जा सकते हैं। इस योजना में खाता खोलने से मात्र 15 वर्ष तक धन जमा कराना होगा और बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर जमा राशि का 50 प्रतिशत व सम्पूर्ण राशि 21 वर्ष पूरा होने पर निकाली जा सकती है।

# प्राथमिक व उच्च प्राथमिक के बच्चों की बनेगी 'अपार' यूनिक आईडी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की तरह अब बेसिक शिक्षा विभाग के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के बच्चों की अब 'अपार' यूनिक आईडी बनाई जायेगी। 12 अंकों का 'अपार' (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी आधार से लिंक होगा। यह प्राइमरी-अपर प्राइमरी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के वर्तमान पीईएन (पेन) नम्बर का स्थान लेगा।

इससे सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रगति एवं उपलब्धि की ट्रैकिंग की जा सकेगी। साथ ही डिजिलॉकर की सहायता से सभी एकेडमिक अभिलेख को वेरिफाइएबल क्रिडेंशियल के रूप में प्राप्त हो सकेंगे। इसके अलावा स्कूल से इतर भी बच्चों का चिन्हीकरण किया जा सकेगा। छात्र-छात्राओं की शैक्षिक यात्रा व उनके अंकपत्र आदि का विवरण स्वतः अपार आईडी में सुरक्षित हो जायेंगे। केन्द्रीय और नवोदय विद्यालयों की भांति ही यू-डायस पोर्टल के माध्यम से अपार आईडी के सृजन की व्यवस्था की जायेगी। अपार आईडी बनाए जाने का कार्य विद्यालय स्तर से ही लॉगिन करते हुए किया जाएगा। बुधवार को स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के नाम सर्कुलर जारी कर दिया है। सर्कुलर की खास बात यह है कि इसमें निर्देश दिए गए हैं कि इसके लिए बच्चों के माता-पिता या अभिभावक के साथ पैरेंट-टीचर मीटिंग कर उन्हें इसके लाभ बताया जाएगा। साथ ही उनके उनका आधार भी एकत्र किया जाएगा। इसके अलावा उनसे अपार आईडी से संबंधित सहमति पत्र पर लिखित रूप से सहमति प्राप्त करने को कहा गया है। साथ ही सहमति पत्र को स्कूल में ही संरक्षित रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि आदेश आया है विस्तृत गाइड लाइन की प्रतीक्षा की जा रही है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

### 'अपार' से यह होगा लाभ

■ इससे स्कूलों के सभी छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रगति एवं उपलब्धि ट्रैक की जा सकेगी। ■ आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण हो सकेगा। ■ डिजिलॉकर से सभी एकेडमिक अभिलेख को वेरिफाइएबल क्रिडेंशियल प्राप्त हो सकेंगे। ■ आईडी बनाने का कार्य विद्यालय स्तर से ही लॉगिन करते हुए किया जाएगा।

**तैयारी** दुर्गा पूजा व राम लीला की तैयारी शुरू, प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दुर्गा पूजा के लिए बनने लगे भव्य पंडाल

# केदारनाथ मॉडल पर बने पंडाल में मिलेंगे मां के दर्शन

अयोध्या कार्यालय



दुर्गा पूजा के लिए चौक में बनाया जा रहा भव्य पंडाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दुर्गा पूजा, राम लीला की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार केदार घाटी, मां वैष्णों देवी के साथ दक्षिण शैली मंदिर के मॉडल पर बनाए गए पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन होंगे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दुर्गा पूजा महोत्सव है। इसको लेकर भक्तों में उत्साह है। रामलीला का क्रेज भी लोगों में बढ़ने लगा है। दुर्गा पूजा के साथ ही राम लीला और दशहरा की तैयारी शुरू कर दी गई है। 50 से 100 फीट तक के पंडाल बनाए जा रहे हैं। दुर्गा पूजा और राम लीला केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल बताते हैं कि नाका पर सजने वाले पंडाल की ऊंचाई सौ फीट से ज्यादा होगी। अभी निर्माण चल रहा है। इसका माडल केदार घाटी जैसा बनाया जाएगा। रिकाबगंज हनुमानगढ़ी के पास सज रहा पंडाल दक्षिण भारत के मंदिर की शैली में पहली बार तैयार किया जा रहा है। आलोक बताते हैं कि इसे कारीगर ने स्वयं तैयार किया है। यह 50 फीट ऊंचा होगा। चौक दुर्गा पूजा के शोभित कपूर बताते हैं कि पंडाल लगभग 70 फीट ऊंचा होगा। इसे मंदिर के मॉडल का बनाया जाएगा।

### 2568 स्थानों पर विराजमान होंगी प्रतिमाएं

**अयोध्या। अमृत विचार :** रामलीला, दुर्गा पूजा व दशहरा की तैयारी को लेकर गुरुवार को सर्किट हाउस में जिला प्रशासन, नगर निगम, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति व रामलीला समिति की समन्वय बैठक हुई। दुर्गा पूजा में व्यवस्था को लेकर बैठक में मौजूद लोगों ने अपना अपना पक्ष रखा। प्रकाश, जल, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। सभी विभागों को समय से पहले तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिले में 2568 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजमान होंगी। 200 स्थानों पर रामलीला का मंचन होगा। बैठक में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, नगर आयुक्त संतोष शर्मा, एडीएम सिटी सलिल पटेल, एसपी सिटी मधुबन सिंह, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के साथ अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

### समितियों के साथ बैठक में हुई तैयारियों पर चर्चा

**रुदौली, अयोध्या।** केंद्रीय दुर्गा पूजा और श्री राम लीला समन्वय समिति के साथ गुरुवार को नगर पालिका परिषद में बैठक हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब के शहर में सभी समुदायों के त्योहार में नगर पालिका से होने वाले परंपरागत कार्यों को कराया जायेगा। उन्होंने देवकली मंदिर रुदौली, मरी माता मंदिर खैरनपुर, मां काली मंदिर लाल कुआं काशीपुर, श्री राम लीला समिति रुदौली, श्री चंद्र देव राम लीला समिति भैरोधाम, दुर्गा पूजा पंडाल स्थलों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। परंपरागत मंदिर की पुताई, टूटी नालियों पर पत्थर डलवाने, एंटी लारवा छिड़काव के निर्देश दिए। खराब रोड लाइट सही कराने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। केंद्रीय दुर्गा पूजा श्री राम लीला समन्वय समिति के अध्यक्ष अनिल मिश्र ने त्योहार के दौरान जलापूर्ति के समय में परिवर्तन की बात कही। महामंत्री दुर्गेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह, मनीष चौरसिया, सुधीर मिश्रा, अवधेश यादव, प्रदीप यादव, कुलदीप लोधी आदि मौजूद थे।

## क्षय रोगी खोज अभियान में मिले 123 मरीज, इलाज शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में 9 से 20 सितम्बर तक चले दस दिवसीय सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान 123 मरीज मिले हैं, जिनका इलाज शुरू कर दिया गया है। सभी का खाता प्राप्त कर निक्षय पर फीड कर दिया गया है, जिससे उन्हें समय से निक्षय पोषण अभियान के अन्तर्गत डीबीटी के माध्यम से 500 रूपये प्रति माह प्राप्त हो सकें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि जिले के सभी टीबी यूनिट के अन्तर्गत 20 प्रतिशत जनसंख्या 5,78,010 पर 209 टीमों के द्वारा घर-घर अभियान चलाया गया। अभियान के सुपरवीजन के लिए 42 पर्यवेक्षकों ने पर्यवेक्षण कार्य किया। राज्य स्तर से नामित अभिनव कुमार ने जनपद का भ्रमण कर कार्यकम का पर्यवेक्षण किया। पूरे अभियान की समीक्षा करने से ज्ञात हुआ कि कुल 551372 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसके उपरान्त 7245 संभावित क्षय मरीजों में से 7133 का बलगम परीक्षण कराया गया, जिसके उपरान्त टीयू डीटीसी में 9, श्रीराम चिकित्सालय 9. तारुन 5. मिल्कीपुर 6. मसौधा 8. रुदौली 19, खंडासा 21, सोहावल 10, पूराबाजार 8, बीकापुर 10, हैरिंग्टनगंज 6, मयाबाजार 3 व मवई में 9 क्षय मरीज मिले। इस प्रकार पूरे अभियान में कुल 123 नये क्षय मरीज मिले।

**आज का मौसम**



आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने, वर्षा होने की संभावना है।

32.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

**आज के कार्यक्रम**



- समाजवादी पार्टी की महानगर इकाई की मासिक बैठक गुलाबबाड़ी कार्यालय पर प्रातः 11:00 बजे से
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्वच्छता प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण अपराह्न 02:00 बजे से।
- जिले के सभी बीआरसी केंद्रों पर शिक्षक का प्रशिक्षण अपराह्न 03:00 बजे से।

**एक नजर**

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर थाने के मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम रामपुर जोहन में एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मोतीगंज चौकी प्रभारी शीतला प्रसाद मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम रामपुर जोहन मजरे चितई का पुरवा शिवपुर निवासी राम प्रकाश कोरी पुत्र स्वर्गीय दर्शन लाल के रूप में हुई है। वह बुधवार की रात से ही घर से कहीं चला गया था। गुरुवार को दोपहर बाद बिसुही नदी के किनारे स्थित एक पेड़ से लटका हुआ दिखाई दिया।

### डेंगू के सात नए मरीज मिले

**अयोध्या।** जिले में गुरुवार को सात और डेंगू मरीज मिले हैं। नगर क्षेत्र, मसौधा में दो-दो, पूराबाजार, मवई व खंडासा में एक-एक मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक अब तक 116 मरीज मिल चुके हैं, जिनमें 98 ठीक हो चुके हैं, जबकि 18 का इलाज चल रहा है।

# जिला अस्पताल में ऑपरेशन ठप, मरीज परेशान

## एक सर्जन की सेवा समाप्त और एक घरेलू परेशानियों के कारण छुट्टी पर गए, रोजाना होते पांच से सात ऑपरेशन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में गुरुवार को जनरल सर्जरी ठप हो गई। एक भी ऑपरेशन नहीं हुआ। भर्ती मरीजों को भारी दिक्कतें पेश आ रही हैं। आने वाले दिनों में भी मरीजों को ऑपरेशन कराने के लिए मुश्किलें झेलनी पड़ सकती हैं।



जिला अस्पताल में जनरल ओटी जाने वाले गेट पर लगा ताला (लाल घेरे में)।

जिला अस्पताल की जनरल ओटी में रोजाना पांच से सात ऑपरेशन होते हैं। ऑपरेशन के लिए आने वाले मरीजों को एक दिन पहले ही भर्ती कर लिया जाता है। गुरुवार को अचानक ओटी ठप पड़ गई। बताया जाता है कि सर्जन ए अहमद खान की सेवा समाप्त कर दी गई। डॉ. एके सिन्हा घरेलू परेशानियों के चलते अब सोमवार को ही काम पर लौटेंगे। यही हाल सर्जन डॉ. वीपी सिंह का भी है। सूत्र बताते हैं कि वह भी घरेलू कारणों से छुट्टी डाल चुके थे, लेकिन एके सिन्हा की गैर मौजूदगी में उन्हें अस्पताल में बुलाया गया, लेकिन वह सिर्फ ओपीडी में ही मरीजों को देख सके। इस कारण ऑपरेशन नहीं हो पाए। सोमवार को डॉ. एके सिन्हा आएंगे तो डॉ. वीपी सिंह छुट्टी पर चले जाएंगे। अगले महीने की 15 तारीख के बाद ही व्यवस्था में सुधार आ पाएगा। तीमारदार आशू ने बताया कि वह अपनी भाभी को ऑपरेशन के लिए लेकर आया था। शुक्रवार को नहीं हुआ तो वह श्रीराम चिकित्सालय या फिर मेडिकल कॉलेज ले जाएगा।

### एक माह पहले थे चार सर्जन



जिला अस्पताल में एक माह पहले चार सर्जन थे। इनमें जेडी पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. एके सिन्हा, डॉ. वीपी सिंह व डॉ. ए अहमद खान शामिल थे। डॉ. आलोक वर्मा कुछ ही दिन यहां अपनी सेवाएं दिए थे। इक्का-दुक्का ही ऑपरेशन किया था। इसके बाद उनका तबादला हो गया।

### फिजिशियन का भी है टोटा

अस्पताल में फिजिशियन का भी टोटा है। इस समय परमानेंट एक ही फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी कार्यरत हैं, जबकि दूसरे चिकित्सक डॉ. नानक सरन संविदा से आए हैं। वह प्रयागराज के सीएमओ भी रह चुके हैं। अस्पताल में सर्वाधिक ओपीडी जनरल मेडिसिन की ही है। इस कारण बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिशिर श्रीवास्तव को जनरल मेडिसिन के मरीजों को देखने का भी जिम्मा दिया गया है।

### दलालों के उतर गए चेहरे

अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान काली कमाई करने वाला बड़ा नेक्सस भी काम करता है। सूत्र बताते हैं कि ऑपरेशन ठप हो जाने के बाद दलालों में खलबली मच गई। क्योंकि वह एक ऑपरेशन कराने में बड़ी कमाई करते थे।

> हमारे पास सर्जन अब दो ही बचे हैं। डॉ. आलोक वर्मा का ट्रांसफर हो गया। डॉ. ए अहमद खान को एक्सटेंशन नहीं मिला। डॉ. एके सिन्हा छुट्टी पर हैं। गुरुवार को सर्जन डॉ. वीपी सिंह अस्पताल आए थे। हमारी कोशिश रहेगी कि आगे ऑपरेशन प्रभावित न हो। ओपीडी में मरीजों को देखने के बाद चिकित्सक ओटी में अपनी सेवा देंगे। **- डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस, जिला चिकित्सालय**

### डॉ. खान के खिलाफ थीं कई शिकायतें

जिला अस्पताल में संविदा पर काम कर रहे सर्जन डॉ. ए अहमद खान के खिलाफ आईजीआरएस पर तमाम शिकायतें आई थीं। इनमें मरीजों से बाहर से दवा व जांच लिखने के आरोप थे। कई बार मामले में सीएमएस ने डॉ. खान को फटकार भी लगाई थी। उसके बावजूद शिकायतें आना थम नहीं रही थीं। यही कारण रहा कि शासन की ओर से डॉ. खान का एक्सटेंशन नहीं किया गया।

## राम मंदिर के द्वितीय तल पर डाली जा रही छत

**अयोध्या। अमृत विचारः** राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। मंदिर के प्रथम तल का कार्य लगभग पूरा होने के बाद अब दूसरे तल पर छत डाले जाने का कार्य भी शुरू हो गया है। इसके बाद मंदिर का शिखर तैयार किया जाएगा। दूसरी तरफ मंदिर की सुरक्षा और भव्यता के लिए बनाए जा रहे 800 मीटर की परिधि का परकोटे का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। परकोटे में 6 देवी देवताओं के मंदिर को तैयार करने का कार्य भी लगभग 70% पूरा कर लिया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य अपने समय में पूरा हो सके इसके लिए प्रयास कार्य चल रहा है। मंदिर निर्माण में 1600 मजदूर पहले से ही कार्य कर रहे हैं और संख्या बढ़ाई जा सकती है।

# फिल्मी रामलीला के लिए मिली जगह

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में फिल्मी सितारों की रामलीला का 1 अक्टूबर से प्रारम्भ होने जा रही है, लेकिन इस बार आयोजन स्थल के लिए बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ी। अब अयोध्या धाम के बाहर लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर स्थित संस्कृति विभाग ने जगह उपलब्ध कराई है। देरी होने के कारण अभी मंच का निर्माण भी प्रारंभ नहीं हो सका है। डायरेक्टर सुभाष मलिक ने बताया कि मुंबई और दिल्ली के एक्सपर्ट दिन-रात मंच बनाने का कार्य पूरा करेंगे। 30 सितंबर को भूमि पूजन होगा।

अयोध्या में बीते 5 वर्षों से हो रही फिल्मी सितारों की रामलीला



प्रतीकात्मक

**▶▶ 03 अक्टूबर से होगा लाइव प्रसारण, बॉलीवुड के 42 कलाकार निभाएंगे पात्रों का किरदार**

में रामायण के प्रसंगों के आधार पर मंचन ना होने से संतों में नाराजगी है, जिसके कारण साधु-संतों ने इस आयोजन से दूरी बना रखी है। इस वर्ष होने वाले आयोजन को लेकर डायरेक्टर सुभाष मलिक कई जगह गए, लेकिन उन्हें उचित स्थान नहीं मिल सका है। हालांकि सुभाष मलिक ने मामले में सफाई देते हुए बताया कि लक्ष्मण किला का मैदान छोटा पड़ रहा था। वहां पर गाड़ियों के आने-जाने में भी असुविधा हो रही थी। जानकी घाट स्थित कनक महल और उदासीन आश्रम प्रबंध समिति से भी मुलाक़ात किया गया था। नगर निगम के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि सरयू तट स्थित श्री राम कथा पार्क में आयोजन किए जाने को लेकर बुकिंग कर दी गई थी, लेकिन बुकिंग को कैंसिल कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि इस बार हम और सुंदर आयोजन करने जा रहे हैं। इस वर्ष रामलीला का लाइव प्रसारण डीडी भारती पर 3 से 12 अक्टूबर तक होगा। बॉलीवुड के 42 से ज्यादा कलाकार अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## भूमि दिलाने के नाम पर छह लाख हड़पे, मुकदमा दर्ज

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये हड़प लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जनौरा निवासी निखिल सिंह का कहना है कि उन्होंने अपने पड़ोस में रहने वाले और जमीन की खरीद-बिक्री का काम करने वाले पूर्व परिचित सिद्धान्त सिंह से आवासीय भूखंड की बात की थी। वर्ष 2019 में एचसीजे स्कूल के बगल स्थित एक भूखंड के लिए 4 दिसंबर को दो लाख रुपये पेशगी लिया। 27 दिसंबर को फिर एक लाख रुपया ले लिया, लेकिन टालमटोल होता रहा। 6 सितंबर 2021 को उसने रकम की जरूरत होने का हवाला देकर तीन लाख रुपया और ले लिया, लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद जमीन का बैनामा नहीं करवाया। निखिल का आरोप है कि छह लाख देने के बाद उसने व उनकी मां ने इकरारनामा अथवा बैनामा का दबाव बनाया तो फिर टाल-मटोल करने लगा। रकम वापस मांगी तो अभद्रता पर उतर आया और धमकी देने लगा। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय का कहना है कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

## पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने किया रामलला का दर्शन



**अयोध्या। अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने गुरुवार को रामलला का दर्शन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को भी देखा। इस दौरान उन्होंने एक होटल में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय से मुलाकात की। जहां पर लोगों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। सुनील गावस्कर ने कहा कि रामलला का दर्शन कर मैं धन्य हो गया हूं और यहां पर आकर बहुत अच्छा लगा।

रामलला के दर्शन के उपरांत सुनील गावस्कर आरजेबी थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय के साथ।

# काली चौरा क्षतिग्रस्त किए जाने से तनाव, पुलिस तैनात

मसौधा अयोध्या

**अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या -रायबरेली हाईवे के निकट दौलतपुर गांव के पास ग्रामीणों की आस्था का देवी स्थल काली का चौरा को बुधवार रात किसी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। गुरुवार सुबह ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होते ही घटना की सूचना पूरा कलंदर पुलिस को दी गई।

उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी और क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों संप्रदाय के लोगों को बुलाकर वार्ता की और मामले को शांत कराया। तत्पश्चात ग्राम प्रधान को बुलवाकर काली का चौरा के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ करा दिया। ऐतिहातन मौके पर एक दरोगा सहित चार सिपाहियों को तैनात कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी का कहना है कि देवी का स्थान काली चौरा दौलतपुर के हिन्दूओं की आस्था का केंद्र है। बगल में गैर संप्रदाय के व्यक्ति का खेत है। साजिश के चलते किसी शरारती तत्व ने रात काली का चौरा को क्षतिग्रस्त कर दिया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी का कहना है कि मौके पर पहुंच कर क्षेत्रीय कानूनगो लेखपाल की मौजूदगी में दोनों संप्रदाय के लोगों को बुलाकर समझाकर मामला शांत करा दिया गया। काली चौरा के चबूतरे का पुनर्निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया है। फिलहाल कोई तनाव जैसी स्थिति नहीं है।

**▶▶ एसडीएम सोहावल व सीओ ने किया निरीक्षण, काली चौरा का कराया पुनर्निर्माण**

## बिना पूर्व सूचना के बंद कर दी पेयजल आपूर्ति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या नगर निगम ने बिना पूर्व सूचना 24 घंटे के लिए पानी सप्लाई को ही बंद कर दिया, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई। इससे अयोध्या धाम के रायगंज, हनुमान गढ़ी जलवानपुरा का क्षेत्र प्रभावित रहा। बताया जा रहा है कि बुधवार कि सुबह 5 बजे से लेकर गुरुवार को सुबह 9 बजे तक समस्या रही। निशेद्र मोहन मिश्र ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी सुनना नहीं चाहते। आरोप लगाया कि इसकी शिकायत के लिए फोन किया गया तो उठा हीं नहीं।



नगर निगम के जलकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अयोध्या क्षेत्र में लगातार हो रहे कार्य के कारण सप्लाई को बाधित करना पड़ा। उनके मुताबिक इसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दे दी गई थी।

## दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

तारुन/ मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** जिले के दो थाना क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई।

पहली दुर्घटना बुधवार देर शाम तारुन नंसा मार्ग पर हुई, जिसमें बेलगरा मजरे कनपुरिया निवासी राजकुमार निषाद पुत्र स्वर्गीय राम सकल निषाद की मौत हो गई। बताया जाता है कि बुधवार की शाम तारुन नंसा मार्ग बेलगरा के पास घर आते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पहले सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया। वहां पर भी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिवार वालों ने प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान सुबह घायल की मौत हो गई।

वहीं दूसरी दुर्घटना मिल्कीपुर के अटेसर गांव में हुई। जहां कटीले तार की चपेट में आने से अटेसर गांव निवासी आकाश सिंह उर्फ शिवम सिंह पुत्र स्वर्गीय आलोक सिंह की मौत हो गई। बताया जाता है कि बुधवार की देर रात वह अटेसर चौराहे से रेवली गांव जा रहा था। तभी रास्ते में युवक की बाइक अनियंत्रित होकर छुट्टा मवेशियों से फ़सल की रखवाली के लिए लगाई गई कंटीले तार की बाड़ में टकरा गई। अधिक रक्त स्राव होने के चलते युवक की मौत हो गई। थानाध्यक्ष खण्डासा विवेक कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**सार-संक्षेप**

### नव नियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक का किया गया स्वागत

**अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला संरक्षक सत्य नारायण तिवारी के नेतृत्व में नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन कुमार तिवारी से मिला। महासंघ की ओर से डीआईओएस का स्वागत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की जो भी समस्याएं संज्ञान में आएंगी उनका अतिशीघ्र निस्तारण कराया किया जाएगा। प्रदेश महासचिव अवधेश मिश्र, प्रदेश सचिव रामेंद्र प्रताप सिंह, मंडल संयोजक गोपीनाथ श्रीवास्तव, जिला संयोजक अक्षत पाण्डेय, जिला मंत्री अजीत कुमार चतुर्वेदी, पवन कुमार सैनी, अरविन्द कुमार, मनोज कुमार मिश्र, सुखराम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### संचारी रोग और दस्तक अभियान को लेकर हुई तैयारी बैठक



संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक करते सीएचसी अधीक्षक।

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार :** संचारी रोग और दस्तक अभियान को लेकर सीएचसी मसौधा में तैयारी बैठक हुई, जिसमें क्षेत्रवार स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचारी रोग के सफाए और डोर टू डोर टीकाकरण के लिए दस्तक अभियान की सफलता के लिए टॉस्क फोर्स का गठन किया गया। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को 1 से 31 अक्टूबर तक ब्लाक क्षेत्र में चलाए जाने वाले संचारी और दस्तक अभियान पर विस्तृत जानकारी दिया। ब्लॉक मोबिलाइजेसन कोआडिनेटर धीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर शून्य से पांच साल के बच्चों का 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा। सीडीपीओ दिनेश कुमार ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं को अभियान में युद्ध स्तर पर सहयोग करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अफजाल, अर्चना सिंह, वंदना सिंह मौजूद रहे।

### साप्ताहिक अभियान पूरा, पकड़े गए कुल 119 मवेशी

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** 1 से 7 सितंबर तक छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गौ संरक्षण केन्द्र भिजवाने के लिए चलाया गया पशुपालन विभाग का विशेष सप्ताह समाप्त हो गया। अभियान के तहत विकास खंड में कुल 119 मवेशियों को ही विभाग पकड़वा पाया। इससे कहीं ज्यादा अभी हाईवे सहित क्षेत्र में छुट्टा मवेशी घूम रहे हैं। अभियान में ब्लॉक के सफाई कर्मी से लेकर पशु पालन विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया था, लेकिन सब कागजों में सिमट कर रह गया। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि ब्लाक के कर्मचारियों द्वारा मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाता है और पशु विभाग के डॉक्टरों द्वारा टैग करके फीड किया जाता है।

### श्री राम अस्पताल के पास सड़क पर बह रहा पानी



श्री राम अस्पताल के सामने सड़क पर बहता पानी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्री राम अस्पताल के सामने रेलवे स्टेशन मार्ग पर चल रहे निर्माण के कारण बीते 15 दिनों से पाइप लाइन फटी होने के कारण पीने वाला पानी सड़कों पर बह रहा है, लेकिन यह किसी भी अधिकारी को नजर नहीं आ रहा है। राहुल के मुताबिक पानी के कारण कीचड़ फैला हुआ है। कई बार अधिकारी भी निरीक्षण करने यहां पर आ चुके हैं, लेकिन इस पर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

### शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती पर व्याख्यान कल

**अयोध्या। अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान 28 सितंबर को शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती मनाएगा। संस्थान के सदस्य और पदाधिकारी प्रातः आठ बजे नगर निगम स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर एकत्र होकर माल्यार्पण करेंगे। संस्थान के सेक्रेटरी विश्व प्रताप सिंह अंशू ने बताया कि इस अवसर पर स्वतंत्रता के लिए चलाए गए संघर्ष पर प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पांडेय का एकल व्याख्यान होगा।

### लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष तिवारी ने गुरुवार विधानसभा बीकापुर के नगर पंचायत सुचितागंज खिरौनी वार्ड नंबर 6 बूथ संख्या 107 विशुनपुर सारा पश्चिमी में लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर रविशंकर दुबे, देव प्रकाश सिंह, रजत सिंह, अरुण सिंह, हिमांशु दुबे, किष्णकुमार सिंह, हरि लाल मौर्य, लालबहादुर वर्मा, आशोक यादव आदि मौजूद रहे।



रामपथ के किनारे पेड़ के अचानक टूटकर गिरने से दबा वाहन।

## रामपथ पर गिरा पेड़, बाइक-स्कूटी क्षतिग्रस्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में रामपथ पर मनोहरलाल इंटर कॉलेज किनारे स्थित एक पेड़ गुरुवार की दोपहर हवा के झोंके से अचानक टूटकर गिर पड़ा। हादसे में सड़क किनारे खड़ी बाइक-स्कूटी और तीन लोग चपेट में आ गए। हालांकि किसी को ज्यादा चोट नहीं आई है। पुलिस ने नगर निगम की टीम बुलवा टूटी डाल को कटवा किनारे करवाया है। इस दौरान कुछ देर तक रामपथ के एक लेन पर यातायात बाधित रहा। रामपथ पर रिकाबगंज क्षेत्र स्थित मनोहरलाल इंटर कालजे के मुख्य द्वार के निकट एक जंगली पेड़ था। पेड़ के गिरने की आवाज सुनकर बगल स्थित कार्यालय से सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना नगर निगम को भेजवाई। चपेट में आए तीन वाहन जिला अस्पताल आए तीमारदारों के थे। पास ही बाइक मरम्मत की दुकान चलाने वाले छोटू ने बताया कि डाल पतली होने के चलते वाहनों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि डाल को कटवा किनारे करवा आवागमन बहाल करवा दिया गया।

# आरक्षित वर्ग की भूमि की खरीद-बिक्री में खेल का पर्दाफाश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जमीन कारोबार में फर्जीवाड़े की खबरें तो अक्सर चर्चा में आती रहती हैं, लेकिन दलित वर्ग की जमीन का बैनामा हासिल कर मोटा मुनाफा कमाने के लिए एक बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से बिहार निवासी मजदूर को अनुसूचित जाति के एक शख्स का दत्तक पुत्र घोषित करवाया गया और फिर मजदूर का जाति प्रमाण पत्र बनवा जमीन की खरीद-बिक्री का खेल हुआ। शिकायत पर मामले की जांच हुई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। इस फर्जीवाड़े में अब एसएसपी से शिकायत कर कानूनगो, लेखपाल समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**▶▶ जांच में खुलासा, कानूनगो लेखपाल समेत अन्य पर केस**

**▶▶ बिहार निवासी का दत्तक पुत्र दिखा बनवाया अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र**

महराजगंज थाना क्षेत्र के जलालुद्दीन नगर, पूराबाजार निवासी देवेश सिंह का कहना है कि उनके गांव के अवधेश प्रताप सिंह व शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की भूमि का बैनामा करवा इसकी बिक्री कर मोटा मुनाफा हासिल करने के लिए अपने यहां काम काम करने वाले बिहार प्रान्त के आनन्द कुमार को मांझा मूड़ाडीहा निवासी मृतक भैरोप्रसाद पुत्र सुखदेव का दत्तक पुत्र घोषित करवा दिया। इतना ही नहीं राजस्व कर्मी तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल रामदेव व प्रभारी राजस्व निरीक्षक उमाशंकर सिंह की मिलीभगत से आनंद कुमार का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र भी जारी करवा लिया। इसके बाद भैरोदीन निवासी रामपुर बेनीपुर थाना हंसवर, जिला अम्बेडकरनगर की मिली भगत से प्रॉपर्टी डीलिंग का गोरखधंधा शुरू हो गया। उन्होंने 2 मई 2023 को जिलाधिकारी को प्रकरण की जांच और रिपोर्ट दर्ज कराने की शिकायत दी तो जांच के बाद 2 अप्रैल 24 को आनंद का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। आनंद कुमार ने आयुक्त की अध्यक्षता में गठित मण्डल स्तरीय अपीलीय कमेटी में अपील की, लेकिन उसे वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। ऐसे में नियम-कानून के मुताबिक आनंद कुमार की ओर से अपने सहयोगियों के साथ छल-कपट, कूटरचना से हासिल फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर क्रय-विक्रय की गयी भूमि व सम्पत्ति को जब्त किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने सभी जांच रिपोर्ट और आदेश की प्रति संलग्न करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर क़ानूनी कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया है और इस साजिश तथा गोरखधंधे में शामिल लोगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

> प्रकरण में नगर कोतवाली पुलिस ने छह के खिलाफ साजिश, धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की विवेचना कराई जा रही है। **- शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर**

**परियोजना** | खड़े हो सकेंगे 474 वाहन, खरीदारी के लिए दुकान व ठहरने की भी होगी व्यवस्था

# 53 करोड़ रुपये से रामकोट में बनाई जाएगी बहुमंजिला पार्किंग

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को राममंदिर के निकट वाहन पार्किंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए धर्मार्थ कार्य विभाग ने कवायद तेज कर दी है। राममंदिर के निकट कटरा मोहल्ले में 474 वाहन क्षमता की स्वचालित बहुमंजिला मशीनीकृत पार्किंग का निर्माण कराया जाना है। इसमें पार्किंग के साथ श्रद्धालुओं को इसी परिसर में भोजन-जलपान और ठहरने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी।

राममंदिर के निकट रामकोट मोहल्ले में ही पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से बहुउद्देशीय बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण की योजना बनाई थी, जिसको लेकर शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने राम मंदिर के निकट टेढ़ी बाजार-नयाघाट मार्ग पर अशर्फी भवन बैरियर के निकट नजूल विभाग की 2.13 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई थी। जमीन की उपलब्धता के साथ विभाग की ओर से नियोजन विभाग के ईपीसी मिशन तकनीकी सेल से विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराई थी। अब नियोजन विभाग के अधीक्षण अभियंता की ओर से प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है।



प्रतीकात्मक

### 9 सितंबर को परियोजना की मिली थी स्वीकृति

शासन की ओर से धर्मार्थ कार्य विभाग की 6504.34 लाख की इस परियोजना को 9 सितंबर को प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृत प्रदान की थी। साथ ही स्वचालित बहुमंजिली मशीनीकृत पार्किंग तथा अन्य निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में कुल लागत की 35 फीसदी धनराशि 2276.52 लाख रुपये अवमुक्त किया था।

### डबल बेसमेंट और चार मंजिला होगी पार्किंग

ईपीसी मोड पर 8621.06 वर्ग मी. में 53 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस पार्किंग योजना में डबल बेसमेंट और चार मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा। बेसमेंट-1,2 व भूतल और इसके ऊपर दो मंजिल में 474 कार खड़ी करने की क्षमतायुक्त पूर्ण मशीनीकृत पजल कार पार्किंग बनाई जाएगी, जबकि परिसर के दो मंजिला भवन में 6-6 कुल 12 दुकानों व भूतल पर महिला-पुरुष व दिव्यांग के लिए शौचालय और विद्युत उपकेंद्र तथा कार्यालय का निर्माण होगा। साथ ही सीसीटीवी, लिफ्ट, यूपीएस, डीजी सेट, अग्निशमन कार्य, बोरिंग व पंप, फुटपाथ, सीसी रोड, स्ट्रीट लाइट, उद्यान, वर्षा जल संचयन आदि की व्यवस्था होगी।

### आवासीय भवन में बनेगा डॉरमेट्री और फेमिली रूम

योजना के तहत बेसमेंट व भूतल के साथ दो मंजिला आवासीय भवन होगा। बेसमेंट में 128 क्षमता का पुरुष डाइनिंग, भोजनालय, स्टोर आदि, भूतल पर 28 लोगों के लिए डारमेट्री, 3 बेडरूम सेट के दो फैमिली रूम, संयुक्त शौचालय, विद्युत कक्ष, प्रतीक्षालय व रिसेप्शन, प्रथम तल पर 32 लोगों के लिए डारमेट्री, 3 बेडरूम सेट के दो फैमिली रूम, संयुक्त शौचालय का निर्माण होगा, जबकि दूसरी तरफ महिलाओं के लिए बेसमेंट में 112 क्षमता का डाइनिंग, भोजनालय, स्टोर, विद्युत कक्ष आदि, भूतल पर 8 क्षमता का डाइनिंग, तीन बेडरूम सेट के दो फेमिली रूम, संयुक्त शौचालय, विद्युत कक्ष, प्रतीक्षालय व रिसेप्शन, प्रथम तल पर 20 लोगों के लिए डारमेट्री, 3 बेडरूम सेट के दो फैमिली रूम, संयुक्त शौचालय व सुरक्षा गार्ड के लिए दो केबिन का निर्माण कराया जाएगा।

# जिला स्तरीय कबड्डी व बैडमिंटन के विजेता व उपविजेता हुए पुरस्कृत

## कबड्डी प्रतियोगिता में आठ व बैडमिंटन में 140 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को बैडमिंटन व कबड्डी बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया और बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक व बालिका वर्ग में 140 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि अपर आयुक्त नगर जेपी पाण्डेय ने कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीमों सहित बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि पाण्डेय को उपक्रीड़ाधिकारी शकील अहमद अंसारी ने स्वागत किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी मो. शकील, विवेक कुमार, अनूप दुबे, बबलू कुमार, एजाज अहमद, सीडी सिंह, कोच, खिलाड़ी, सभी उपक्रीड़ाधिकारी, समस्त अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक प्रशिक्षिका एवं निर्णायक सहित क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।



जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

### सिद्धार्थ, सूर्यांशु तथा निष्ठा व अंशिका ने जीता बैडमिंटन एकल खिताब

जूनियर बालक व बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कुल 80 खिलाड़ियों ने तथा बालिका वर्ग में 52 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंडर- 17 एकल बालक वर्ग में सिद्धार्थ सिंह विजेता व अविरल यादव उपविजेता रहे। युगल बालक में शिवांश जायसवाल व सिद्धार्थ सिंह विजेता तथा विकास व अग्रिम उपविजेता रहे। एकल बालिका वर्ग में निष्ठा वर्मा विजेता व श्रेया पाल उपविजेता रहीं। युगल बालिका में श्रेया पाल व निष्ठा वर्मा विजेता तथा दिव्या व उज्ज्वला पाल उपविजेता रहीं। अंडर-19 एकल बालक में सूर्यांशु त्रिपाठी विजेता व आशुतोष मिश्र उपविजेता रहे। युगल में आशुतोष मिश्र व आयुष मिश्र विजेता तथा शौर्य सिंह व ओम अग्रहरि उपविजेता रहे। एकल बालिका वर्ग में अंशिका सिंह विजेता व काजल राज उपविजेता रहीं। युगल बालिका में लक्ष्मी व अंशिका सिंह विजेता तथा काजल राज व श्रेया सिंह उपविजेता रहीं।

### बालिका कबड्डी में पानी संस्थान तारुन विजेता

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे दिन गुरुवार को जिला स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पानी संस्थान तारुन व पानी संस्थान जाना बाजार टीमों के बीच खेला गया। जिसमें पानी संस्थान तारुन टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर पानी संस्थान जाना बाजार टीम पर जीत दर्ज कर जूनियर बालिका बालिका कबड्डी का खिताब जीत लिया।

# निकाह का झांसा देकर किया दुष्कर्म, केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रिश्ते में फुफेरी बहन को शादी का झांसा देकर एक युवक ने शारीरिक संबंध बनाए फिर शादी के ही नाम पर नकदी, जेवरात मंगवाने के बाद कानपुर ले जाकर दुराचार किया। इसके बाद युवक उसे वहीं छोड़ कर फरार हो गया। पीड़िता किसी तरह घर लौटकर आयी और संपर्क किया तो आरोपी की बहन ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है। इस गांव की रहने वाली युवती अनाथ है। उसका कहना है कि उसके मामू के बेटे कादिर निवासी थाना कोठी ने उससे शादी का झांसा देकर दो साल तक शारीरिक सम्बंध बनाए। जब वह शादी करने के लिए कहती तो कादिर टालमटोल करता रहा। गत 7 सितंबर को पूर्वाहन 11.30 बजे कादिर ने उसके मोबाइल पर फोन करके घर से बाहर बुलाया, कहा कि अपने घर से कुछ रुपये व जेवरात लेकर आओ, तो चल कर शादी कर लेंगे। वह अपने घर जाकर 10 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी पायल, झुमकी लेकर कादिर के पास पहुंची। कादिर व उसका दोस्त हामिद पुत्र अज्ञात बाइक पर बैठाकर उसे लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन लेकर गये। वहां से ट्रेन से कानपुर पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि कानपुर पहुंचकर कादिर ने उसके साथ दुष्कर्म किया फिर रुपये व जेवरात ले लिये। उसे एक स्थान पर बैठाकर कहा कि अभी वह आता है। वह 4 घंटे तक वहीं बैठककर इंतजार करती रही और फोन मिलाती रही, लेकिन कादिर ने फोन नहीं उठाया। वह किसी तरह कानपुर से अपने घर आयी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर

पत्रांक मु0चि0अ0/चि0अ0/विज्ञापन/2024–25/9865–02 दिनांक – 26/09/2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक 157/ एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / डैप–एच0आर0/2024–25/3205 दिनांक 28.08.2024 एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद बलरामपुर के अनुमोदन दिनांक 12.09.2024 के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया (डी0वी0पी0) एवं साक्षात्कार के माध्यम से संविदा के रिक्त पदों पर दन्त शल्यकों (बी0डी0एस0) की भर्ती प्रक्रिया के निर्देश हैं। रिक्त पदों पर तैनाती जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से किये जाने हेतु निम्नानुसार आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| S.No. | Programmo Namo | Position Name | Facility Name | Educational Qulification | Experience required If any | Total Vacancies | Approved Honorala for Vacant Position per month (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | National Oral Health Program | Dental Surgeon | Oral Health Unit DCH, Balrampur | BDS | At least 3 Year WorkingExperience in Hospital Institute Setup. | 01-UR | 50000.00 |

**आवेदन हेतु निर्देश :–** 1आवेदन–पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 06 अक्टूबर, 2024 तक सांय 5रू00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किये जायेगें। 2आवेदन प्राप्ति के उपरांत स्क्रीनिंग में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को विकास भवन, सभागारअ बलरामपुर के कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया जायेगा। 3उपरोक्त पदों पर दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया (डी0वी0पी0) एवं साक्षात्कार के हेतु बुलावा पत्र / टेलीफोन/ई–मेल के द्वारा सूचना दी जायेगी। 4 इच्छुक अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया (डी0वी0पी0) एवं साक्षात्कार के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, 02 नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वाप्रमाणित प्रतियों के 1 सेट के साथ कराया जाना अनिवार्य है। 5 यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण कोई दावा नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। 6 उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरन्त आगे बढ़ाया जा सकता है। 7 साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा। 8 चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी। 9 इच्छुक अभ्यार्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो। कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति / राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यथद्ध की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर    जिलाधिकारी बलरामपुर



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**सूचना**

मैने अपना नाम USMAN से बदलकर MOHD USMAN KHAN रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना वा पहचाना जाये। **S/O: MUNNOO KHAN R/O: SIRTAAJ NAGAR, PO- KHORHSA, KHIRABHA, GONDA.**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा कक्षा 10, अनुक्रमांक 1110927 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गयी है। **जितेन्द्र कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम भेथरा माधव थाना व तहसील महमूदाबाद जिला–सीतापुर।**

**सूचना**

मैं रियाज, पुत्र अल्लाउदीन निवासी –EI 27 मोती झील पांडे का तालाब ऐशबाग, लखनऊ जिसका की आवंटन पत्र जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था, जोकि कही रखी गया है जिसका की मेरे अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अमान्य है, और गैर कानूनी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै MUSLIM RAZA S/O ABRAR KHAN निवासी ग्राम– परसोहनी रामपुर बस्ती, थाना –हरदत्त नगर गिरंट, जनपद – श्रावस्ती ने अपना MUSLIM RAZA से बदल कर MUSLIM RAZA KHAN कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र राजकुमार तथा उनकी पत्नी खुशबू देवी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राम रंगीले पांडेय ग्राम नरायनपुर मझारी पूरे दिन्मनजोत जिला बलरामपुर।**

**सूचना**

मैं कुसुम तिवारी पत्नी श्री अष्टभुज प्रसाद निवास– म. न. 27, पुरदिलपुर, गोरखपुर, उ.प्र. का नाम भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमाणपत्र स. 000174630 में कुसुम त्रिपाठी अंकित है जबकि मेरे आधार व पेन कार्ड मैं मेरा नाम कुसुम तिवारी है। मैं घोषणा करती हूं कि कुसुम त्रिपाठी व कुसुम तिवारी दोनों नाम मेरे ही हैं। – **कुसुम तिवारी**

**सूचना**

सूचनार्थ, मैं लक्ष्मी रावत पत्नी स्व0 भीमसेन रावत निवासिनी 554/1294, पवनपुरी आलमबाग, लखनऊ–226005 की हूँ। मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश ज्योति अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा वास्तविक व सही नाम लक्ष्मी रावत अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम के ही महिला के है। भविष्य में मुझे लक्ष्मी रावत के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा के अंकपत्र सहप्रमाण पत्र मे मिथलेश तथा जन्मतिथि 25–03–1994 अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम सोनम पत्नी जगदम्मा व जन्मतिथि 01–01–1991 अंकित है। अब मुझे मिथलेश पत्नी जगदम्बा के नाम से जाना पहचाना जाए। **मिथलेश पत्नी जगदम्बा निवासिनी ग्राम अनंतपुर पोस्ट वीरपुरभोज जिला गोंडा।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम रुस्तम सिंह के स्थान पर भिक्खु रक्खितानन्द पुत्र शिव सिंह कर लिया है। भविष्य में मुझे भिक्खु रक्खितानन्द के नाम से ही जाना जाये। **भिक्खु रक्खितानन्द पुत्र शिव सिंह निवासी दुगावली संतोषपुर घाट जिला इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंकुर शुक्ला पुत्र रमाकान्त शुक्ला, निवासी– म0नं0 153 चांऊपुर, डाकखाना बेहटा रमपुरा, ब्लाक व थाना हरपालपुर, तहसील –सवायजपुर जिला हरदोई,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंग्रेजी LALTA अंकित हो गया है। जो कि गलत है जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का वास्तविक नाम अंग्रेजी में LALITA DEVI ही है जो सही व शुद्ध है। मेरी माता जी को ललिता देवी LALITA DEVI पत्नी रमाकान्त शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का सही नाम अंकित किया जाये।

**सूचना**

मेरी पुत्री शफक हाशमी (SHAFAQ HASHMI) के कक्षा 5 की टीसी में मेरा नाम त्रुटिवश SABEENA BANO अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SHABEENA BANO अंकित है, जो कि सही है। उक्त दोनों नाम एक ही, मुझे SABEENA BANO व SHABEENA BANO से जाना एवं पहचाना जाए। शपथी:– **शबीना बानो (SHABEENA BANO) पत्नी रशीद अहमद हाशमी (RASHEED AHAMAD HASHMI) निवासी मलिकपुर पोस्ट– पखरौली, जिला सुलतानपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र साहस श्रीवास्तव दून ग्लोवल स्कूल झाझरा देहरादून का विद्यार्थी है। विद्यालय के शैक्षिक अभिलेखों में साहस श्रीवास्तव पुत्र निरंजन श्रीवास्तव दर्ज है। लेकिन इंग्लिश में NIRANJAN SRIVASTAVA दर्ज हो गया है, जबकि वास्तविक नाम NIRANJAN SRIVASTAV है। **निरंजन श्रीवास्तव पुत्र दिनेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी सब्जीमंडी के पास, गोविंद बाग बलरामपुर यूपी, हाल निवासी पुराने पोस्ट आफिस के पास सेलाकुई तहसील विकानगर जिला देहरादून।**


### कार और 10 लाख रुपये न मिलने पर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। **अमृत विचार** : दहेज में कार व प्लाट खरीदने के दस लाख रुपये नहीं मिले तो पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पति की धमकी से डरी विवाहिता ने कई दिन बाद पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बंसल पेट्रोल पंप के सामने लौताबाग के रहने वाले अकील अहमद की पुत्री निशा खातून ने तहरीर में कहा है कि उसका निकाह मोहम्मद शाहरूख निवासी राजाजीपुरम अमन बिहार कालोनी थाना तालकटोरा लखनऊ से 23 मार्च 2021 को हुआ था। पिता ने हैसियत के मुताबिक उपहार दिया था किन्तु इससे शाहरूख व सास परवीन जहां खुश नही थे। शादी के बाद से ही पति व उसकी मां दहेज में कार व प्लाट के लिए 10 लाख की मांग करते रहे, जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। इसी मध्य एक बच्ची का जन्म हुआ, वह अपने मायके में रह रही थी। 17 सितंबर की शाम पति शाहरुख उसके घर आया और दहेज की मांग करने लगा। उसने अभद्रता करते हुए तीन तलाक भी दे दिया। जाते समय धमकी दी कि इस घटना की रिपोर्ट कही दर्ज कराई तो जान से हाथ धो दोगी।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत

मसौली, बाराबंकी। **अमृत विचार** : गुरुवार की देर शाम बूंदाबुंदी के दौरान ग्राम रहरामऊ मे 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन से उतरे करंट की चपेट में आने से मौक़े पर ही भैंस की मौत हो गयी। भैंस को बचाने के दौरान करंट की चपेट में आने से घायल हुए पशुपालक की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे मौत हो गयी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहरामऊ निवासी 47 वर्षीय ओमप्रकाश गुरुवार देर शाम भैंस चराकर घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान बारिश होने लगी। कैलाश यादव पुत्र हरद्वारी के खेत के निकट से गुजरी 11 हजार हाइटेंशन विद्युत लाइन के अर्थिंग करंट की चपेट में आने से भैंस तड़पने लगी। जिसे बचाने के दौरान पशुपालक ओमप्रकाश भी करंट के चपेट में आ गया। जानकारी पर जब तक परिजन पहुंचते तब तक भैंस की मौत हो गयी थी तथा ओमप्रकाश अचेत पड़ा था। जिसे आनन फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव लेकर गये। जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंची सफदरगंज व मसौली पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद- बहराइच

पत्रांक :– 105/मु0न0सृ0योजना/नि0का0/ई–टेण्डर/न0पं0प0/2024–25 दिनांक :–25.09.2024

**ई–निविदा सूचना– तृतीय चरण**

आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के पत्रांक–104 / मु0न0सृ0योजना / नि0का0/ ई–टेण्डर/न0पं0प0/ 2023–24 दिनांक 25 सितम्बर, 2024 द्वारा मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना मे स्वीकृत 24 निर्माण कार्यो में से 07 निर्माण कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 01.10.2024 को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 21.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2024–25 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों में A,B,C, एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग–अलग आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा खुटेहना में मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना (CMNSY N.P. PAYAGPUR BAHRAICH) के नाम से संचालित बचत खाता संख्या– 50100487453375 IFS code HDFC0003844 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, हँसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 21–10–2024 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण तथा नियम व शर्तो की जानकारी ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है–

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद–बहराइच

नामित अध्यक्ष/उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद–बहराइच



## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद- बहराइच

पत्रांक :– 107/मु0न0सृ0यो0/2024–25(द्वितीय चरण)/नि0का0/ई–टेण्डर/न0पं0प0/2024–25 दिनांक :–25.09.2024

**ई–निविदा सूचना**

मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 हेतु द्वितीय चरण में नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना के स्वीकृत अवशेष 09 निर्माण कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.09.2024 को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 22.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2024–25 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों में A,B,C, एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग–अलग आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा खुटेहना में मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना (CMNSY N.P. PAYAGPUR BAHRAICH) के नाम से संचालित बचत खाता संख्या– 50100487453375 IFS code HDFC0003844 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, हँसियत / चरित्र प्रमाण पत्र / पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 22.10.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धक्सुशि, निविदा मूल्य सहित विवरण ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद–बहराइच

नामित अध्यक्ष/उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद–बहराइच



## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद - बहराइच

पत्रांक :– 109/रा0वि0आ0/नि0का0/ई–टेण्डर/न0पं0प0/2024–25 दिनांक :–25.09.2024

**ई–निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक– 108 / रा0वि0आ0/नि0का0/ ई–टेण्डर / न0पं0प0/2024–25 दिनांक 25 सितम्बर, 2024 के द्वारा राज्य वित्त आयोग अनुदान के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में स्वीकृत 02 निर्माण कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30–09–24 को दोपहर 2:30 बजे से दिनांक 22–10–2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2024–25 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों में A,B,C एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की गई है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग–अलग आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा सोहरियावां, बहराइच में संचालित बचत खाता संख्या– 39299996124 IFS code SBIN0009394 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, हँसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 22–10–24 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद–बहराइच

नामित अध्यक्ष/उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद–बहराइच

# प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द कराएं पूर्ण : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में अकबरपुर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी बीना सिंह।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के शहरी निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और सीएम डैशबोर्ड प्रगति की बिंदुवार समीक्षा किया।

समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि जनपद में कुल 20 हजार 125 स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 19 हजार 881 को प्रथम किश्त, 19 हजार 667 को द्वितीय किश्त और 17 हजार 973 लाभार्थियों को तृतीय किश्त की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। जनपद में अब तक 18 हजार 525 लाभार्थियों के आवास रूफ छत स्तर तक पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 90.23 प्रतिशत आवासों का संपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन आवासों से संबंधित लाभार्थियों और अभी तक आवास निर्माण न प्रारंभ करने वाले लाभार्थियों को प्रेरित कर तीव्र गति से निर्माण कार्य शुरू करने के लिए संबंधित अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने योजना अंतर्गत लाभार्थियों के पात्रता जांच, सत्यापन के अवशेष कार्य को आगामी दो दिवस में पूर्ण करने और जांच में पत्र पाए गए लाभार्थियों के खाते में तत्काल प्रथम किश्त को भेजने के निर्देश पीओ डूडा को दिए दिए हैं। उन्होंने अपात्र पाए गए लाभार्थियों से संबंधित सर्वेयर के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाही के लिए पीओ डूडा को निर्देश दिए हैं।

### 29 लाभार्थियों को वितरित किया ऋण

जिलाधिकारी द्वारा पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रगति की समीक्षा किया। जिसमें अवगत कराया गया कि उक्त योजना नगर पालिका परिषद अकबरपुर, टांडा और जलालपुर में संचालित है। जिसमें स्वतं रोजगार योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 29 लाभार्थियों को बैंकों द्वारा ऋण वितरित किया है।

### समूह की महिलाओं को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

सामाजिक गतिशीलता और संस्थागत विकास योजना के तहत शहरीय गरीब महिलाओं में बचत की भावना पैदा करने और सामाजिक गतिशीलता लाने के लिए प्राप्त लक्ष्य 32 के सापेक्ष 25 समूह का खाता खुलवाया जा चुका है। जिलाधिकारी ने बैंकों में लंबित समूहों के खातों को संबंधित बैंक से समन्वय कर शीघ्र खुलवाने और योजना से सभी को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने समूह की महिलाओं को सुगमता से समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचाने, उन्हें बेहतर और गुणवत्ता परक उत्पादों के उत्पादन के लिए मार्गदर्शन और तकनीकी जानकारी देने के साथ ही उन्हें उत्पादों का अच्छा बाजार भाव दिलाने के लिए सहयोग करने के निर्देश दिए है।

### योजनाओं में प्रगति लाने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की भी समीक्षा की गई और समस्त योजनाओं में शासन के मंशानुसार अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी, पीओ डूडा, अकबरपुर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी बीना सिंह समेत नगरी निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी और सर्वेयर मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गैंगरेप का एक और आरोपी दबोचा गया

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** शौच कर वापस लौट रही किशोरी के साथ तीन लोगों के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री बीते 18 सितंबर को सुबह घर के बगल से शौच करके वापस आ रही थी। उसी समय तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया व जान से मारने की धमकी दी। दो दिन पूर्व पुलिस ने आरोपी उमेर खान को गिरफ्तार किया। दूसरा आरोपी आदर्श कुमार को भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर।** कोतवाली टांडा पुलिस ने न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा इंस्पेक्टर दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि वर्ष 1998 में दर्ज मुकदमे में न्यायालय में पेशी पर हाजिर न होने पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने पर उसके अनुपालन में अभियुक्त वीरेंद्र त्रिपाठी पुत्र काशी राम और अजय त्रिपाठी पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम पुरा विश्राम को थाने के उपनिरीक्षक राकेश खरवार द्वारा हमराही सिपाहियों के साथ उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का सम्बंधित न्यायालय चालान भेज दिया गया है।

### सछास ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अंबेडकरनगर।** समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के निकट प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में फीस में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को शिक्षा जारी रखने में मुश्किलें हो रही हैं। अध्यक्ष निखिल जायसवाल ने कहा कि महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव न कराए जाने के निर्णय से मनमानी और भी बढ़ रही है। छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर मनमानी की जा रही है।

### पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अभियुक्त

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** लूट की धारा में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को जलालपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि चोरी का सामान खरीदने और लूट के अपराध समेत अन्य धाराओं में वांछित चल रहे आरोपियों को उप निरीक्षक राजीव सागर व टीम द्वारा मंगुराडिला पेट्रोल पंप के आगे भ_ो के पास से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम दिवाकर और अजय निवासी शाहपुर फिरोजपुर थाना कोतवाली तथा नीरज सोनी निवासी घसियारी टोला कोतवाली जलालपुर बताया है। पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

**अंबेडकरनगर।** एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, किसान आयोग गठित करने समेत कई अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के निकट धरना दिया। उन्होंने कहा कि किसान समस्याओं से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उसे दूर करने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष हनुमान इंसानी बाबा ने कहा कि किसानों के हित को देखते हुए किसान आयोग का गठन किया जाए। इससे किसानों की समस्याओं का निस्तारण बेहतर ढंग से हो सकेगा। एमएसपी कानून लागू न होने से किसानों को उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने की मांग को भी पूरा नहीं किया जा रहा है।

## चोरों ने बाइक किया पार, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** तेरहवीं में शामिल होने आए रिश्तेदार की बाइक गायब हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के सलाहुद्दीनपुर का है। पीड़ित पवन कुमार निवासी शाहपुर कुरमौल थाना टांडा ने तहरीर देते हुए बताया कि 15 सितंबर को उक्त गांव में तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। अपनी मोटरसाइकिल लॉक करके खड़ी कर दिया और खाना खाने के बाद जब वह वाहन के पास आया तो मोटरसाइकिल नदारत रही। काफी देर तक लोगों से पूछताछ किया, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दिया है।

# ससुराल आए युवक ने खुद को गोली मारकर दे दी जान

## राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बनकटा बुजुर्ग गांव का है मामला

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।



वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ व पुलिसबल।

**अमृत विचार।** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में ससुराल आए युवक ने पत्नी से हुए विवाद के बाद खुद को गोलीमार कर जान दे दिया। वारदात के बात क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक युवक हिस्ट्रीशीटर था और उसके ऊपर लगभग तीन दर्जन से अधिक मुकदमें भी दर्ज हैं।

बता दें कि राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा बुजुर्ग में ससुराल आए युवक ने खुद को गोली मार लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। मृतक राहुल यादव पुत्र रामजनम यादव उम्र लगभग तीस वर्ष निवासी ग्राम देवारा जदीद राधे का पूरा थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़ का निवासी था। जिसकी शादी थाना राजेसुल्तानपुर के ग्राम बनकटा बुजुर्ग महेंद्र यादव की पुत्री सुनीता यादव के साथ लगभग पांच साल पहले हुई थी। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक का शव अपनी अभिरक्षा में लेकर शव को शव विच्छेदन परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पति-पत्नी के बीच हुई विवाद के बाद घटना घटित हुई। जबकि एक दिन पहले ही पत्नी अपने दो बच्चों तीन वर्षीय बेटी व एक वर्षीय पुत्र के साथ मायके आई हुई थी। पुलिस के मुताबिक युवक राहुल नें अवैध असलहे से घर से कुछ दूरी पर गोली मारकर अपनी हत्या कर लिया। मृतक की जेब से पुलिस ने चार 315 बोर की जिन्दा कारतूस, एक 315 बोर का तमंचा जिसमें दगी कारतूस मौजूद थी, दो मोबाइल फोन और एक पावर बैंक बरामद किया है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी आलापुर रामबहादुर सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी ली और मातहतो को निर्देश दिए।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस को अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। शिकायती पत्र मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने चिल्ड्रेन पार्क का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल बिहार के कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में पीडी अनिल कुमार सिंह व ईओ अकबरपुर बीना सिंह।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा न्याय पथ पर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के पास विकसित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल बिहार के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सिविल लाइन क्षेत्र व उसके आस पास के निवासियों के लिए अब तस्रक कोई भी चिल्ड्रेन पार्क उपलब्ध नहीं था। जिसके चलते मुख्यमंत्री के प्रेरणा से इस पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल बिहार का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। इसके निर्माण हो जाने से यहां के नन्हे-मुन्हें बच्चों को खेलने का एक अच्छा पार्क उपलब्ध होगा। इसी के साथ ही इस छायादार बाल-बिहार में सिविल लाइन और उसके आस-पास के निवासियों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं को भी योगा व प्राणायाम की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि बाल बिहार में बच्चों के खेलने के लिए स्पाइरल स्लाइड, फाइबर स्लाइड, स्टैंडिंग प्लेटफार्म झूला, जाइंट स्विंग, सी-सा, बेंच और विभिन्न बहुउद्देशीय व आकर्षक खेल उपकरणों को लगाया गया है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को बाल बिहार के अवशेष फिनिशिंग कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, ईओ नगर पालिका परिषद अकबरपुर बीना सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** 30 सितंबर को होने वाले बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। उम्मीदवार डोर-टू-डोर पहुंच कर अधिवक्ताओं से समर्थन मांग रहे हैं। अधिवक्ता संघ के चुनाव अधिकारी अशोक कुमार मिश्र, दिनेश श्रीवास्तव और देवदत्त मौर्य ने कहा कि 27 सितंबर को अधिवक्ता संघ के प्रत्याशियों का दक्षता भाषण होगा। 167 अधिवक्ता वोटिंग करेंगे।

### एमएलसी ने दो सडकों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** एमएलसी हरिओम पांडेय ने कटेहरी विधानसभा क्षेत्र की दो सडक़ों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। दोनों सडक़ों के निर्माण से 12 गांव की 30 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। बता दें कि बीते दिनों साढ़े सात करोड़ की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत दरबपुर से आनंदनगर तक छह किलोमीटर सडक़ का निर्माण हुआ है। बुधवार को एमएलसी हरिओम पांडेय ने लोकार्पण कर कहा कि सडक़ के निर्माण से आसपास गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। इसके बाद एमएलसी ने राज्य सडक़ निधि योजना के तहत बीते दिनों स्वीकृत हुई बरही से रामबाबा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया। उन्होंने कहा कि सडक़ के निर्माणक से आवागमन के साथ ही क्षेत्र का विकास से होता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मदरसा शिक्षकों ने उठाया बकाया मानदेय का मुद्दा

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** मॉडर्न मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एसोसिएशन की बैठक अकबरपुर नगर के शहजादपुर में आयोजित हुई। जिसमें बकाया मानदेय और अंशदान भुगतान की मांग प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही तय किया गया कि 15 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद जमाल अहमद अंसारी ने कहा कि मदरसा शिक्षक समस्याओं से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनने वाला नहीं है। बकाया मानदेय व अंशदान का भुगतान भी नहीं हो रहा है। आधुनिकीकरण योजना के नवीनीकरण को लेकर कोई गंभीर नहीं दिख रहा। बीते दिनों केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री से मुलाकात की गई थी। समस्याओं के निस्तारण कर आश्वासन भी मिला था, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** बीते दिनों चोरी गयी मोटरसाइकिल को थाना अलीगंज पुलिस ने बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। थानाध्यक्ष अलीगंज राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने के उप निरीक्षक महेश कुंमार, हेड कॉन्स्टेबल हसीबुद्दीन सिद्दीकी व सिपाही अशोक कुमार और उवेश ने गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के खासपुर तिजरा ओवर ब्रिज के पास बीती रात उमेश वर्मा पुत्र वंशराज निवासी ग्राम मोहद्दीपुर थाना इब्राहिमपुर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त शातिर चोर बताया जाता है जिसके विरुद्ध पूर्व में अकबरपुर कोतवाली में भी पहले से चोरी का मूकदमा दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त का न्यायालय चालान कर दिया गया है।

### पुण्यतिथि पर याद किए बाबू तीर्थराज

**न्यौरी, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** समाज के सभी वर्गों के बच्चों को उत्तम एवं उच्च शिक्षा मिल सके इसी उद्देश्य से बाबा बिहारी लाल स्मारक महाविद्यालय एवं तीर्थराज इंटर कॉलेज आमादरवेशपुर न्यौरी की स्थापना करने वाले संरक्षक बाबू तीर्थराज यादव की प्रथम पुण्यतिथि गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर पैतृक आवास भटपुरवा अतरौलिया में भी यथार्थ गीता के पाठ के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाबू तीर्थराज यादव की जन्मभूमि भटपुरवा अतरौलिया होने के बावजूद उन्होंने अपने बड़े पुत्र स्वर्गीय जयप्रकाश यादव की कर्मभूमि न्यौरी आमादरवेशपुर को ही शिक्षा के लिए उचित समझा। शिक्षा के क्षेत्र में अति पिछड़े न्यौरी आमादरवेशपुर में उन्होंने अपने जीवन काल में ही कई महाविद्यालयों की स्थापना करके अशिक्षा को दूर करने का प्रयास किया। बाबू तीर्थराज के द्वारा इस निर्जन स्थान पर शिक्षा की अलख जगाई उसको उनके बड़े पुत्र स्वर्गीय जयप्रकाश यादव ने भी निरंतर आगे बढऩे का प्रयास किया गया था। संरक्षक बाबू तीर्थराज यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रबंधक वेद प्रकाश गोपाल, ओम प्रकाश गोपाल, सत्य प्रकाश गोपाल, ज्ञान प्रकाश गोपाल, ब्लाक प्रमुख रामनगर विकास यादव, डॉ. विवेक यादव सहित महाविद्यालय और इंटर कॉलेज के समस्त शिक्षक और समाज के अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### अटेवा संगठन ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** जनपद में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के नेतृत्व में गुरुवार को विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शहजादपुर के जेटली इंटर कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी किया। जेटली इंटर कॉलेज में एकत्रित होकर सभी कर्मचारी जिला मुख्यालय की ओर बढ़े और इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सडक़ों पर प्रदर्शन किया। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार कर्मचारियों को यूपीएस के माध्यम से गुमराह कर रही है, जिसे वे स्वीकार नहीं करेंगे। उनका कहना था कि हमें पुरानी पेंशन हर हाल में चाहिए। पुरानी पेंशन बहाल होगी तभी कर्मचारियों और उनके परिवारों का भला हो सकेगा। प्रदर्शन के अंत में कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें उन्होंने अपनी मांगों का समर्थन किया। इस विरोध प्रदर्शन में शिक्षा, विकास, राजस्व समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

### महिला की शिकायत पर पति, सास व ननद पर मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** दहेज को लेकर ससुराली जनों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम समेत नवविवाहिता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि मालीपुर थाना क्षेत्र के खजुरी करौदी गांव निवासिनी पूजा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी शादी 20 जून 2021 को शुभम श्रीवास्तव निवासी सैफई रोड दामोदर बजरंग कॉलोनी धौलपुर जनपद धौलपुर राजस्थान के साथ हुई थी। पति की मांग पर पिता द्वारा हैसियत के मुताबिक उपहार भी दिए गए और धूमधाम से मालीपुर के एक मैरिज हॉल में शादी संपन्न हुई। आरोप है कि विवाह में पिता द्वारा तिलक में 50 हजार नगद और एक अंगूठी व एक चैन दिया गया था, लेकिन ससुरालीजन इससे खुश नहीं थे और विदाई को तैयार नहीं हुए। पति शुभम श्रीवास्तव, सास रजनी, ननद काजल के द्वारा दो लाख रुपए व बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी और विदाई करने से इनकार करने लगे। नात रिश्तेदारों के समझाने बुझाने से किसी तरह विदाई हुई जब मैं अपने ससुराल पहुंची तो पति, सास, ननद के द्वारा मारने पीटने, गाली-गलौज व दहेज के नाम पर ताना दिया जाने लगा। मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडि़त किया जाता रहा। मेरे पास एक पांच माह का पुत्र भी है। 21 अगस्त 2024 को अयोध्या दर्शन करने के बहाने मालीपुर स्टेशन पर छोडक़र बच्चा छीन कर जाते हुए धमकी दिए अगर दो लाख रुपए और बुलेट गाड़ी नहीं दिए तो जान से मार दूंगा। नवविवाहित ने पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ से शिकायत किया। जिसके बाद मालीपुर पुलिस ने पति, सास व ननद के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

# लापरवाही बरतने पर एएनएम निलंबित व सीएचओ की सेवा समाप्ति का भेजा नोटिस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित गतिविधियों जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एचबीएनसी, मातृ मृत्यु परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, कायाकल्प, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि के साथ-साथ आशा योजना आदि कार्यक्रमों की समीक्षा किया।

जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में फीवर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने के लिए सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटेहरी के अन्तर्गत उपकेन्द्र खेमापुर में कार्यरत अरुन्धती गुप्ता एएनएम द्वारा राजकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरते जाने के कारण उनके निलम्बन करने और सीएचओ अनामिका शुक्ला की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने की संस्तुति की गई। समुदाय में संचारी रोग की सूचनाओं के ससमय आदान-प्रदान एवं गतिविधियों कियान्वयन के लिए प्रत्येक ब्लाक में अधीक्षक द्वारा ब्लाक स्तरीय अन्तविभागीय विभागों के अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग की प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओं सहित कर्मचारियों का वाट्सऐप ग्रुप बनाए जाने के लिए ब्लाक कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने जिला कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर को निर्देशित किया गया कि आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक से पूर्व ब्लाक स्तरीय ब्लाक कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजरों की बैठक बुलाकर आशा और जनसंख्या का असंतुलन सही करा लिया जाय। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा के लिए 30 सितम्बर को बैठक कराए जाने के लिए निर्देशित किया है।

# महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभालते अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव।

**अमृत विचार।** अदालत से वापस घर आ रही महिला कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। दुघर्टना को जमीनी विवाद से जोड़ते हुए मृतक महिला के पति की तहरीर पर सम्मनपुर थाना में विवाद से जुड़े विपक्षियों पर जान बूझ कर वाहन से टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। मामले में पुलिस ने प्राण घातक हमला, एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तदपश्चात महिला की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। कई मांगों को लेकर भीम आर्मी तथा ग्रामीणों ने जलालपुर के यादव चौराहे पर शव को रखकर रोड जाम कर दिया। प्रशासन ने मांगों को मानते हुए जाम खुलवा दिया है।

कोतवाली जलालपुर अंतर्गत नसोपुर गांव में दलित शिवचरन व जय सिंह के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। जिसे लेकर बीते 14 सितंबर को जयसिंह के पक्ष द्वारा शिवचरन के खेत मे स्थित ट्यूबवेल व हौज को अपना बताकर जेसीबी से तोड़ने को लेकर उपजे विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई। घायल महिला प्रेमशीला को जलालपुर पुलिस द्वारा बयान के लिए जनपद न्यायालय ले जाया गया था। वापस आते समय ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। मामलें में घायल महिला के पति की तहरीर पर सम्मनपुर पुलिस ने विवाद से जुड़े जय सिंह, हनुमान सिंह, भगवान सिंह, मोनी सिंह पर जानबूझ कर साजिश के तहत टक्कर मारने का आरोप लगाया। उधर, गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती महिला की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपजिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल, सीओ अजेय कुमार शर्मा, कोतवाल संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना क्रम पर नजर रखते हुए मुस्तैद रहे। वहीं, चार बजे शाम को महिला का शव जलालपुर पहुंचा तभी भीम आर्मी के निखिल राव, जिलाध्यक्ष जयसिंह राणा के नेतृत्व और ग्रामीणों ने शव को वाहन से नीचे उतारकर यादव चौराहे पर रख दिया। काफी देर तक पुलिस प्रशासन व भीम आर्मी के लोगों में नोक झोक होती रही। एएसपी श्याम देव, जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि, कटका थाना अध्यक्ष अजय प्रताप तथा मालीपुर थाना अध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी दलबल के साथ मौजूद रहे।

**आयोजन** सांसद और एमएलसी ने लाभार्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र, कहा – हर एक व्यक्ति को अवसर प्रदान करना है सरकार का लक्ष्य

# दिव्यांगों व पिछड़ों को मिले योजनाओं का लाभ :सांसद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देते राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद व एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी और जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप उर्फ मोनू सिंह।

**अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गुरुवार को आरएवी पब्लिक स्कूल इल्तिफातगंज में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभांवित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने फीता काटकर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि हमारी सरकार सभी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के लोग हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस शिविर के माध्यम से हमने जो स्वीकृति पत्र वितरित किए हैं वह केवल दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि यह उन लोगों के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि सरकार की सभी योजनाएं सही ढंग से लाभार्थियों तक पहुंचें। वहीं एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य हर एक व्यक्ति को उसकी क्षमता के अनुसार अवसर प्रदान करना है। इस शिविर के माध्यम से हम दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के लोगों को उनकी हक की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। यह हमारे समाज का कर्तव्य है कि हम दिव्यांगों को योजनाओं से लाभांवित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य ने किया। जबकि अन्य अधिकारियों में उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अनुपमा मौर्या, उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तपस्वी लाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल, कार्यक्रम के नोडल अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी छोटेलाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमारए, डीपीओ समाज कल्याण अमरजीत मौर्य सहित वरिष्ठ सहायक मनोज दुबे, प्रदीप उपाध्याय समेत अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत कुल 10 विभागों और सहयोगी प्रतिष्ठानों, संस्थानों के स्टॉल लगाए गए। सांसद और एमएलसी समेत अन्य लोगों ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में कुल लगभग 700 से 800 लोग लाभार्थियों सहित उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद, पूर्व विधायक संजू देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर उर्फ साधू वर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप उर्फ मोनू सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

सांसद और एमएलसी ने लाभार्थियों को शादी अनुदान के 25, ओ लेवल सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के 20 और दिव्यांग पेंशन योजना के 15 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और स्वीकृत पत्र का वितरण किया। शिविर में दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी को बढ़ाने और उन्हें सक्रिय रूप से लाभान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। यह प्रयास न केवल समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने में मदद करेगा, बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का भी काम करेगा।

## एक नजर

### अधीक्षक ने पीएचसी का निरीक्षण किया

**गोंडा।** सीएचसी खरगूपुर रुपईडीह के चिकित्साधीक्षक डॉ. अजय कुमार यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. वीर बहादुर सिंह से ओपीडी में देखे गए मरीजों की संख्या व उनके विभिन्न प्रकार की जांच किए जाने के बारे में जानकारी हासिल की।

### आवास योजना लाभार्थियों की जांची पात्रता

**गोंडा।** ग्राम पंचायत बराहेमा की खुली बैठक ग्राम प्रधान देवी प्रसाद मिश्र की देखरेख में पंचायत भवन पर आयोजित की गई। पंचायत सचिव ने बताया कि इस बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभार्थियों के चयन पर विचार विमर्श कर उनके पात्रता की जांच की गई। पूर्व प्रधान नवल किशोर, जगदंबा प्रसाद, पंकज मिश्र, जनार्दन प्रसाद, काली प्रसाद, देवनारायण मिश्र, रामकला आदि लोग उपस्थित रहे।

### आपसी विवाद को लेकर मारपीट, महिला घायल

**तरबगंज।** चांदपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चांदपुर गांव निवासिनी लाली देवी ने थाने पर की शिकायत में कहा कि गांव के भग्गन, नन्दलाल, श्रीपाल, सोनू आदि लोगों ने एकजुट होकर उसके लड़के को मारने लगे। बचाने के लिए घर में भागी तो घर में घुसकर मारने लगे, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। हल्ला गोहार होने पर गांव वाले दौड़े तब जाकर जान बची। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट हुई है जिसमें एक महिला घायल हो गई है जिस पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच की जा रही है।

### गन्ना समिति चुनाव के लिए हुए 260 नामांकन

**करनैलगंज:** सहकारी गन्ना समिति भंभुआ में बृहस्पतिवार को डेलीगेट और डायरेक्टर चुनाव को लेकर पर्चा बिक्री व नामांकन कराया गया। गन्ना सचिव राम कृष्ण ने बताया कि शाम तक 260 नामांकन किए गए हैं। तहसीलदार मनीष कुमार ने समिति का निरीक्षण किया। 245 डेलीगेट, नौ डायरेक्टर का चुनाव होना है। इसके बाद डायरेक्टर मिलकर एक चेयरमैन का चुनाव करेंगे।

### लापरवाही पर दो सिपाही लाइन हाजिर

**गोंडा:** कार्यों में लापरवाही बरतने पर एसपी विनीत जायसवाल ने धानेपुर थाने के दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। कांस्टेबल मोहित गौड़ व अनूप कुमार अपनी ड्यूटी में लगातार लापरवाही कर रहे थे। कई चेतावनी के बाद भी उनकी कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा था। इस पर एसओ सुनील सिंह ने दोनों की रिपोर्ट एसपी को भेजी थी। एसओ की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को कांस्टेबल मोहित गौड़ व अनूप कुमार को लाइन हाजिर कर दिया।

### डॉक्टर के निधन पर जताया शोक

**बालपुर।** विकासखंड हलधरमऊ के नकही ग्राम पंचायत के रहने वाले क्षेत्र के मशहूर डॉक्टर रक्षा राम की हृदयगति रुक जाने से बुधवार की देर रात मृत्यु हो गयी। करीब 40 वर्षों से बालपुर के प्रसिद्ध प्रसाद चिकित्सालय पर काम कर रहे थे। रक्षा राम का लोगों से मिलने का अंदाज निराला था। डॉक्टर शारदा प्रसाद पाण्डेय, कृष्ण कुमार मिश्रा, कालू शुक्ला, अरविन्द कुमार, हरीश आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर एक करोड़ से अधिक का घोटाला

## संचालक ने कागजों में 15 स्कूलों का संचालन दिखाकर बेसिक शिक्षा विभाग से ली धनराशि

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों को प्रवेश देने के नाम पर एक करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का घपला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक स्कूल संचालक ने कागजों पर 15 स्कूलों का संचालन दिखाकर उनमें बच्चों के एडमिशन का फर्जीवाड़ा किया और फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर एक करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का भुगतान ले लिया। शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति का गठन कर मामले की जांच का आदेश दिया है और 15 दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है।

परसपुर के नंदौर गांव के रहने वाले रावेन्द्र सिंह ने शिकायत करते हुए कहा था कि ग्राम नंदौर नौसहरा के रहने वाले शीतला प्रसाद सिंह बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर एक ही स्थान व भवन में 15 अलग-अलग स्कूलों का संचालन कर रहे हैं। इन स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब बच्चों का फर्जी नामांकन दिखाकर फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान लिया जा रहा है। इसके लिए एक बच्चे का नामांकन तीन तीन स्कूलों में दिखाया जा रहा है। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन बीएसए ने इसकी तीन सदस्यीय समिति से जांच कराई तो आरोप सही पाया गया। जांच में पता चला कि जिस स्कूल को संचालित दिखाकर बच्चों का नामांकन किया गया और आरटीई के तहत फीस प्रतिपूर्ति ली गयी वह विद्यालय धरातल पर संचालित ही नहीं है। इस पर बीएसए ने फीस प्रतिपूर्ति का भुगतान रोकते हुए स्कूल संचालक से स्पष्टीकरण मांगा तो संचालक ने जांच पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी से दूसरे विभाग के अधिकारी से मामले की जांच कराए जाने की मांग की।

इस पर डीएम नेहा शर्मा ने अपर उप जिलाधिकारी प्रथम के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी, जिला पंचायत व परसपुर के खण्ड विकास अधिकारी की तीन सदस्यीय समिति का गठन कर मामले की जांच का आदेश दिया है और 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की है।

**जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया जांच का आदेश**




### इन बिंदुओं की जांच कर मांगी रिपोर्ट

- विद्यालय की मान्यता की जांच
- विद्यालय मान्यता की शर्तों के अनुरूप संचालित हो रहा है अथवा नहीं?
- विद्यालय मान्यता में प्रदर्शित स्थान पर संचालित हो रहा है अथवा नहीं?
- विद्यालय मान्यता के समय अंकित अध्यापकों का विवरण।
- विद्यालय में कुल नामांकित कक्षावार छात्रों का सत्यापन।
- विद्यालय में वर्तमान में कार्यरत अध्यापकों का विवरण।
- विद्यालय द्वारा ली जाने वाली फीस के विवरण का सत्यापन।
- विद्यालय में आरटीई के तहत नामांकित प्रत्येक बच्चे का वर्षवार सत्यापन।
- आरटीई के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि का वर्षवार आय व व्यय का सत्यापन।

### इन स्कूलों में फर्जी नामांकन कर फीस प्रतिपूर्ति लेने का आरोप

| | |
|---|---|
| 1. | आदर्श हरिजन शिक्षा समिति उल्टहवा माझा, पसका परसपुर |
| 2. | एसपीएसआर शिक्षण संस्थान, पसका, परसपुर |
| 3. | श्री भगौती सिंह राठौर, प्राथमिक विद्यालय पसका, पूरे गजराज, परसपुर |
| 4. | श्री भगौती सिंह राठौर, बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय पसका, परसपुर |
| 5. | आदर्श हरिजन शिक्षा समिति प्राथमिक विद्यालय नंदौर, परसपुर |
| 6. | आदर्श हरिजन शिक्षा समिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय, नंदौर, परसपुर |
| 7. | आदर्श हरिजन शिक्षा समिति बालिका प्राथमिक विद्यालय नंदौर, परसपुर |
| 8. | आदर्श हरिजन शिक्षा समिति बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदौर, परसपुर |
| 9. | हरिभगत बाबा मौनीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पसका, परसपुर |
| 10. | हरिभगत बाबा मौनीदास बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसका, परसपुर |
| 11. | भैया नागेश्वर सिंह माध्यमिक स्कूल सरैया नान्हू परापुर |
| 12. | सावित्री देवी बाल शिक्षा निकेतन प्राथमिक विद्यालय पसका, परसपुर |
| 13. | आदर्श बाल विद्यामंदिर रगड़गंज, बेलसर |
| 14. | आदर्श किसान पीएस समिति, बेलसर |
| 15. | आदर्श हरिजन शिक्षा पद्यति विद्यालय बरौली सांवल नगर, बेलसर |

## बिजली बिल वसूली के लिए गई टीम के साथ मारपीट

**मनकापुर, अमृत विचार:** विद्युत बकायेदार से वसूली करने गयी विद्युत विभाग टीम से उपभोक्ता ने मार-पीट करने के मामले में जेई की तहरीर पर पुलिस ने सरकारी कार्य मे बाधा व मारपीट की धाराओं में चार का मुकदमा दर्ज किया है। नगर के विद्युत अवर अभियंता शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि बुधवार दोपहर दो बजे अपनी विद्युत टीम अरविंद उपाध्याय, घनश्याम पान्डेय, मनोज कुमार आदि के साथ मोहल्ला गांधी नगर के निवासी रुद्धनाथ गिरि के यहां पहुंचकर बकाया बिल जमा करने को कहा गया। जमा न करने पर विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की बात कही। इस पर रुद्रनाथ गिरि के साथ शशांक गिरि, करन गिरि व एक अज्ञात लोग आकर गाली देते हुए मारपीट करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से विद्युत पोल टूटा, हादसा टला

**कटरा बाजार, अमृत विचार:** बुधवार देर शाम को कटरा आर्यनगर मार्ग पर चरेरा गांव के समीप डीसीएम मार्ग के किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई जिससे पोल टूट गया। गनीमत यह रही कि विद्युत आपूर्ति ना होने के कारण कोई घटना नहीं घटी। आसपास के लोगों ने उपकेन्द्र पर सूचना देकर लाइन बंद कराई। विद्युत पोल टूटने से रामापुर फीड़र के लगभग 150 गांव की आपूर्ति ठप रही। रामापुर गांव के नितिन, राहुल, बब्लू तिवारी ने बताया कि बुधवार शाम से आपूर्ति नहीं मिली है। उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पोल व हाइड्रा मौके पर पहुंच रहा है जल्द ही आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।



वाहन की ठोकर से टूटा पोल।

## दो ट्रक भिड़े, चालक व खलासी घायल

संवाददाता, रुपईडीह, गोंडा

**अमृत विचार:** बुधवार की रात कौड़िया के कस्बा आर्यनगर चौराहे पर दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें एक ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक चालक व खलासी घायल हो गए। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की गई व घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि बाराबंकी से दफ़्ती लादकर ट्रक नेपाल जा रहा था जैसे ही वह कस्बा आर्यनगर से बहराइच की ओर मुड़ा तभी अचानक गोंडा से स्पंज लादकर बहराइच जा रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। ट्रक सड़क पर पलट गया तथा गोंडा-बहराइच मार्ग अवरुद्ध हो गया। घटना में जनपद बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला ट्रक चालक इसरार (50) व खलासी सरवर (30) घायल हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। मार्ग पर यातायात बहाल करा दिया गया है। घटना की कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।



आर्यनगर कस्बे में बीच सड़क पर पलटा हुआ ट्रक। अमृत विचार

## अवैध खनन को लेकर एसडीएम व तहसीलदार ने कसा शिकंजा

**करनैलगंज, अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर अवैध खनन की शिकायतों पर एसडीएम और तहसीलदार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विगत दो सप्ताह से उप जिलाधिकारी भारत भार्गव और तहसीलदार मनीष कुमार को विकासखंड हलधरमऊ, कटरा व करनैलगंज के कई स्थानों से अवैध खनन की लगातार सूचनाएं मिल रही थी। जिसको लेकर अफसरों ने टीम गठित कर कार्रवाई करने की बात कही है।

तहसीलदार ने बताया कि तमाम ऐसे लोग जो किसानों को बरगला कर उनके खेत की मिट्टी खरीद लेते हैं और किसान के नाम का परमिशन बनवाकर मिट्टी बिक्री करते हैं। अब इस तरीके से परमिशन और खनन दोनों पर अंकुश लगाया जाएगा। जो भी किसान अपने खेत की मिट्टी बिक्री करेगा उसके विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा और उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब खनन करने वाले के साथ-साथ किसानों पर भी जुर्माना और कार्रवाई की तैयारी की गई है। एसडीएम ने बताया कि जिस ग्राम पंचायत में खनन की सूचना मिलेगी उसे ग्राम पंचायत के लेखपाल और संबंधित बीट के पुलिस कर्मियों के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## 80 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड लखनऊ से गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार:** जिले के साइबर थाने की पुलिस ने जीवन बीमा के मैच्योरिटी भुगतान के नाम पर 80 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए उसके मास्टरमाइंड को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया जालसाज मैच्योरिटी की धनराशि दिलाने के नाम पर बीमाधारकों से रुपये ऐंठने का कार्य कर रहा था। आरोपी के बैंक खाते में पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन पकड़ा है और इसकी जांच में जुटी है।

कोतवाली नगर के सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले पीडी मिश्रा के मुताबिक उन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर वर्ष 2013 में एक जीवन बीमा की पॉलिसी ली थी लेकिन किसी कारण वश वह बीमा की रकम नहीं जमा कर सके। पीडी मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2021 में उनके पास सचिन नाम के एक व्यक्ति का फोन आया की बीमा की 4 लाख रुपये जमा धनराशि को वापस लेने के लिए दूसरे के नाम से बीमा करवाना पड़ेगा। अपनी जमा धनराशि वापस पाने के लिए पीडी मिश्रा ने सचिन के कहने पर 12 जीवन बीमा पॉलिसी परिवारजनों के नाम से करवा ली और किस्त के नाम पर करीब 80 लाख रुपये अलग अलग खातों में जमा करा दिए लेकिन न तो उन्हें मैच्योरिटी की धनराशि मिली और न ही उनके जमा किए गए रुपये ही वापस हुए।

ठगी का एहसास होने पर पीडी मिश्रा ने साइबर थाने में सचिन व विजय राठौर समेत 13 आरोपियों के खिलाफ जालसाजी व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी थी। एसपी विनीत जायसवाल ने मामले के खुलासे के लिए साइबर/सर्विलांस सेल सहित टीमों का गठन किया था। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। गुरुवार को पुलिस टीम ने ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए अवध बस स्टेशन लखनऊ से सचिन नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी सचिन न्यू रेलवे कालोनी, आनन्द नगर, थाना- कोतवाली टूंडला जनपद फिरोजाबाद का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में सचिन ने बताया कि वह पहले भिन्न- भिन्न निजी बीमा कंपनियों में काम कर चुका है। वहां से बंद पड़े बीमे का विवरण लेकर वह बीमा धारकों को मैच्योरिटी भुगतान के टैक्स आदि के नाम पर फर्जी नाम पते के मोबाइल नम्बर से बात करके मैच्योरिटी भुगतान का झांसा देता है और फिर गिरोह के सदस्यों को खातों में पैसा मंगा लेता है। इस दौरान पैसा देने वाले को भरोसे में लिया जाता है कि यह धनराशि उसके भुगतान में जुड़कर वापस हो जायेगी।

पुलिस की छानबीन में सचिन के बैंक खाते में एक करोड़ रुपये का लेनदेन सामने आया है। इसकी पड़ताल की जा रही है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन व एक हजार रुपये नकद बरामद किया है। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि इसके पहले साइबर थाने की पुलिस वादी पीडी मिश्रा के खाते में 4,43,669 रुपये वापस करा चुकी है।

**मिली सफलता**

- जीवन बीमा के मैच्योरिटी भुगतान का झांसा देकर की थी 80 लाख की ठगी
- आरोपी के बैंक खाते में मिला एक करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन, जांच में जुटी पुलिस

## शटर में उतरे करंट से युवक की मौत

**मनकापुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत के मोहल्ला रफी नगर के निवासी रामबाबू मोदनवाल (35) रोज की भांति सुबह घर का शटर खोलने गया था कि घर के सामने निकली बिजली की केबल कटी थी और शटर से छू रही थी। इससे शटर में करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही रामबाबू ने शटर को छुआ उसे करंट लग गया और वहीं गिर गया।

पत्नी के शोर मचाने पर पड़ोसियों के सहयोग से सीएचसी लाया गया जहां डाक्टर रवीश रिजवी ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। रामबाबू अपने एक पुत्र दो पुत्रियां-पत्नी व बुर्जुग माता को छोड़ गया। वह घर में छोटी पान की गुमटी चलाता था। बड़ा लड़का भी मेहनत मजदूरी करके किसी तरह जीवन यापन करता है। लड़के के सिर से पिता का साया उठ पड़ा। चेयर मैन दुर्गेश कुमार सोनी, पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार गुप्ता, सभासद वैभव सिंह, श्याम नरायन जायसवाल, राम चंदर जायसवाल, सलार अहमद, जमाल अहमद, पवन चौधरी, विजय कृष्ण मोदनवाल, महेश मोदनवाल आदि लोग शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दाह संस्कार में सहयोग भी किया।

## वर्ग पहेली-204

**बाएं से दाएं**

4. 1. आसक्ति 2. प्रेम 3. लगाव; सौहार्द।
6. 1. शिला की भांति 2. पत्थर की तरह 3. पत्थर के आकार-प्रकार का।
8. 1. ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भद्दा
2. 1. अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।
3. थिगली।
5. रात, रात्रि।
7. 1. मगध देश का, मगध संबंधी 2. मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।



### वर्ग पहेली -203 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ब | ■ | 2 नृ | ■ | 3 रँ |
| ■ | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठौं | र | ■ | नं | ■ | ला |
| ■ | ■ | 6 अ | द | ब | ■ |
| ■ | 7 उ | ड़ | न | ■ | 8 के |
| 9 ओं | ■ | ती | ■ | ■ | ला |
| ठ | ■ | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 4 | | | 9 | |
| 1 | | | 7 | | | | | 4 |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | 4 | 7 | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | 6 | 2 | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 2 | | 7 | | 9 | 6 | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 27 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 01.20 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियां उत्पन्न होंगी। दांपत्य संबंधों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है। अपने प्रयासों में कमी न होने दें।

**वृष:** आज रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मिथुन:** आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आनावश्यक गतिविधियों में आप समय बर्बाद न करें। प्रेमी जन से बहसबाजी न करें। ठंड से आपको बचना चाहिए। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**कर्क:** आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में नज़दीकियां बढ़ेंगी। घरेलू मामलों को लेकर काफी व्यस्त रहेगे। ज्यादा टीवी और कम्प्यूटर का प्रयोग न करें। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी।

**सिंह:** आज का दिन काफी रोमाचंक रहेगा। काम की वजह से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आंखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती हैं। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में नए विकल्प विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाज़ी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**तुला:** आज दिन व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च कर सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक:** आज अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।

**धनु:** आज कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपनी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे काफी आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन उत्तम है।

**कुंभ:** आज दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की संभावना है। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन:** आज मन की चंचलता पर नियंत्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाज़ी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 01.20 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
राज तिलक — सुबह: 11.00
अनाढ़ी — रात: 07.00

**&pictures**
बच्चन पांडेय — सुबह: 10.18
क्रिश — दोपहर: 01.13

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन — दोपहर: 12.02
जॉन रेम्बो — शाम: 05.35

**Zee Cinema**
रिश्ते — सुबह: 08.26
हिम्मतवर — दोपहर: 01.58

**Colors Cineplex**
बलवान — सुबह: 11.54
दिल है तुम्हारा — दोपहर: 02.56

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर: 01.13 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

खूबसूरत लड़की के मुंह में थर्मामीटर रख देहाती डॉक्टर बोला- कुछ देर तक चुपचाप रहना है।
यह देख लड़की का प्रेमी बोला-
यह कितने की चीज़ है और कहां मिलती है।

बेटा (अपनी मां से)- मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी- क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं। बेटा- नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे।

# यूपी अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर तक पहुंचा गोंडा का ब्रांड अरगा

**▸▸ ब्रांड अरगा के अचार, जौ का आटा, बेसन, हैंडवॉश, फ्लोर क्लीनर, उड़द दाल बड़ी, मोरिंगा पाउडर जैसे उत्पाद मचा रहे धूम**

**गोंडा, अमृत विचारः** जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार किए गए अचार, जौ का आटा, बेसन, हैंडवॉश, फ्लोर क्लीनर, मोरिंगा पाउडर आदि उत्पाद अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी धूम मचा रहे हैं। ब्रांड "अरगा" के अंतर्गत तैयार किए गए इन उत्पादों को उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्थान मिला है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में इन्हें प्रदर्शित किया गया है। इन उत्पादों को विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किया गया है, जो ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के कौशल और समर्पण का परिणाम हैं। ब्रांड "अरगा" के तहत तैयार किए गए 19 विशिष्ट उत्पादों को इस ट्रेड शो में प्रस्तुत किया गया, जिनमें अचार, जौ का आटा, बेसन, हैंडवॉश, फ्लोर क्लीनर, उड़द दाल बड़ी, एलोवेरा जूस, नीम का तेल, दंत मंजन, मोरिंगा पाउडर आदि प्रमुख दैनिक उपयोग के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह, सरिता स्वयं सहायता समूह, तारा स्वयं सहायता समूह और अन्य समूहों द्वारा बनाए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपने उत्पादों को पेश करने का भी अवसर मिल रहा है।


इंटरनेशनल ट्रेड शो में अरगा ब्रांड देखते व खरीदते लोग। अमृत विचार

### शॉपिंग मॉल और अरगा स्टोर पर भी हैं उपलब्ध

महिलाओं द्वारा निर्मित इन उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए, अब 'अरगा' ब्रांड के उत्पाद शहर के प्रमुख शॉपिंग मॉल में भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल इन उत्पादों को एक विस्तारित बाजार प्राप्त हो रहा है, बल्कि गांवों की महिलाओं को अपने उत्पादों की सही कीमत भी मिल रही है। इसके अलावा, 'अरगा' उत्पादों को और व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "अरगा स्टोर" स्थापित किए जा रहे हैं। इन स्टोर्स के माध्यम से उत्पादों की सीधी बिक्री सुनिश्चित की जाएगी, जिससे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले ग्रामीण उत्पाद आसानी से उपलब्ध होंगे और महिलाओं को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त होने का अवसर मिलेगा। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। इससे महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं 55 उत्पाद कर रहीं तैयार

जिले में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को अब "अरगा" ब्रांड के तहत बाजार में उतारा गया है। इस ब्रांड से 55 विभिन्न उत्पाद जुड़े हुए हैं, जो अपनी गुणवत्ता और शुद्धता के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। स्वयं सहायता समूह की ये महिलाएं वैदिक घी, अगरबत्ती, अचार, मुरब्बा, पापड़ सहित दो दर्जन से भी अधिक घरेलू उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। इन उत्पादों का निर्माण पूरी तरह से पारंपरिक और प्राकृतिक तरीकों से किया जाता है, जो उपभोक्ताओं को शुद्धता और स्वास्थ्य का आश्वासन देता है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा अवसर प्राप्त हुआ है।

## सार-संक्षेप

### रामलीला में राजा भानु प्रताप को ब्राह्मणों ने दिया श्राप


राजा भानु प्रताप को मुकुट धारण कराते ऋषि। अमृत विचार

**करनैलगंज** : नगर में चल रही श्रीराम लीला महोत्सव में बुधवार की रात राजा भानु प्रताप की लीला का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि महाराज सीलनिधि ने अपने ज्येष्ठ पुत्र वीर भानु प्रताप को राज सिंहासन सौंप कर वन को चले जाते हैं। इधर भानु प्रताप राज सिंहासन संभालते ही प्रजा का देखभाल न्याय प्रिय तरीके से करते हैं और अपने सेनापति को आदेश देते हैं कि राज्य के आसपास जितने भी अत्याचारी, अधर्मी राजा हैं उन्हें गिरफ्तार कर राजपाठ छीन लिया जाए। आदेश पाते ही सेनापति व उनके छोटे भाई अरि मर्दन कई राजाओं से युद्ध करते हुए उन पर विजय प्राप्त करते हैं और अपना सीमा विस्तार करते हैं। आगे दिखाया गया राजा भानु प्रताप अपने महल में ब्राह्मणों का भोज करवाते हैं वहीं ब्राह्मणों के भेष में राजा विदूषक और उसका मंत्री भी शामिल हो जाता है। जो ब्राह्मणों के भोजन में मांस मिला देता है। ब्राह्मण भोजन करने को जैसे ही बैठते हैं आकाशवाणी होती है कि ब्राह्मण इस भोजन को मत खाओ इसमें मांस मिला हुआ है यह सुनकर ब्राह्मण क्रोधित हो जाते हैं और राजा भानु प्रताप को श्राप दे देते हैं। बाद में ब्राह्मणों को ज्ञात होता है कि इसमें राजा का कोई दोष नहीं है तो उन्हें श्राप से मुक्त होने का उपाय बताते हैं और वही राजा भानु प्रताप त्रेता युग में रावण और अरि मर्दन कुंभकरण व सेनापति विभीषण के रूप में जन्म लेते हैं। रामलीला देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।

### समस्या होने पर कानून को हाथ में न लें, पुलिस को दें सूचना

**गोंडा** : आगामी त्योहारों को लेकर गुरुवार को धानेपुर थाने पर शांति कमेटी की बैठक की गयी। बैठक में दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए। बैठक में मौजूद लोगों से थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग मिल जुलकर त्योहार मनाएं। कहीं कोई समस्या हो तो कानून हाथ में लेने की कोशिश मत करें। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई करेगी। थानाध्यक्ष ने दो टूक कहा कि अगर बेवजह कोई भी व्यक्ति त्योहार में खलल डालने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान पूर्व प्रधान शाहिद अली सिद्दीकी, काशी प्रसाद कसौधन, हसीब अंसारी, राजन पांडेय, अवधेश पाण्डेय सहित तमाम लोग रहे।

### मां बाराही मंदिर पर नियुक्त होंगे रिसीवर, नोटिस जारी

**उमरी बेगमगंज** : वर्षों से विवादित चल रहे मां बाराही मंदिर में अब रिसीवर नियुक्त किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीम तरबगंज ने सभी पक्षों को नोटिस जारी कर 1 अक्टूबर को तलब किया है। उमरी बेगमगंज क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में स्थित शक्तिपीठ पौराणिक मां बाराही का मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है, लेकिन मालिकाना हक को लेकर कई सालों से विवाद चल रहा था। जानकारों की मानें तो एक बार न्यायालय ने अपना फैसला ग्राम पंचायत के पक्ष में सुनाया था। अभी इस मामले का पटाक्षेप भी नहीं हुआ था इसी बीच मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले तीन पुजारियों में पूजन अर्चन के लिए मालिकाना हक का विवाद शुरू हो गया। साध्वी रामा मां बाराही मंदिर ट्रस्ट बनाकर मंदिर के मालिकाना हक का दावा करने लगी और मुख्य भूमिका में आकर अन्य दोनों पक्षों को वहां से हटा दिया। इसके बाद मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर विवाद गहराता चला गया। दोनों पक्षों ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय में मामले का निस्तारण होने के बाद भी साध्वी रामा मुख्य ट्रस्टी के रूप में अपना दावा कर रही हैं, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि सिविल वाद निरस्त होने के बाद महंत साध्वी रामा के पक्ष में पारित अंतरिम निषेधाज्ञा का अस्तित्व समाप्त हो गया है। साध्वी रामा का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए ट्रस्ट को अवैध घोषित नहीं किया गया है। इसी बीच दूसरे पक्ष ने साध्वी रामा को हटाकर दो बार कब्जा करने का प्रयास किया। मामले को बिगड़ता देख तत्कालीन थानाध्यक्ष ने धारा 164 बीएनएस की रिपोर्ट भेज कर रिसीवर नियुक्त करने की मांग उठाई थी। जिसके बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उप जिला अधिकारी तरबगंज को मुकुंदपुर में स्थित मां बाराही देवी शक्तिपीठ के प्रबंधन व नियंत्रण के पर्यवेक्षक के लिए प्रशासक नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इस बाबत एसडीम तरबगंज विशाल कुमार ने बताया कि सभी पक्षों को नोटिस जारी कर तलब किया गया है। स्थानीय लोगों की माने तो यहां एक साल में करोड़ों रुपए का चढ़ावा चढ़ता है जिससे पुजारी व प्रशासक मालामाल होते हैं।

## एक नजर

### तेज रफ्तार पिकअप पलटी बाल-बाल बचे लोग

**नवाबगंज**। अयोध्या जनपद के रुदौली का रहने वाला पप्पू परसपुर से सरसों लादकर वापस जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार महंगूपुर मोड़ के पास एक ट्रक को ओवरटेक करते समय पिकअप का पिछला एक टायर फट गया जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं। चालक पप्पू को मामूली चोटें आयी हैं। लोगों की सहायता से पिकअप पर लदी सरसों की बोरियो को किनारे करवाया गया और पिकअप को भी हटाया गया तब आवागमन सुचारु रूप से चालू हुआ।

### सफाई मित्र को किया गया सम्मानित

**गोंडा** : स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के नौवें दिन गुरुवार को सिविल लाइंस, मकार्थीगंज, बरियार पुरवा और स्टेशन रोड पर साफ-सफाई कार्यक्रम चलाया गया। नगर प्रशासन की ओर से नामित अभियान के पांच ब्रांड एंबेसेडर में से एक डॉ. रेखा शर्मा ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया। गुरुवार को बरियार पुरवा, स्टेशन रोड समेत कई मोहल्ले में अभियान चला कर साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मियों को प्रोत्साहन मिले उसके लिए नगर पालिका की ओर से कई लोगों को ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया है। नगर पालिका परिषद गोंडा के ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि 5 लोगों को ब्रांड एम्बेसेडर नामित किया गया है। इनमें एलबीएस के प्राचार्य आरके पांडे, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. चमन कौर, डॉ. अनीता मिश्रा और अविनाश सिंह शामिल हैं।

### नवरात्रि पर दुर्गा प्रतिमाओं के स्थापन को लेकर मंथन

**गोंडा** : शारदीय नवरात्रि में स्थापित की जाने वाली श्री दुर्गा प्रतिमाओं के आयोजकों की एक बैठक केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में झूलेलाल धर्मशाला में हुई। अलग-अलग क्षेत्र से आए पूजा आयोजकों ने अपने-अपने सुझाव रखे और समस्याएं बताईं। जिसको सूचीबद्ध करके महासमिति पदाधिकारियों ने प्रशासनिक समन्वय कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है, और कहा है शीघ्र ही प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर इनका नवरात्रि से पूर्व निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। महासमिति के संस्थापक ओमप्रकाश सोनी ने कहा कि सभी आयोजक व श्रद्धालु शांतिपूर्ण वातावरण में विजयदशमी व दुर्गा पूजा पर्वों को मनाएं। महासमिति के महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू ने कहा कि पूरे जिले में लगभग 2100 प्रतिमाएं स्थापित होनी हैं जिसमें कुछ प्रतिमाएं विजयदशमी के दिन तो कुछ एकादशी को विसर्जित होंगी। समस्त प्रतिमाएं 12 अक्टूबर को विसर्जित होंगी। कर्नलगंज की प्रतिमाएं 13 अक्टूबर को विसर्जित होंगी।

# लेखपाल की गलत रिपोर्ट से नहीं हटा अतिक्रमण

## ▶ जांच करने पहुंची राजस्व टीम को ग्रामीणों ने घेरा, मौके पर अतिक्रमण का लिया जायजा

**खरगूपुर, अमृत विचारः** सरकारी रास्ते की भूमि को कब्जा कर पक्का मकान का निर्माण करा लिया गया। चौड़ाई कम करके लोनिवि 500 मीटर तक सड़क का निर्माण करा रही थी। शिकायत पर मौके की जांच करने पहुंची राजस्व टीम पर उक्त रास्ते के गाटे को छोड़कर दूसरे गाटे की भूमि का रिपोर्ट लगा कर विभाग को भेजने का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री कार्यलय, लोक निर्माण मंत्री उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी, कार्यालय मुख्य अभियंता देवी पाटन गोंडा, क्षेत्र लोनिवि गोंडा आदि को पत्र भेजकर शिकायत की है।

मामला ग्राम पंचायत विशुनापुर बेलभरिया का है। यहां विशुनापर कस्बा में भारतीय स्टेट बैंक से पानी टंकी तक पांच सौ मीटर का पक्की सड़क का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था को कराना था। लेकिन टू लेन से लगभग सौ मीटर तक सड़क के दोनों ओर कस्बे के जुबेर पुत्र मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद मोईन पुत्र यामीन, हसनैन, अशजद, मोहसिन पुत्रगण शरीकत अली ने अतिक्रमण कर पक्का निर्माण करा लिया है। जिसकी शिकायत कस्बे के ही सुशीला देवी उदयभान, घनश्याम, राम किशोर, पप्पी, दयाशंकर, चंद्र मोहन, सुनील कुमार, सावित्री, रक्षाराम व शाहबान अली ने सरकारी रास्ते की भूमि गाटा संख्या 731 की जिलाधिकारी से की। मौके का मुआयना हलका लेखपाल राकेश कुमार यादव ने किया। लेकिन उन्होंने गाटा संख्या 731 का रिपोर्ट न देकर गाटा संख्या 827 का फर्जी रिपोर्ट बना दे दिया। बाद में पीड़ितों ने न्यायालय की शरण ली। जिस पर न्यायालय तहसीलदार गोंडा द्वारा 30 जून 2023 व 11 अगस्त 2023 को उक्त मकान को ध्वस्तीकरण कर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। शिकायतकर्ताओं ने पुनः मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, लोक निर्माण मंत्री उत्तर प्रदेश, कार्यालय मुख्य अभियंता, देवीपाटन गोंडा, क्षेत्र लोनिवि गोंडा आदि को शिकायती पत्र भेजकर सरकारी मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की। आरोप है कि उक्त मार्ग से पौराणिक पृथ्वीनाथ व झालीधाम में श्रद्धालु जलाभिषेक व पूजन अर्चन के लिए सोमवार व शुक्रवार के साथ कजरीतीज, सावन व मलमास में आते हैं। नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमाओं का आवागमन भी इसी मार्ग से होकर पृथ्वीनाथ के पवित्र सरोवर में लोग ले जाते हैं। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर के निर्देशन में टीम गठित कर मौके का चिन्हांकन करने का निर्देश दिया। एसडीएम सदर अविनाश त्रिपाठी व तहसीलदार सदर की टीम ने विशुनापुर कस्बा पहुंचकर अतिक्रमण का चिन्हांकन किया।


सड़क पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण के चिन्हांकन के दौरान मौके पर जुटी भीड़।

### मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर बवाल

**तरबगंज, अमृत विचार** : तरबगंज थाना क्षेत्र के जुझारीपुर गांव में कालीमाता मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से दिवाल का निर्माण किया जा रहा था, जिसे लेकर गांव वालों के बीच बवाल हो गया।

जुझारीपुर गांव के मजरा नागेश्वर पुरवा में काली माता का प्राचीन मंदिर है। यहां गांव के लोग हर वर्ष श्रीमद्भागवत पुराण की कथा का आयोजन कर भन्डारा करते हैं और मंदिर पर बहुत पुराना वट वृक्ष का पेड़ लगा है जिसकी पूजा करते हुए काफी संख्या में ग्रामीण भन्डारे में शामिल होते हैं। खाली पड़ी मंदिर की जमीन पर कुछ अराजक तत्व अवैध कब्जा करने के लिए नींव भरवाकर दीवार बनाना चाहते हैं जिससे गांव वालों में आक्रोश व्याप्त है। गांव के काली प्रसाद जायसवाल ने बताया कि शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी तरबगंज को दो सितम्बर को दिया था जिसमें दो दिन में आख्या देने का आदेश हुआ था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि ये जमीन पूजा-पाठ व भण्डारा करने के लिए हमेशा खाली रहती है जिस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस प्रकरण पर उपजिलाधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी जिस पर जांच करने का आदेश दिया गया था। क्षेत्रीय लेखपाल राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि अवैध निर्माण कार्य रोकवा दिया गया है। आबादी की जमीन होने के कारण पैमाइश नहीं की जा सकती है।

### अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान के दौरान अभद्रता

**गोंडा, अमृत विचार** : अवैध पार्किंग को लेकर चलाए जा रहे अभियान के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट के गनर के साथ अभद्रता की गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। अभियान के दौरान तीन बस, चार बोलेरो व 20 मोटरसाइकिल पर 125000 का जुर्माना लगाया गया है। रोडवेज चौराहे के आसपास प्रतिदिन भीषण जाम लगता है। गुरुवार को जिला प्रशासन की ओर से गठित टीम ने अवैध पार्किंग को लेकर अभियान की शुरुआत की। सिटी मजिस्ट्रेट के अगुवाई में नगर पालिका परिषद गोंडा, यात्री कर अधिकारी तथा नगर कोतवाली पुलिस ने गुरुनानक चौराहा के आसपास सड़क पर खड़े वाहनों का चालान काटना शुरू किया तो कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि दो युवकों ने अभद्रता की थी जिनको पुलिस पकड़ लाई थी चालान कर दिया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

# आक्रोश रैली में उमड़ा शिक्षकों का सैलाब


सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा को ज्ञापन देते अटेवा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर गुरुवार को अटेवा की तरफ से आयोजित आक्रोश मार्च में शिक्षकों कर्मचारियों का सैलाब उमड़ा। शिक्षक संगठनों ने गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक पैदल रैली निकाली और पुरानी पेंशन को बहाल किए जाने की मांग की। संगठनों की तरफ से जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया। आक्रोश रैली का नेतृत्व कर रहे अटेवा जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि देश की रक्षा करने वाले अर्द्धसैनिक बलों को पेंशन नहीं मिलती है, लेकिन एक दिन के विधायकों व सांसदों को पुरानी पेंशन मिलती है। शिक्षक, कर्मचारी पूरी जिन्दगी सरकारी सेवा करने के बाद भी पेंशन नहीं पाएगा। ऐसा मानवीय दृष्टिकोण कदापि न्यायोचित नहीं है। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह एवं ग्रामीण पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी ने कहा कि सरकार एनपीएस से भी घातक यूपीएस स्कीम लेकर आ गयी है।

### अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी की नियुक्ति का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**करनैलगंज** : जिले में ग्राम विकास विभाग की ओर से सृजित पद अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी की नियुक्ति में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जिसकी जांच के लिए ग्राम विकास विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा गया है।

करनैलगंज के ग्राम टिकवार खास हलधरमऊ निवासी सुधांशु कुमार गोस्वामी ने ग्राम विकास विभाग के प्रमुख सचिव को भेजे गए पत्र में कहा है कि सेवा योजना विभाग, ग्राम विकास विभाग में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के पद सृजित किए गए थे। जिसमें उसने भी आवेदन किया था, लेकिन उसे सूचित किए बिना अपात्र व्यक्ति का चयन कर लिया गया। जबकि चयन किए गए सेवा प्रदाता कंपनी सदगुरु कृपा इंटरप्राइजेज के पास पूर्व में मैन पावर आपूर्ति का कोई रिकार्ड नहीं है। आवेदक ने नियमों के विपरीत की गई नियुक्ति में हुई भ्रष्टाचार की जांच व आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। चयन को लेकर सुधांशु कुमार गोस्वामी ने हाईकोर्ट में एक याचिका भी दाखिल की है। जिसमें भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। जिस पर न्यायमूर्ति राजन राय व ओम प्रकाश शुक्ल की संयुक्त खंड पीठ ने प्रमुख सचिव ग्राम विकास से जवाब मांगा है। वहीं, सुनवाई के लिए एक अक्टूबर की तिथि नियत की गई है।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, करनैलगंज–गोण्डा

पत्रांक : कृ0उ0म0स0/करनै0/2024–134

दिनांक : 26.09.2024

### अल्पकालीन ई–टेण्डर आमंत्रण सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, करनैलगंज–गोण्डा के नवीन गल्ला/फल/राब्जी गण्डी स्थल के सम्पूर्ण परिसर के राफाई कार्यो हेतु अनुगवी राफाई ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के गाध्यम से ऑनलाइन निविदा दिनांक–07.10.2024 तक आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–27.09.2024 के पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक–07.10.2024 के अपरान्ह 04:00 तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। सफाई कार्यो की निविदा की तकनीकी बिड दिनांक–08.10.2024 को तथा तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय बिड अगले दिवस दिनाँक 09.10.2024 को खोली जायेगी कार्यो का विवरण निम्न है।

| क्र0 सं0 | मण्डी समिति का नाम | सफाई कार्य का विवरण | लागत (रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र धनराशि 18 प्रतिशत जी0एस0 सहित (रू0 में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करनेलगंज | कार्यादेश से 31 मार्च 2025 तक के लिये नवीन मण्डी स्थल करनैलगंज–गोण्डा में निर्मित कार्यालय भवन, खाद्यान्न परिसर एवं फल/सब्जी प्रखण्ड तथा निर्मित नाली एवं सम्पूर्ण परिसर के साथ मण्डी स्थल में निर्मित सुलभ डीलक्स शौचालय की नियमित सफाई कार्य आवश्यक उपकरणों सहित। | वार्षिक 5,84,040.00 अथवा 48,670.00 प्रतिमाह (GST अलग से देय होगी) | 58,404.00 | 1416.00 | वित्तीय वर्ष 2024–25 के कार्यादेश से 31 मार्च 2025 तक |

मुख्य नियम शर्तः–

1. ऑनलाइन निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टीफिकेट सर्टीफाइड द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सही फीड होना तथा उक्त बेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य है।
2 विस्तृत विवरण तथ अन्य नियम / शर्ते बिडिंग आनलाइन http://etender.up.nic.in में देखी जा सकती है।
3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र जी0एस0टी सहित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है धरोहर की धनराशि की मूल एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट जो कृषि उत्पादन गण्डी समिति करनैलगंज–गोण्डा के नाम बन्धक हो, चरित्र प्रमाण पत्र (जो जिलाधिकारी स्तर से निर्गत हो और 03 वर्ष से अधिक पुराना न हो), तीन वर्ष के टर्न ओवर तथा सफाई कार्य का अनुभव प्रगण पत्र सरकारी विभाग का होना अनिवार्य होगा एवं श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र 08 लेबर का संलग्न कर प्रस्तुत/अपलोड करना तथा सफाई कार्य हेतु कम से कम 05 लेबर रखना अनिवार्य होगा।
4. सफाई मानक के अनुरूप गुणवत्ता बनाये रखने के दृष्टिगत आगणित धनराशि से 15 प्रतिशत से अधिक न्युन निविदा टेण्डर समिति/स्वीकर्ता प्राधिकारी द्वारा निविदा स्वीकार नहीं होगी।
5. निविदादाता द्वारा डाली गयी निविदा की वार्षिक दरो के अनुपातिक मासिक आधार पर प्रत्येक माह नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
6. निविदादाता को सफाई कार्यो के लिए झाडू, टोकरी, बेल्चा, ब्लीजिंग पाउडर, चूना, ठेला/वाहन शौचालय सफाई से सम्बन्धित सामान आदि सफाई उपकरणों की व्यवस्था स्वंय करनी होगी।
7. निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता को उसी दिन बिन्दु सं0–3 पर अंकित डिमाण्ड ड्राफ्ट एफ0डी0आर व अन्य प्रमाण पत्र मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से समिति कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार गण्डी समिति करनैलगंज–गोण्डा में निहित होगा।
9. विस्तृत विवरण तथा अन्य नियम / शर्ते बिडिंग डॉक्युमेन्ट में देखी जा सकती है। नियुक्ता सिस्टग के फेल होने अथवा किसी प्रकार के विलम्ब के लिये समिति उत्तरदायी नहीं होगी।
10. समिति द्वारा ई–टेण्डर से सम्बन्धित जो अभिलेख बिन्दु सं0–01 से 9 तक दिये गये है उसी को निविदादाता अपलोड कराये इसके अतिरिक्त यदि अन्य कागजात / अभिलेख अपलोड कराते है तो उन निविदादाताओं के टेण्डर अमान्य की कार्यवाही पर समिति विचार कर सकती है।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी रागिति
करनैलगंज–गोण्डा

सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
करनैलगज–गोण्डा


**निर्देश** — आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : आयुक्त

# विकास कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**गोंडा, अमृत विचारः** गुरुवार को आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने मंडल के सभी जनपदों में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अगस्त माह में मंडल में कराए गए विकास कार्यक्रमों की बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में गोंडा जनपद को छोड़ अन्य तीनों जिलों के अधिकारी ऑनलाइन वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।


बैठक करते आयुक्त। अमृत विचार

आयुक्त ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पीएम कुसुम योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, निराश्रित गोवंश, शादी अनुदान योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।

उन्होंने सभी डीएम व सीडीओ को गोवंशों के संरक्षण तथा उन्हें उचित पर्याप्त भूसा चारा पानी आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त सीडीओ को निर्देश दिए पूरे जनपद में साफ सफाई अभियान चलाया जाए। पोषण अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को पर्याप्त व बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जाए। सभी सैम और मैम बच्चे का रिकॉर्ड रखा जाए। उन्होंने अपात्रों का राशन कार्ड निरस्त कर पात्रों का राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिये। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के प्रति गंभीर दिखे। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

## एक नजर

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच।** कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत यादवपुर के मजरा लोधनपुरवा गांव निवासी लक्ष्मी देवी (24) पत्नी प्रदीप मिश्रा की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव फंदे से लटकता मिला। इसकी जानकारी मायका फखरपुर के गांव बसन्तपुर निवासी पिता गनेश पाठक को दी गई। उन्होंने बताया कि सात साल पहले विवाह हुआ था। एक लड़का डेढ़ साल का है। उन्होंने बताया कि बेटी की दहेज के लिए हत्या की गई है।

### चिकित्सक की तहरीर पर केस दर्ज

**बहराइच।** मटेरा थाना क्षेत्र के गौरा धनौली गांव निवासी करतार सिंह के बेटे की तबियत खराब हुई थी। जिस पर मटेरा में स्थित कृष्णा फार्मेसी पर इलाज के लिए ले गए थे। बालक की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। जिस पर ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की थी। डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर सीएमओ डॉ संजय कुमार शर्मा ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इसके बाद डीएम को रिपोर्ट दी। सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी के अधीक्षक डॉक्टर प्रत्यूष सिंह ने कृष्णा आर्या के विरुद्ध थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ईओ ने कर्मचारियों के साथ की बैठक

**जरवल, बहराइच।** जरवल नगर पंचायत में गुरुवार को अधिशासी अधिकारी की अगुवाई में कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसमें दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक न पं जरवल के कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में संचारी रोगों तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, शुद्ध पेयजल के प्रयोग एवं मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों की रोकथाम तथा साफ–सफाई हेतु निर्देश दिये। अधिशाषी अधिकारी खुशबू यादव ने कहा कि अभियान को सभी लोग मिलकर सफल बनाए।

# ड्रोन कैमरे में कैद हुआ आदमखोर भेड़िया

## जल्द ही इसे भी पकड़ने का वन विभाग का दावा, टीमें कर रहीं निगरानी

संवाददाता, भगवानपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** वन विभाग को जिस लंगड़े खूंखार भेड़िए की तलाश थी, वह भी ड्रोन कैमरे में कैद हो गया है। वन विभाग ने उसकी निगरानी के लिए टीम लगा दी है। अब छठे भेड़िया को पकड़ने की उम्मीद बढ़ गई है।

जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया के हमले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 45 से 50 लोग घायल हो चुके हैं। वन विभाग ने अब तक पांच भेड़ियों को पकड़ा है। लेकिन सबसे खतरनाक और झुंड का सरदार लंगड़ा भेड़िया अब तक पकड़ में नहीं आ पाया है। गुरुवार सुबह छठवां भेड़िया ड्रोन कैमरे में कैद हो गया। महसी के सिकंदरपुर इलाके में दिखा छठा भेड़िया दिखा है। जिसे वन विभाग लंगड़ा भेड़िया मान रहा है। कई दिनों से वह वन विभाग की टीम को चकमा दे रहा है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि एक भेड़िया ड्रोन में विचरण करते हुए दिखा है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।


महसी तहसील क्षेत्र में ड्रोन कैमरे में कैद हुआ आदमखोर भेड़िया।

**05** भेड़ियों को अब तक पकड़ चुकी है वन विभाग की टीम

**10** लोगों की मौत हो चुकी है अब तक भेड़ियों के हमलों में

**45** से 50 ग्रामीण घायल हुए हैं भेड़ियों के हमलों से

### कुनबे से बिछड़ गया भेड़िया

जिस स्थान पर भेड़िया दिखा है। वही आदमखोर है। उसी स्थान पर पांच अन्य भेड़ियों को पकड़ा गया है। ऐसे में उसे पूरी सतर्कता के साथ पकड़ा जाएगा, क्योंकि अब भेड़िये के हमले भी नहीं हो रहे हैं। कैमरे में कैद भेड़िया को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

–अजीत प्रताप सिंह,डीएफओ

### पचदेवरी में किया था हमला

डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि कैमरे में कैद भेड़िया ने पचदेवरी में हमला किया था। इसके बाद गरेठि गुरुदत्त सिंहपुरवा गांव में हमला किया था। वही भेड़िया अभी विचरण कर रहा है।

# कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर दूसरे जगह से हटा दिया अतिक्रमण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के सराय जगना गांव में जिला प्रशासन की ओर से कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटवा दिया गया है। इस पर नया मामला सामने आया है, कोर्ट में वाद दायर करने वाली महिला और अन्य ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। सभी का कहना है कि गाटा संख्या 92 में स्थित रस्ते की जमीन से कब्जा ही नहीं हटाया गया है।

फखरपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय जगना के वजीरगंज हदीशुल पत्नी बफाती ने रस्ते पर अतिक्रमण को लेकर उच्च न्यायालय में वाद दायर किया था। कोर्ट ने वजीरगंज बाजार में स्थित गाटा संख्या 92, 111 और 112 में अतिक्रमण था। जिसको हटाने के लिए कोर्ट ने आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को पुलिस और प्रशासन ने बुलडोजर की कार्यवाई की। जिसमें 23 मकान पूरी तरह तोड़ दिए गए हैं। अब इसमें नया मोड आ गया है। कोर्ट में वाद दायर करने वाली महिला कई ग्रामीणों के साथ गुरुवार को डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र देने के लिए पहुंची। महिला और अन्य गांव के लोगों का कहना है कि कोर्ट के आदेश के विपरीत गाटा संख्या 92 में रस्ते की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अधिकारियों से मिलकर खेल कर दिया है। जहां अतिक्रमण हटना था, उसके बजाए दूसरे स्थान से अतिक्रमण हटवाने का काम किया गया है। गांव के लोगों ने बताया कि सिरौली गांव निवासी गप्पू खान, रसूलपुर निवासी जावेद खां पुत्र ईदू और आवेश को बचाने के लिए अन्य के मकान गिरा दिए गए हैं। इन लोगों के मकान छोड़ दिए गए हैं। सभी ने न्याय कर कार्यवाई की मांग की है।


डीएम को शिकायती पत्र देने आए लोग।

# ग्रामीण बोला- डीएम मैडम मैं जिंदा हूं, पेंशन बहाल करवा दें

संवाददात, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के पयागपुर नगर पंचायत निवासी विश्वनाथ को मृत घोषित कर उनको समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली वृद्धा पेंशन को बंद कर दिया गया। विश्वनाथ अपने जीवित होने को लेकर जिलाधिकारी मोनिका रानी सहित पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से न्याय की गुहार लगा रहा है।

आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के वार्ड नम्बर 11 नूरपुर निवासी विश्वनाथ पुत्र अवधराम ने बताया कि उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धा पेंशन मिलती थी,जो इधर कुछ महीनों से बंद हो गई थी। पेंशन बन्द होने का कारण जानने जब विश्वनाथ जिले पर समाज कल्याण आफिस पहुंचे तो उनके होश उड़ गये, पता चला उन्हें सरकारी दस्तावेजों में मृत घोषित किया जा चुका है,जिससे उनकी पेंशन बंद कर दी गई है। हैरान विश्वनाथ अब टक जड़ की तरह खड़ा रहा। उम्र के इस पड़ाव पर मेहनत मजदूरी उनसे हो नहीं पाती थी,पेंशन उनके जीवकोपार्जन में बहुत बड़ी मददगार साबित होती थी,जिसके बंद होने से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। पीड़ित विश्वनाथ ने समाज कल्याण विभाग से इस गलती को सुधारने की गुहार लगाते हुये डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को पत्र देकर मामले की जांचकर उनकी पेंशन सेवा को बहाल किये जाने की मांग की।


पीड़ित ग्रामीण

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए निकाली रैली

संवाददात, बहराइच

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बृहस्पतिवार को अटेवा संगठन की ओर से शिक्षकों ने बाइक रैली निकाली। इसके बाद गेंदघर मैदान में सभी ने सभा की। पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश की ओर से बृहस्पतिवार को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शहर के गेंद घर मैदान से बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली में हजारों शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट के धरना स्थल तक मार्च निकाला। इसके बाद सभी ने धरना प्रदर्शन किया सभी पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे थे। संघ में जिला संयोजक संदीप वर्मा ने कहा कि सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बंद कर कर्मचारियों के साथ धोखा दिया है। मंडल उपाध्यक्ष रत्नेश पाल ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है, उसे बंद कर पूरी तरह से झकझोर दिया गया है। उसे जल्द से जल्द सरकार बहाल करे। जिला कोषाध्यक्ष श्यामानंद यादव और जिला महामंत्री राकेश मौर्य ने कहा कि सरकार शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाली योजना को लागू करें। प्रदर्शन के बाद सभी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर को सौंपा। बाइक रैली को सिंचाई संघ, ग्रामीण कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, बिजली कर्मचारी संघ, एक्स-रे टेक्नीशियन एसोसिएशन, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संगठन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर इंजीनियर संघ, मृतक आश्रित शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ समेत 15 संगठनों से समर्थन दिया।



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रैली निकालते विभिन्न संगठनों के लोग।

## सार-संक्षेप

### डायल 112 दें सूचना, तुरंत आयेगी पुलिस

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान में बच्चियों महिलाओं के विरुद्ध छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न जैसे अप्रिय घटनाओं की रोकथाम लिए जेपीएम कालेज की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत आत्म रक्षा के टिप्स दिए गए। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर थाना नवाबगंज द्वारा बालिका महिला सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आरपीएम पब्लिक स्कूल नवाबगंज में छात्राओं को जागरूक किया गया व आत्मरक्षा के गुण भी बताए गए, साथ ही घटना होने पर हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1076 व 1098, 108,102, 1930 साइबर हेल्प लाइन तथा मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम उ0नि0 –जितेंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल – इशरत जहां महिला कांस्टेबल–ममता कश्यप, कांस्टेबल–भोला यादव प्रधानाध्यापक शिक्षक संतोष यादव, शिव धार पाठक,आरती यादव, ममता गुप्ता अमन यादव, सुरेश, वर्षा गुप्ता, सैयद तबस्सुम, आरती यादव मौजूद रहे।


इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करती पुलिस।

### पोषण माह के तहत आयोजित हुई जागरूकता गोष्ठी


पयागपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक।

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** बाल विकास परियोजना अंतर्गत पोषण माह के तहत सीएचसी में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया। पोषण जागरूकता गोष्ठी में विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल पाण्डेय ने विकास खण्ड में चालित योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सितंबर पोषण माह हेतु विभाग द्वारा निर्धारित मुख्य थीम एनीमिया (टेस्ट, ट्रीट, टाक), वृद्धि निगरानी, बेहतर प्रशासन के लिये प्रद्योगिकी,ऊपरी आहार एवं पोषण की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र को कुपोषण मुक्त बनाये जाने को लेकर शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन बीपीएम अनुपम शुक्ला ने किया। इस दौरान भाजपा नेता प्रदीप त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह,सभासद सत्येंद्र त्रिपाठी,जागेश मिश्रा,विरला पंडित सहित स्वास्थ्य कर्मी और सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

### श्रीकृष्ण ने बिन मांगे सुदामा को दिया सब कुछ

**बहराइच, अमृत विचार।** नगर के पाण्डवकालीन श्री सिद्धनाथ पीठ में हो रही श्रीमद् भगवत कथा में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल व श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्याम करन टेकड़ीवाल ने सप्तम दिवस श्रीकृष्ण भक्त एवं बाल सखा सुदामा के चरित्र का वर्णन एकाग्रतापूर्वक सुना और श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### प्रतिष्ठानों से अवमुक्त कराए गए 10 बाल श्रमिक

**बहराइच, अमृत विचार।** श्रम विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया गया विभिन्न प्रतिष्ठानों पर काम करने वाले 10 बाल श्रमिक और मुक्त कराए गए। सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदयानी के निर्देशन में बाल श्रम अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जरवल कस्बे, कैसरगंज बाजार और बहराइच शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 10 बाल श्रमिक अवमुक्त कराए गए। सभी बाल श्रमिकों का मेडिकल एवं सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सेवायोजको के विरुद्ध नियमुनासर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अपनाई जा रही है।जबकि बाल श्रमिकों को उनके परिवार के हवाले कर दिया गया है।।अभियान में सूरज तिवारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक ए एच टी यू शिविका मौर्य संरक्षण अधिकारी,देहात संस्था, एक्शन हेड, प्रथम संस्था तथा प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड, कैसरगंज और दरगाह थाने की पुलिस मौजूद रही।

### शिक्षक की भूमिका में नजर आए बीईओ

**फखरपुर,बहराइच।** खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने गुरुवार को संविलियन विद्यालय कोदही का निरीक्षण किया। शैक्षिक और भौतिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। बच्चों को विद्यालय में उनके आत्म विश्वास को बढ़ाने और सहज करने के लिए निरीक्षण के दौरान उनके भीतर छिपा शिक्षक का गुण नजर आया। कक्षा कक्ष में जाकर खुद चाक और डस्टर हाथ में थाम लिया। भाषा और गणित के सरल शब्दों और जोड़ घटाव के प्रश्नों का शिक्षण कार्य नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच किया। कक्षा 2 का छात्र आशीष ने जब 19 का पहाड़ा सुनाया तो बीईओ ने तारीफ भी किया। बीईओ राकेश कुमार ने सभी बच्चों से प्रतिदिन ड्रेस पहनकर आने का आग्रह किया। प्रधानाध्यापक को विद्यालय के भौतिक परिवेश को सुधारने और छात्र उपस्थिति को बढ़ाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर शिक्षक रवींद्र कुमार मिश्र, शरीफ अहमद, राजेश तिवारी, जमील अहमद, रईस अहमद, प्रदीप,गुड़िया आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम आलोक प्रसाद के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम का व्यवहार उनके प्रति दुर्व्यवहारपूर्ण है जिससे वे बेहद आहत हैं।

तहसील कैसरगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार भवन में बैठक आयोजित की। जिसमे अधिवक्ताओं ने एसडीएम का कार्य दुर्व्यवहार पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि जब तक एसडीएम अपने व्यवहार में सुधार नहीं लाते तब तक अधिवक्ता न्यायालय का बहिष्कार करेंगे और न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्रा ने कि अधिवक्ता अपने मान-सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने में सक्षम हैं। विरोध प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र,महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा, विजय प्रताप सिंह, राज किशोर यादव, विनोद कुमार आदि शामिल रहे।


कैसरगंज में धरना प्रदर्शन करते वकील। अमृत विचार

## बंदर के हमले में छात्र घायल, लखनऊ रेफर

**नानपारा,बहराइच।** कोतवाली नानपारा अंतर्गत साइनपुरवा गांव निवासी शादाब अली पुत्र इरशाद अली कश्मीर में संचालित अवध बिहारी मेमोरियल स्कूल में कक्षा एक का छात्र है। पिता इरशाद अली ने बताया कि बृहस्पतिवार को बेटे को प्यास लगी तो वह पानी पीने के लिए बाहर निकला इसी दौरान एक बंदर ने बेटे पर ईंट फेंक दिया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

# तस्करी के अभियुक्त को 10 वर्ष की सजा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** खैरीघाट निवासी एक तस्कर को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को एक लाख के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

खैरीघाट थाना ककी पुलिस ने क्षेत्र निवासी रियाज उर्फ खरचाली को तस्करी कर लाई ढाई किलो चरस के साथ आठ दिसबंर 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुकदमें की सुनवाई चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार गौतम की कोर्ट पर चल रहा था। बृहस्पतिवार को कोर्ट पर मुदकमें में सुनवाई के दौरान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रेमप्रकाश मिश्र द्वारा अभियुक्त कृत्यों को गंभीर बताते हुए अधिक से अधिक सजा देने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को एक लाख के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

# बैराज में डूबी किशोरियों का नहीं लगा सुराग

संवाददाता, बिछिया, बहराइच

**अमृत विचार।** सुजौली थाना क्षेत्र में स्थित घाघरा नदी के तट पर बुधवार शाम को गांव की महिलाएं जिउतिया पूजा के लिए स्नान कर रही थीं। साथ में स्नान करते समय दो किशोरिया घाघरा नदी में डूब गईं। गुरुवार को दूसरे दिन भी काफी तलाश के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका है।

जिले में बुधवार को महिलाओं ने जीवित पुत्र की दीर्घायु के लिए जिउतिया व्रत रखा। इसके बाद सभी शाम को रीति रिवाज के अनुसार नदी के तट पर स्नान करने पहुंची। सुजौली थाना क्षेत्र के मौरहवा गांव के पास स्थित घाघरा बैराज नदी में महिलाएं और गांव की बेटियां स्नान कर रही थी। स्नान करते समय बड़खड़िया गांव निवासी सीमा (16) पुत्री हरिश्चंद्र और लाली पुत्री (14) विजेंद्र गहरे पानी में चली गई। दोनों को आसपास के लोगों ने बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पानी अधिक होने से दोनों किशोरिया बीच धारा में बह गईं। दूसरे दिन भी दोनों की तलाश पुलिस ने करवाई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। मौके पर तहसीलदार अंबिका चौधरी, सीओ हीरालाल कनौजिया और प्रभारी निरीक्षक हरीश सिंह ने जांच कर बताया कि एनडीआरएफ जवान तालाश कर रहे हैं, लेकिन दूसरे दिन भी कुछ पता नहीं चल सका है।

## अचानक धू-धू कर जलने लगा ट्रांसफार्मर

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के बाईपास मार्ग पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय स्थित है। कार्यालय में बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर स्थापित है। इससे क्षेत्र की आबादी को बिजली आपूर्ति दी जाती है। गुरुवार को बिजली सप्लाई के दौरान अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर आपूर्ति बाधित करवाई। दमकल वाहन को भी सूचना दी गई। हालांकि कुछ देर में लोगों ने बालू और मिट्टी डालकर आग बुझा लिया। ट्रांसफार्मर जलने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है।

# उत्साहपूर्ण शिक्षण करें शिक्षक : बीईओ

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कैसरगंज में चल रहे चौथे चरण चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने प्रतिभागियों से अपील की। बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान को और बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर अपने ब्लॉक कैसरगंज को निपुण ब्लॉक बनाने की अपील की।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि छात्रों के साथ संवाद करें, उन्हें विचार-विमर्श, कहानियों, और गतिविधियों के माध्यम से सिखाएं। इससे वें सक्रिय रूप से जुड़ते हैं और सीखने में अधिक रुचि लेते हैं।खेल और गतिविधियों को शामिल करें, शारीरिक और मानसिक खेल, जैसे कि क्विज़, समूह गतिविधियां, और रचनात्मक परियोजनाएं, बच्चों के अंदर जोश और उत्साह बनाए रखते हैं। यह उनके सीखने के अनुभव को आनंददायक बनाता है।प्रेरणादायक और सकारात्मक वातावरण बनाएं कक्षा में प्रेम, आदर और सहयोग का माहौल बनाएं। छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सराहना दें और उन्हें प्रेरित करें। जब वे असफल होते हैं, तब उन्हें प्रोत्साहित करें कि वे फिर से प्रयास करें।व्यक्तिगत संबंध विकसित करें बच्चों की जरूरतों और उनकी व्यक्तिगत क्षमताओं को समझें। पढ़ाई में कला और संगीत का प्रयोग शिक्षण में कला, संगीत और नाटक जैसी रचनात्मक गतिविधियों को शामिल करें। यह बच्चों की रुचि को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करता है।सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें सकारात्मक सोच और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को विकसित करने के लिए गतिविधियों का आयोजन करें। इससे छात्र न केवल शैक्षिक रूप से, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत होते हैं।इन प्रयासों से शिक्षक एक उत्साहपूर्ण और आनंदमयी शिक्षा वातावरण का निर्माण कर सकते हैं, जो बच्चों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होता है। परामर्शदाता एआरपी महेंद्र चौधरी ,अरविंद कुमार शर्मा , अरविन्द कुमार शुक्ला ,कृपा शंकर दुबे, सुनील कुमार सोनी के साथ सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

**बैठक** — कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने अफसरों के साथ की समीक्षा

# लक्ष्य से कम राजस्व वसूली पर डीएम ने जतायी नाराजगी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेतर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में हुई। विभागों की समीक्षा के दौरान लक्ष्य से कम वसूली अगस्त माह में होने पर डीएम ने नाराजगी जताई।

डीएम मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि कर-करेत्तर राजस्व वसूली से सम्बन्धित विभागों के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक कर मानक के अनुसार वसूली सुनिश्चित करायें। वसूली प्रमाण-पत्र के वापसी की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि किन्हीं कारणों से तहसीलों द्वारा वापस की गयी आरसी को सम्बन्धित पोर्टल से भी डिलीट कर डाटा को अनिवार्य रूप अद्यतन कर दिया जाय। बैठक में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा में पाया गया कि माह अगस्त के लिए भू-राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 12.50 लाख के सापेक्ष रुपये 4.06 लाख की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 32.48 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित लक्ष्य रूपये 1972.62 लाख के सापेक्ष 1113.28 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 56.44 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रुपये 1810.00 लाख के सापेक्ष 1449.83 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 80.10 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रूपये 3760.00 लाख के सापेक्ष 3245.05 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 86.30 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रुपये 105.87 लाख के सापेक्ष 412.81 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 389.92 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रुपये 3200.09 लाख के सापेक्ष 3251.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 101.59 प्रतिशत है। परिवहन मद में लक्ष्य रुपये 552.58 लाख के सापेक्ष 404.42 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 73.19 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रुपये 170 लाख के सापेक्ष 120.20 लाख की वसूली हुई। अलौह खनन मद में लक्ष्य 96.80 लाख के सापेक्ष 20.27 लाख की वसूली, मण्डी समिति मद में लक्ष्य 249.91 लाख के सापेक्ष 250.84 लाख की वसूली हुई। डीएम ने कहा कि किसी भी विभाग की राजस्व वसूली लक्ष्य से कम नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सरयू नहर खण्ड के नोडल अधि.अभि. दिनेश कुमार, अधि.अभि. विद्युत शैलेन्द्र कुमार, ईओ प्रमिता सिंह, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह आदि थे।


कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक को संबोधित करतीं डीएम। अमृत विचार

# बिना दबाव के लक्ष्य की ओर बढ़े महिलायें

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** माता भगवती कुंज आश्रम, परसेंडी में नारी संघ की ब्लॉक स्तरीय पैरवी दल की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की और भविष्य के लिए योजनाएम बनाई।

अपराजिता द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत, पुरवा स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक एक संगठनात्मक ढांचा विकसित किया गया है, जिससे महिलाओं को उनके हक और अधिकारों की पहचान कराई जा रही है और उन्हें दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।बैठक में, महिलाएं अपनी चिंताओं और मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रणनीतियाँ बनाती हैं। परियोजना निदेशक किरण बैंस ने बाल विवाह, किशोरी शिक्षा, घरेलू हिंसा जैसे गंभीर विषयों पर नारी संघ के नेताओं के साथ गहन चर्चा की। कार्यकर्ता अर्पिता ने अगली तीन माह की गतिविधियों के लिए रणनीति तैयार की, ताकि महिलाएं समाज के हित में ठोस कदम उठा सकें।प्रोग्राम लीडर अभय ने महिलाओं को उनके विशेष अधिकारों के बारे में बताया, जिसमें शिक्षा का अधिकार, संपत्ति का अधिकार, कार्य का अधिकार, मातृत्व लाभ, महिलाओं की सुरक्षा, मताधिकार और स्वास्थ्य का अधिकार शामिल थे। बैठक में ब्लॉक स्तरीय पैरवी दल की अध्यक्ष इंद्रावती, उपाध्यक्ष सुशीला, सदस्य रामरती, और अपराजिता टीम के सोनी, जितेंद्र, विपिन मौजूद रहे।


जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

# जल्द तैयार होगा सेमीकंडक्टर व सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का हब

धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**03** प्रोजेक्ट पूरे करने पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किया फोकस

**16** स्टाल लगाए यीडा ने हॉल नंबर 3 में


योजनाओं के बारे में बताते यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह।

- सेमीकंडक्टर पार्क की तैयारियां पूरी, सरकार की मंजूरी मिलते ही भूमि आवंटन संभव
- सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में विप्रो, टाटा, इंफोसिस कंपनी ने दिखाई रुचि
- फिनटेक सिटी में हैवल्स और एंकर जैसी यूनिट्स की हो रही स्थापना

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से राज्य सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर जगह में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के प्रोजेक्ट पर फोकस करते 16 स्टाल लगाए हैं।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीनें भी आरक्षित कर दी गई हैं। हाल में हुए सेमीकॉन समिट में निवेशकों ने रुचि दिखाई।इसमें अमेरिका की तीन कंपनियां भी हैं। तीनों प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तावित हैं। मंजूरी मिलते ही सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीन दी जाएगी। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) के लिए इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए अलग से जमीन निर्धारित की है। इसकी स्कीम यीडा की बोर्ड मीटिंग के बाद निकाली जाएगी। फिनटेक पार्क के लिए हैवल्स, एंकर जैसी कंपनियां सामने आ रही हैं। उम्मीद है कि इसकी स्कीम भी अगले 10 से 15 दिनों में लांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन तीन बड़े स्टॉल्स के अलावा पूर्वांचल रियल स्टेट, आगरा की शू एक्सपोर्ट कंपनी आरटेक वान, न्यू जेन, फिल्म सिटी, पतंजलि, नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट, वीवो, सूर्या फूड और सिफी टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। ये सभी कंपनी यीडा क्षेत्र में या तो कार्य कर रही हैं या फिर करने जा रही हैं।


ग्रेटर नोएडा में लगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्पादों को देखते बाहरी प्रदेशों से आए लोग।

## उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में बताया

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** ट्रेड शो के दूसरे दिन हॉल नंबर-2 में तीन ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। इसमें उद्यमी, उभरते उद्योग, नवउद्यम और नए व्यापार शुरू करने के इच्छुक लोग शामिल हुए। अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा इनोवेशन और स्टार्ट-अप सत्र आयोजित किया गया। छात्रों को एकेटीयू की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने अकादमिक उत्कृष्टता से उद्यमिता तक की यात्रा पर एक प्रस्तुति दी गई। इनोवेशन हब के प्रमुख माहीप सिंह और इनोवेशन हब की प्रबंधक वंदना शर्मा ने बताया कि कैसे इनोवेशन हब उत्तर प्रदेश में उद्यमियों और नवउद्यमों को सशक्त बना रहा है और स्थानीय नवउद्यमों के लिए फंडिंग का मार्ग खोल रहा है। साथ ही एक अन्य सत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने की।

# अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलने से गदगद हैं युवा उद्यमी

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**400** निर्यातकों ने लगाए हैं स्टाल

**277** नये निर्यातकों ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार :** युवा उद्यमियों के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो वरदान साबित हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मंच मिलने से वे उत्साहित हैं। उनका कहना है कि भारत के बाहर से आने वाले बॉयर्स से काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। यह उनके कारोबार को बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। शो के एक्सपोर्ट पवेलियन में आए लगभग 400 निर्यातकों में 277 नये हैं। इनमें से अधिकतर ने 2-3 साल पहले ही कारोबार शुरू किया है।

## सीए की नौकरी छोड़ शुरू किया स्टॉर्टअप : दिलीप


दिलीप चौहान

सिद्धार्थनगर के युवा कारोबारी दिव्यम आहार के फाउंडर दिलीप चौहान ने सीए की अच्छी खासी नौकरी छोड़कर दिव्यम आहार नाम से अपना स्टॉर्टअप शुरू किया है। इनके 'काला नामक' चावल को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उन्होंने कहा, सरकार जिस तरह स्टॉर्टअप को बढ़ावा दे रही है, वह हम जैसे युवाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## विदेश के बॉयर्स आने से उत्साहित : गार्गी गौर


गार्गी गौर

चीनी मिट्टी इंडिया की फाउंडर मथुरा निवासी गार्गी गौर को दूसरी बार इस ट्रेड फेयर में शामिल होने का मौका मिला है। पिछली बार भी बहुत अवसर मिला था।हमारे पास बहुत सारी एजेंसी के लोग आए थे। इस बार भी बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि इंडिया के अलावा बाहर के देशों से भी लोग आ रहे हैं। यह ट्रेड फेयर हमारे लिए बड़ा अवसर साबित हो रहा है।

## जर्मनी-ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में निर्यात : सहर्ष


सहर्ष

टेराकोटा उत्पाद का कारोबार करने वाले गोरखपुर के युवा एन्टरप्रिन्योर सहर्ष ने कहा कि बी-टू-बी सेशन के माध्यम से उन्हें काफी रिस्पांस मिला है। इसमें बहुत सारे एक्सपोर्टर्स से कनेक्ट होने का मौका भी मिला। हाल में ही जर्मनी, नेपाल और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी एक्सपोर्ट करने का अवसर मिला है। ऐसी प्रदर्शनी से हमें एक्सपोजर मिलता है।

## संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता में शगुन को मिला पहला स्थान

**बलरामपुर अमृत विचार।** एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में "गीता सुगीता कर्तब्या :" विषय पर सर्वोत्तम निबंध लिखने वाली शगुन ने पहला स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय की अध्यक्षता तथा डॉ भावना सिंह के संयोजकत्व में संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि गीता सुगीता कर्तब्या: यह श्लोक कहता है कि गीता का अध्ययन और मनन करो तो फिर शास्त्रों की क्या आवश्यकता है। इस श्लोक का तात्पर्य यह नहीं है कि अन्य शास्त्र व्यर्थ हैं। इसका अर्थ है कि यदि गीता को आत्मसात कर लो तो सार वास्तु अर्थात ईश्वर के बोध की प्राप्ति हो जाएगी, कल्याण हो जायेगा, सर्वोच्च पद की प्राप्ति हो जाएगी। डॉ अवनीन्द्र दीक्षित ने सभी का स्वागत किया। वहीं संयोजक डॉ भावना सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - शगुन, बीए (तृतीय वर्ष, संस्कृत), द्वितीय स्थान - श्वेता शुक्ला बीएससी (तृतीय वर्ष), तृतीय स्थान -पार्थेश्वर दुबे (बीएड, प्रथम वर्ष) एवं शिखा पांडेय - एमए (प्रथम वर्ष, हिन्दी), सांत्वना - सुचिता द्विवेदी बी ए (द्वितीय वर्ष, संस्कृत)प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो .राघवेंद्र सिंह, डॉ. दिनेश मौर्य, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ. आशीष लाल, डॉ. सुनील शुक्ल, डॉ श्रद्धा सिंह व अनिल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# 4 करोड़ रुपये से होगा दो पौराणिक धरोहरों का सौन्दर्यीकरण

संवाददाता, बलरामपुर

**विशेष फोकस**

- हनुमान मंदिर रानी का तालाब एवं पौराणिक शिवगढ़ धाम पचपेड़वा के सौन्दर्यीकरण के लिए शासन को भेजा प्रस्ताव

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा जहां एक ओर विकास कार्यक्रमों को गति देने एवं सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों-कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा जनशिकायतों के निस्तारण के लिए निरीक्षण किये जा रहें हैं, वहीं दूसरी ओर जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने एवं विकसित करने पर भी विशेष फोकस किया गया है। जिलाधिकारी ने वन्दन योजना के तहत नगर क्षेत्र बलरामपुर स्थित रानी तालाब के पास हनुमान मन्दिर एवं नगर पंचायत पचपेड़वा अन्तर्गत पौराणिक महत्व के शिवगढ़ धाम मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के लिए धनावंटन का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि रानी तालाब के निकट स्थित हनुमान मन्दिर सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के दृष्टिगत अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हनुमान मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सम्पर्क मार्ग, परिक्रमा पथ, विश्रामालय, हवन कुण्ड शेड, बेन्च एवं घाट के सौन्दर्यीकरण के सीढ़ी का निर्माण कार्य तथा सम्पर्क मार्ग तिराहा का सौन्दर्यीकरण कार्य कराने के लिए 01 करोड़ निन्नान्बे लाख 65 हजार रूपए का बजट का प्रस्ताव भेजा गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत पचपेड़वा क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नम्बर 14 में स्थित पौराणिक एवं 200 वर्ष पुराने स्वयंभू शिवलिंग व माता पार्वती के प्रसिद्ध शिवगढ़ धाम मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के लिए मन्दिर परिसर में हॉल का निर्माण, मन्दिर का सौन्दर्यीकरण, मुनीर महतौ के मकान से शिवगढ़ धाम मन्दिर तक सीसी रोड निर्माण का कार्य, वार्ड नम्बर-9 में सिसहनिया से शिवगढ़ धाम मन्दिर में परिसर के आस-पास 110-130 वॉट एलईडी लाईट एवं 09 मीटर आक्टोगोनल पोल की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य कराने के लिए 1 करोड़ 99 लाख 90 हजार रुपये का बजट आवंटन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।


रानी तालाब हनुमान मंदिर।


शिवगढ़ धाम मंदिर। अमृत विचार

बताते चलें कि मान्यता के अनुसार शिवगढ़ धाम मन्दिर एक पौराणिक एवं 200 वर्ष पुराना भू-गर्भ से प्राप्त एक स्वयं-भू शिवलिंग व माता पार्वती का मन्दिर है जहां पर पूरे वर्ष दर्शनार्थियों का आना-जान लगा रहता है। श्रावण मास में जिले की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा जो कि देवीपाटन शक्तिपीठ के सूर्यकुण्ड से जल लेकर कांवड़िये शिवगढ़ धाम मन्दिर पर हजारों की संख्या मे जलाभिषेक के लिए आते हैं। इसी प्रकार रानी तालाब के पास स्थित हनुमान मन्दिर का भी अपना पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है जहां पर हनुमान जयन्ती, ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल एवं प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को श्रद्धालु काफी संख्या में दर्शनार्थ आते हैं। उन्होंने कहा कि पौराणिक महत्व के दोनों मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हो जाने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी तथा धरोहरों का संरक्षण भी हो सकेगा।

## सार-संक्षेप

### एलोपैथिक प्रेक्टिस पर अस्पताल सीज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी एवं सीएमओ के आदेश पर डॉ. रवि नंदन त्रिपाठी पीसीपीएनडीटी व निजी प्रतिष्ठान नोडल अधिकारी,डॉ. विकल्प मिश्र अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर के द्वारा संजीत सरकार झोलाछाप चिकित्सक रमवापुर तुलसीपुर बलरामपुर को अवैध एलोपैथिक प्रेक्टिस किए जाने के कारण सीज कर दिया है। इसी क्रम में जनता अल्ट्रासाउंड तहसील रोड तुलसीपुर, ओम डायग्नोस्टिक सेंटर इटवा चौराहा तुलसीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय फार्मा एफ रजिस्टर एवं बैठने की सुलह व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया एवं चिकित्सक के प्रमाण पत्र, मशीन पेपर अल्ट्रासाउंड कच्छ के बाहर डिस्प्ले करने के लिए निर्देशित किया गया एवं प्यारी बिटिया पोर्टल के अंतर्गत निर्गत कंट्रोल नंबर के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म अप भरवाने के भी निर्देश दिए गए।

### हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने हत्या के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 30 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड भी अदा करने का आदेश दिया है। थाना पचपेड़वा के ग्राम मनोहरपुर निवासी मायादेवी ने 11 सितम्बर 2020 को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि ग्राम गांवरिया निवासी दिनेश कुमार ने 6 सितम्बर 2020 को पति परशु राम को मारा पीटा जिससे उनकी इलाज़ के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच शुरू की। जांच के बाद विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सत्र परिक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता नवीन कुमार तिवारी ने सात गवाहों को न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायधीश ने दिनेश कुमार को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अर्थ दण्ड में से 25 हज़ार रुपया मृतक की पत्नी को देने का आदेश दिया है।

### स्वभाव स्वच्छता व संस्कार स्वच्छता की दिलाई शपथ


झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देते कॉलेज के प्रबंध निदेशक व मुख्य अतिथि।

**बलरामपुर अमृत विचार।** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज बलरामपुर में गुरुवार को स्वच्छ हिंदुस्तान बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों शिक्षकों ने आसपास के लोगों को स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की शपथ दिलाई। मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को स्वच्छता अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डा. एमपी तिवारी के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएसएस के नोडल अधिकारी तथा एममलके पीजी कॉलेज बलरामपुर वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन श्रीवास्तव रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हमारे स्वभाव में स्वच्छता होगी तो हमारे संस्कार भी स्वच्छ होंगे। स्कूल के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने पड़ोस के गांव कालीथान तथा बंजारनडीह तक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से स्वच्छता अपनाने की अपील की। इस दौरान रैली निकालकर गांधी जी का एक ही नारा स्वच्छ हो हिंदुस्तान हमारा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी ने अतिथियों के आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज की उप प्रधानाचार्य शिखा पांडेय, आशुतोष मिश्रा व अशोक चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने पेश किए 50 मॉडल


विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों का मॉडल देखते प्रबंधक ,शिक्षक। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** डीएवी इंटर कॉलेज बलरामपुर में विज्ञान वर्ग के कक्षा 11 और 12 के छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्रों ने लगभग 50 मॉडल प्रदर्शित किए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक संजय तिवारी और प्रधानाचार्य हरि प्रकाश वर्मा ने किया। संजय तिवारी ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच के लिए प्रेरित किया और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में गौतम कश्यप की टीम को प्रथम, जोबा की टीम दूसरे और तीसरे स्थान पर वैभव पाण्डेय व यश कुमार की टीम ने संयुक्त रूप से विजेता बनी। निर्णायक मंडल में एम एल के पीजी कॉलेज के बनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन, पूर्व रसायन विभाग प्रवक्ता दिलीप श्रीवास्तव और भौतिक विज्ञान प्रवक्ता अदिति राठौर रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सड़क पर उतरे शिक्षक

संवाददाता,बलरामपुर


पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रैली निकालते शिक्षक व कर्मचारी संगठन अटेवा के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली के लिए बृहस्पतिवार को शिक्षक व कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। नगर में पैदल मार्च निकालकर पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

अटेवा जिलाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी व मंडलीय संगठन मंत्री मोहम्मद इक़बाल खान के नेतृत्व में शिक्षकों ने छोटा परेड ग्राउंड से जनाक्रोश रैली निकाली। रैली को समर्थन करते हुए विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफयर एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान, यूटा जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्रा, पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ महामंत्री अनिरुद्ध प्रताप तिवारी, यूपी पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप गौतम, यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, जिलाध्यक्ष नवीन सिंह, यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, पीएसपीएसए के अखिलेश कुमार शुक्ला, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप बौद्ध, उच्च शिक्षा डिग्री कॉलेज संगठन जिलाध्यक्ष प्रो. प्रकाश चंद्र गिरि, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष विकासकांत पांडेय तथा महिला संघ जिलाध्यक्ष रेशू पांडेय के नेतृत्व में शिक्षक व कर्मचारियों ने विरोध जताया। पैदल मार्च करते हुए कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर पीएम व सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि एनपीएस और यूपीएस व्यवस्था कर्मचारियों के हित में नहीं है। पुरानी पेंशन बहाल किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, तुलाराम गिरि, फैजान अंसारी, संतोष उपाध्याय, सौभाग्य पाठक, एसपी सिंह, अमित वर्मा, मलिक मुन्नवर, अमित तिवारी, जहीर, उमेश चंद्र, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# मालवाहक को यात्री वाहन न बनाएं श्रद्धालु : एसपी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने अगले माह से शुरु हो रहे शारदीय नवरात्र के दौरान आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी मन्दिर तुलसीपुर में लगने वाले मेले के दौरान यातायात व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी श्रद्धालुओं को माल वाहक वाहनों का प्रयोग सवारी गाड़ी के रूप में न करने की सलाह दी है।

जनपद के समस्त थानाध्यक्ष एवं प्रभारी निरीक्षकों को अपने थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधान व दुर्गापूजा समिति के सदस्यों की मीटिंग कर यातायात जागरुकता अभियान चला कर लोगों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरुक करें। मेला आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षा के दृष्टिगत माल वाहक वाहनों का सवारी गाड़ी के तौर पर प्रयोग न करने व यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी है। मेले में महिला सुरक्षा तथा दर्शनार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उपद्रवियों को चिन्हित करने के लिए मेला परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लग रहे हैं। मेला परिसर में एंटी रोमियो स्क्वायड तैनात रहेगा। गुमशुदा की तलाश के लिए मेला परिसर में खोया पाया केंद्र स्थापित किया जायेगा। जो 24 घंटे कार्यरत रहेगा।

**वाहन पार्किंग के लिए चिन्हित स्थान :** हरैय्या के तरफ से आने वाले वाहन सिरिया नाला के पास बने पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें।

# केक काटकर मनाया फार्मासिस्ट दिवस



कार्यक्रम में मौजूद फार्मासिस्ट। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर गत बुधवार को जिला मेमोरियल चिकित्सालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अगुवाई में केक काटकर फार्मासिस्टों ने एक-दूसरे को बधाई दी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अस्पताल के सीएमएस डॉ. शारदा रंजन ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण अंग है। अस्पताल आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में आप लोगों की अहम भूमिका होती है। इसलिए फार्मासिस्ट को मरीजों का सच्चा हितैषी कहा जाता है। चीफ फार्मासिस्ट रामतीरथ निषाद ने बताया कि फार्मासिस्ट को सम्मान देने के लिए वर्ष 2009 से 25 सितंबर के दिन फार्मासिस्ट दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। गोष्ठी के सीएमएस व अध्यक्ष ने केक काटकर फार्मासिस्ट को बधाई दी गई। साथ ही उन्हें कर्तव्यनिष्ठा व पूरी ईमानदारी के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी में मंत्री एखलाक अहमद व विजय सिंह ने भी अपने विचार रखें। रामकुमार तिवारी, अधव प्रसाद वर्मा, जय प्रकाश, सईद अहमद, सीपी सिंह, एनके उपाध्याय, राम बहादुर यादव व वाईपी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

**बैठक** सीएमओ ने की आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यरत सीएचओ के कार्यों की समीक्षा

# नवदंपतियों को परिवार नियोजन के लिए करें प्रेरित

संवाददाता, बलरामपुर


सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते सीएमओ मुकेश रस्तोगी।

**अमृत विचार:** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। बैठक में सीएचओ से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई जरूरी दिशा निर्देश दिये।

सीएमओ ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर साफ-सफाई का बेहतर इंतजाम सुनिश्चित कराया जाये। ताकि इलाज के लिये आने वाले मरीजों को वहां बेहतर माहौल उपलब्ध हो सके। सभी गर्भवती महिलाओं की अद्यतन सूची तैयार कर ससमय एएनसी जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने योग्य दंपतियों को आवश्यक काउंसिलिंग के लिये महीने में एक बार बैठक आयोजित कर परिवार नियोजन संबंधी उपायों पर विस्तृत चर्चा करने का निर्देश दिया। सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से एनसीडी सेवाओं के प्रभावी संचालन का निर्देश सभी सीएचओ को दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता संबंधी उपायों को बढ़ावा देकर आम लोगों को कई गंभीर रोग के खतरों से बचाया जा सकता है। इसके लिए क्षेत्र के लोगों को विभिन्न रोग के कारण व बचाव संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करने का निर्देश उन्होंने दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हमारे प्रदर्शन में लगातार सुधार हो रहा है। इसे और बेहतर किया जा सकता है। इसके लिये सामूहिक प्रयास जरूरी है। बैठक में एसीएमओ डॉ बी पी सिंह, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा,डीएमओ राजेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहें उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला अधिकारों के संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का बड़ा महत्व है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी हैं, जो देश के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। 2005 के अधिनियम के अनुपालन के बाद भी भारत में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। इन हालात में भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालने वाली सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी चुनौतियों पर चर्चा जरूरी हो जाती है। न्यायालय ने कहा कि भारत में एक महिला को पुत्री, बहन, पत्नी, मां, साथी या एकल महिला के रूप में घरेलू हिंसा एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंतनीय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5), 2019-2021 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का अनुभव किया है 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। यह केवल महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए मामलों की संख्या है।

अक्सर ऐसे बहुत से मामले होते हैं जो पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाते। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार हिंसा की शिकार 87 प्रतिशत विवाहित महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों का प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है? कानूनों का असंगत क्रियान्वयन प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालता है। इसका कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक निकायों में घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण का अभाव हो सकता है। साथ ही अदालत में घरेलू हिंसा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूतों की आवश्यकता होती है। गवाहों या भौतिक साक्ष्यों की कमी से मामले कमज़ोर हो सकते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कभी न खत्म होने वाले चक्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। घरेलू हिंसा अक्सर परिवार के भीतर ही होती है। कानूनी कार्रवाइयों से पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं, जिससे पीड़ित कानूनी उपाय अपनाने में हिचकिते हैं। ऐसे में ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं समुदायों को दृढ़ता से समर्थन करने की आवश्यकता है।

# विकसित भारत का विजन पूरा करने को पर्यटन में अवसर



गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री निरंतर यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई।

पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था। एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है–एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके। प्रधानमंत्री का विकसित भारत का विज़न पूरा करने के लिए पर्यटन अनेक अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस पर,इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें।

## प्रसंगवश

# तंत्र की लोक से अनपहचान

समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत प्रोफेसर

आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय-जीवन की सामाजिक-राजनैतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक साहित्यिक समस्त गतिविधियों का केंद्र लोकजीवन है। हमारी आधार-भूत समस्याओं का मूल है-तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं। एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 प्रतिशत जनता ईडियट है। और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक-आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मान कर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं। अनेक देशों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं, भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं। संस्कृतिशास्त्र के विभाग नहीं हैं।

लोकवार्ता लोकतंत्र का तत्वदर्शन है। साहित्य के व्याख्याता किताबी भाष्य तो करते हैं, लोकजीवन को विस्मृत कर देते हैं। यह खंडित दृष्टि है। समकालीन दृष्टि, ऐतिहासिक दृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टि पर लंबी चौड़ी बहस करते हैं किंतु इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि ये सारी दृष्टियां लोकजीवन के लिए हैं। यदि इन दृष्टियों में समष्टिभाव का लोप है, तो इन दृष्टियों का उधार तो हम पर है नहीं। इनका क्या करना है? समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

# आसान नहीं है 'हाइब्रिड' वाहनों की राह



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमें लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है।

पेट्रोल तथा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अपना रुझान करते जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार का प्रयास भी इसी दिशा में है। लेकिन इन सबके बीच ऑटोमोबाइल से जुड़ी बहुत सारी कंपनियां पारंपरिक इंजन से चलने वाले वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच की एक कड़ी लाने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल' कह सकते हैं।

हाल ही में 'एचएसबीसी ग्लोबल' रिसर्च की रिपोर्ट में आगामी 5-10 वर्षों में भारत को आवागमन हेतु सतत समाधान के रूप में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के स्थान पर हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जिसके परिणामस्वरूप भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद अब हाइब्रिड वाहनों की तरफ मुड़ते जा रहे हैं।

वस्तुतः भारत में अभी होंडा, सुजुकी,और टोयोटा जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने हाइब्रिड वाहनों को लांच किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से ही बहुत सी गाड़ियां आ रही थीं। लेकिन उनकी एक सीमा (रेंज) है। और उससे बचने के लिए हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है।

ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट के मुताबिक हाइब्रिड कारों की 'रनिंग कॉस्ट' लंबी अवधि में ईवी से कम होती है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 'चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर' की कमी अभी भी एक बड़ी समस्या है लेकिन वहीं हाइब्रिड कारें ईंधन और बैटरी दोनों से चल सकती हैं। हाइब्रिड वाहनों को पसंद करने का एक और प्रमुख कारण इसकी 'रेंज एंग्जाइटी' का 'नहीं' होना है क्योंकि ईवी में 'रेंज एंग्जाइटी' यानी कि कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने को लेकर चिंता अभी भी बरकरार है। जबकि हाइब्रिड कारें इस चिंता से निजात दिलाती हैं। क्योंकि बैटरी के चार्ज नहीं होने की स्थिति में हम इसे पेट्रोल से चला सकते हैं।

गौरतलब है कि ऑटो कंपनियों के संगठन 'सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटो मोबाइल मनुफक्चरर्स' के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। यही वजह है कि मारुती सुजुकी टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं। हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लांच करने की योजना बना रही है।

हाइब्रिड वाहनों में पेट्रोल या डीजल जैसे 'इंटरनल कम्बशन इंजन' (आईसीई) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है। जो वाहनों की रेंज और ईंधन की दक्षता को बढ़ाने में मददगार है। दुनिया में पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के अतिरिक्त स्ट्रांग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है।

भारत में हाइब्रिड वाहनों की चुनौतियां भी कम नहीं हैं, जिसमें से कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्न हैं : भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजारः भारत का बाजार अभी 'संक्रमण काल' (ट्रांजीशन फेज) से गुजर रहा है। क्योंकि देश में लंबे समय से पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी वाहनों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार भी अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। इन सबके बीच हाइब्रिड तकनीक अभी शुरुआती नवीनतम स्तर पर है। इस तकनीक के पूरी तरह से विकसित होने के बाद ही इसकी कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमे लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है। बैटरियों की लागत ज्यादा होने के कारण वाहनों की कीमत भी बढ़ जाती है। सरकारी सब्सिडी इसमें कुछ हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है। अतः इसे कम कीमतों के साथ बाजार में उपलब्ध कराना होगा ताकि लोग इससे जुड़ सकें और इसका उपयोग कर सकें।

हमारे देश में जैसे-जैसे हाइब्रिड वाहनों का उपयोग बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में वृद्धि से भी राहत मिलेगी। सरकार भी इसमें 'टैरिफ' देकर इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माताओं को भरसक सहयोग कर रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाइब्रिड वाहनों के उपयोग से प्रदूषण की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# कुछ न सोचता है न बोलता



रमा शंकर सिंह
दिल्ली

वर्तमान की दो पीढ़ियां शहर में नक़ली खाकर बड़ी हुई हैं। नक़ली ख़राब खाना जिसमें सब्ज़ी दाल आटा और सबसे ख़राब वे जो पैक किए मसाले ही इन्हें अच्छे लगते हैं और जैविक और कीटनाशक रहित सब्ज़ियों में इन्हें चमक नहीं मिलती तो बेकार समझते हैं। मोम की परत से चमकीला बनाया पुराना शीतगृहों का सेब अच्छा लगता है जबकि बाग़ान से उतरा कम लाल व कम चमकीला इन्हें सस्ता होने पर भी बुरा लगता है। ऋतु मौसम के अनुसार फल व सब्ज़ियों का चुनाव कैसे करें यह सीख स्कूल तो देते नहीं जबकि हर इंसान को दिन में तीन चार बार इन्हीं से बनी चीजों की ज़रूरत पड़ती है और पेट में जाती हैं। स्कूल जीवन के लिए नहीं नौकरी धंधे के लिए तैयार कर रहे हैं जबकि जीवन जीते हुए ही नौकरी धंधा होता है। दवाइयों में अकल्पनीय मिलावट है। अभी हाल ही में एक एंटीबायोटिक गोली की प्रयोगशाला में जांच हुई तो पाया कि शुद्धतः खड़िया मिट्टी थी। इन सब विषयों पर जो जीवन पर प्रतिकूल असर डालकर जीवन को छोटा और बीमार कर रहे हैं, भारत कुछ न सोचता है न बोलता है। लड्डू में मिलावट भी बुरी और ख़तरनाक है लेकिन सिर्फ़ मंदिर की नहीं हर दुकान पर हो रही भी। जो समाज हर दुकान की मिठाई शुद्ध नहीं बनवा सकेगा वो मंदिर की क्या ख़ाक ठीक करेगा? चार महीने बाद हल्ला कम होने पर वही चर्बी वाले तेल में देसी घी का फ्लवेर और पीला रंग तुम्हें फिर से देसी घी लगने लगेगा।

उपभोक्ता आंदोलन किसने ख़त्म किया? फ़ैक्ट्री मालिकों, मज़दूर व उपभोक्ता यूनियनों संस्थाओं के भ्रष्ट नेताओं, ब्लैकमेल करने वाले वकीलों और सो रहे लेकिन लगातार लुट रहे उपभोक्ताओं ने। सरकारों पार्टियों के मजे , खूब चंदा उड़ाओ; सबसे अपार पैसे खाओ। असल में भारत सदियों से अभिशप्त है कि यहां की जनता अपने मुद्दों की मालिक खुद कभी नहीं बनना चाहती, इसे हर बात के लिए अवतार चाहिए। आख्यानों कथाओं के लिए तो ठीक है पर असल ज़िंदगी में जो भी अवतार बनने की प्रक्रिया से गुज़रते हैं वे किन महाशक्तियों ने गढ़े हैं यह देखना जानना भी नहीं है।

– फेसबुक वॉल से

# दिशाओं की बातें



डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर।

सुबह जब मैं अपने घर के बगीचे में टहल रहा था तो मैंने सूर्य को उदय होते हुए देखा। मैंने सूर्य के उदय होने की दिशा देखी। मैंने गौर किया कि मेरे घर की दिशा के सापेक्ष जून में सूर्य मुझे अभी की अपेक्षा उत्तर की ओर से उदित होता हुआ दिखाई पड़ता था और जाड़ों में दक्षिण की ओर से। मुझे याद आया कि अभी कुछ दिन पहले-22 सितंबर को-उत्तरी गोलार्ध का ऑटम इक्विनॉक्स होकर चुका है। इसका अर्थ हुआ कि इस समय सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर है। जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मियां पड़ती हैं तब वह 23.5 डिग्री उत्तर-कर्क रेखा-के ऊपर और यहां जाड़े पड़ने पर 23.5 डिग्री दक्षिण में मकर रेखा के ऊपर होता है।

यह देख कर मेरे मन में विचार आया कि पूर्व दिशा क्या है। हम लोग बचपन में पढ़ते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदित होता है, वह पूर्व दिशा होती है। इसकी ओर मुंह करके खड़े होने पर हमारी पीठ पीछे पश्चिम दिशा, बाएं हाथ की ओर उत्तर दिशा और दाएं हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है। लेकिन सूर्य तो किसी एक निश्चित दिशा से उदित नहीं होता है। यह आभासी रूप से 23.5 डिग्री उत्तर अक्षांश से 23.5 डिग्री दक्षिण अक्षांश के बीच घूमता हुआ दिखाई पड़ता है। तब हम पूर्व दिशा किसे मानेंगे ?

यह कहना गलत है कि पृथ्वी के केंद्र से सूर्य के केंद्र की ओर जाने वाली दिशा पूर्व दिशा होती है। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा अपनी यात्रा के पथ में हर बिंदु पर यह दिशा बदलती रहती है। वास्तव में कोई भी 'कार्डिनल' दिशा पृथ्वी की सतह के सापेक्ष देखी जाती है। पृथ्वी की सतह के किसी स्थान से हमें सूर्य जिस ओर दिखाई पड़ता है, आम तौर पर उसे पूर्व दिशा कह दिया जाता है। किन्तु क्या यह एक सही परिभाषा है?

यह कहना भी गलत है कि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी किसी भी ओर से घूमे, हम उसे पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम कह सकते हैं। कहने का सही तरीका यह है कि यदि हम पृथ्वी को उसके उत्तरी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे की ओर देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा में चलती हुई-या घूमती हुई- दिखाई पड़ेगी। या इसे हम ऐसे कह सकते हैं कि हम पृथ्वी को दक्षिणी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों की दिशा में चलती हुई दिखाई पड़ेगी। पृथ्वी की सतह पर दिशाएं उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से भी तय की जा सकती हैं। लेकिन यहां पर चुंबकीय ध्रुवों और भौगोलिक ध्रुवों का अंतर भी सामने आता है। कहीं पर चुंबकीय ध्रुवों को देखा जाता है और कहीं पर भौगोलिक ध्रुवों को। इसके विभिन्न कारण होते हैं।

अंतरिक्ष में वैसे तो कोई दिशा नहीं होती है-या कहना चाहिए कि पृथ्वी की सतह के सापेक्ष वाली कोई दिशा नहीं होती है - लेकिन फिर वहां दिशाएं होती भी हैं। वह दिशाएं अनेक प्रकार से देखी जाती हैं, उदाहरण के लिए गैलेक्टिक एक्सिस से, हमारी गैलेक्सी या गैलेक्सी के बाहर की विभिन्न सेलेस्टियल बॉडीज के कोऑर्डिनेट्स से, पृथ्वी के पोल्स के एक्सटेंशन से, उसकी भूमध्य रेखा के एक्सटेंशन से, 'राइट एसेंशन' और 'राइट डेक्लीनेशन' से और अनेक अन्य प्रकार से। और अंतरिक्ष में 'ऊपर' और 'नीचे' भी नहीं होता है। और पृथ्वी की सतह के हर स्थान पर ऊपर और नीचे की दिशा एक-दूसरे के सापेक्ष भिन्न-भिन्न होती है।

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर। पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुव समय के साथ-साथ अपना स्थान थोड़ा-थोड़ा बदलते भी रहते हैं। बल्कि पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवों ने तो पृथ्वी के इतिहास में अनेक बार एक-दूसरे के साथ भी स्थान बदला है। जहां इस समय उत्तरी ध्रुव है, कभी वहां दक्षिणी ध्रुव था, और जहां दक्षिणी ध्रुव है, वहां उत्तरी ध्रुव। ऐसा उसके अंदर के लोहे के क्रोड की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुव भी अंतरिक्ष के तारों के सापेक्ष एक लट्टू के समान चक्कर लगाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूर्व और पश्चिम दिशा एक निश्चित दिशा नहीं है। हम यह मोटे तौर पर कहते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदय होता है, वह पूर्व दिशा होती है। तो, दिशाओं का संसार बहुत रोचक है। 'दिशाओं' से मुझे 'दिग्गजों' की याद आ रही है। दिग्गज - अर्थात् दिक् + गज - अर्थात् दिशाओं के हाथी। कभी यह माना जाता था कि चार दिशाओं में चार बड़े-बड़े हाथी होते हैं जो पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण किए रहते हैं। कैसी-कैसी धारणाएं थीं! लेकिन क्या अभी भी हम लोग अपनी धारणाओं में बहुत सुसंगत हो पाए हैं? क्या अभी भी हम अनेक अतार्किक धारणाएं नहीं पाले बैठे हैं? क्या अभी भी हमारे समाज की एक वैज्ञानिक मानसिकता बन पाई है?

# प्रसाद में मिलावट आस्था से खिलवाड़



प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में बीफ, फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के एक दावे से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूने लेने की तारीख 9 जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया। यह अनदेखी या जानबूझकर छूट का मामला है। टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया गया और घी को जांच के लिए नहीं भेजा गया। टेंडर के क्लॉज 80 के अनुसार आपूर्ति की गई घी की प्रत्येक खेप के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी है।

इसके अलवा टेंडर क्लॉज 81 के अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी के नमूनों को लैब परीक्षण के लिए भेजना अनिवार्य है। सवाल उठ रहे हैं कि अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच ब्लैक लिस्टेड कंपनी के पहले के नमूनों में ये मिलावट कैसे नहीं पकड़ी गई? क्या टीटीडी ने एनएबीएल/लैब परीक्षण के लिए नमूने नहीं भेजे? क्या ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने उस बैच का एनएबीएल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया जिसमें मिलावट पाई गई थी? भारत के कई राज्यों में एक लाख से अधिक मंदिरों (तिरुपति सहित) के प्रबंधन पर संबंधित सरकारों का नियंत्रण है। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के बैंक खाते में 18,817 करोड़ रुपये की राशि थी। मंदिर प्रबंधन को करीब 500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है।

श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) का विश्वप्रसिद्ध प्रसाद (लड्डू) तैयार किया जा रहा था, वह न केवल मिलावटी है, बल्कि उसमें 'फीश ऑयल', 'बीफ-टैलो' और 'लार्ड' (सुअर की चर्बी) जैसे तत्व भी पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है। आंध्र के सीएम ने विधायक दल की मीटिंग में दावा किया कि तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर मिलने वाले लड्डुओं में इनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस तरह के कृत्य से इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 87 हजार भक्त दर्शन हेतु आते है। उन्हें प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में प्रतिमाह 42 हजार किलो घी, 22,500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश और 6 हजार किलो इलायची लगता है। यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर इनकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन आधुनिक प्रयोगशाला में क्यों नहीं कराई जाती? हैरानी है कि प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने के खुलासे के बाद भी इस संबंध में कोई बात नहीं हो रही है।

## एक नजर

### डकैती कांड में आरोपियों की न्यायिक हिरासत 9 तक बढ़ी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बहुचर्चित चौक आभूषण डकैती कांड में जेल में बंद चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 9 अक्टूबर तक सीजेएम ने बढ़ा दी है। गुरुवार को आरोपी विनय शुक्ल, अरविंद यादव, विवेक सिंह और दुर्गेश प्रताप सिंह की जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग सीजेएम नवनीत सिंह ने हाजिरी दर्ज की तथा न्यायिक हिरासत अब 9 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि चारों आरोपी जिला कारागार सुलतानपुर में निरुद्ध हैं।

### रंजिश में मां-बेटी को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र तवक्कलपुर नगरा की शालू पुत्री ओमप्रकाश वर्मा का विपक्षियों से रंजिश चली आ रही थी। आरोप है कि बुधवार को विपक्षियों ने घर पर आकर गाली गलौज की और मना करने पर लाठी से मरने लगे। बीच बचाव करने आई शालू की मां को सरिया से मारपीट घायल कर दिया। बृहस्पतिवार को शालू की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही पुदई, बबलू, मनभावती, अनीता, गीता के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर लिया है।

### बहन को पीटने पर भाई के खिलाफ केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर,अमृत विचार :** भाई ने मायके आई अपनी सगी बहन को डंडे से मारा पीटा। निशा यादव पत्नी अरविंद कुमार यादव निवासिनी छोटा बघाड़ा प्रयागराज अपने मायके कीदपुर थाने के अंदारायपुर गांव में अपनी मां से मिलने आई थी। किसी बात को लेकर भाई से कहा सुनी हो गई। आरोप है कि बुधवार की शाम लगभग 6:30 बजे भाई ने गाली गलौज देते हुए वाइपर के डंडे से मारा पीटा और बाल एवं साड़ी पकड़कर जमीन पर घसीटा। जिससे उसे चोट आई। पीड़िता की तहरीर पर गुरुवार को पुलिस ने चंद्रिका प्रसाद के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## मारपीट मामले में 4 अधिवक्ता निलंबित

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** तहसील परिसर में अधिवक्ता विजय कुमार सिंह की पिटाई के मामले में बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी ने सख्त कदम उठाते हुए आरोपी अधिवक्ता राम सिंह उर्फ सौरभ को निलंबित कर दिया है। बार के मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल ने बताया कि बुधवार को क्लेम पिटीशन कोर्ट में हुई घटना में शामिल अधिवक्ता हरिराम चतुर्वेदी, भीमसेन चौरसिया और यश तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके अलावा आरोपी अधिवक्ता राजेश सिंह, जो कादीपुर बार एसोसिएशन के सदस्य हैं, उन पर कार्रवाई के लिए वहां के बार अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को पत्र भेजा जाएगा।

# जिले में इस साल बनेंगे 1890 आवास, सूची तैयार

## ब्लाक स्तर पर जीओ टैगिंग का सत्यापन पूरा होते ही भेजी जाएगी लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024-25 का जिले का लक्ष्य विकास खंडवार सूची तैयार हो गई हैं। किस कैटेगरी में किसको कितने आवास का लक्ष्य शासन से मिला है इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। जिले को इस बार 1,890 आवास का लक्ष्य मिला है।

बीते दिनों मुख्यमंत्री आवास को लेकर पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान पंचायत भवनों पर बैठक कर लाभार्थियों की सूची तैयार कर रहे थे। वहीं, आने वाले चुनाव में प्रधान पद की उम्मीदवारी करने वाले भी अपनी जमीन को तैयार करने में लगे थे। वहीं, शासन से आवास का लक्ष्य मिलने के बाद कुछ लोगों के चेहरे मुरझा गए। जिले में कुल 980 ग्राम पंचायतों में 1,727 गांव है, जबकि शासन से मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य 1,890 का मिला। जिससे किसी गांव में एक तो किसी में दो लोग ही लाभान्वित हो पाएंगे। जबकि, एक-एक ग्राम पंचायत से दर्जनों लोग आवास के लिए आवेदन किए थे। पात्रता के आधार पर ही आवास का लाभ मिल पाएगा।

### कैटेगरी का किया गया है निर्धारण

मुख्यमंत्री आवास की जारी सूची में का कैटगरी का भी निर्धारण किया गया है। पहले दैवीय आपदा, कुष्ठ रोग, मुसहर, नट,दिव्यांग फिर 18 से 40 वर्ष के विधवा की श्रेणी रखी गई है। प्रत्येक ब्लाक में कैटगरी के मुताबिक संख्या आरक्षित की गई। आरक्षित संख्या के हिसाब से ही आवास का वितरण किया जाएगा। लक्ष्य में 1,229 आवास सामान्य के लिए तो अनुसूचित जाति जनजाति के 661 आवास आरक्षित किए गए हैं। इस हिसाब से कुल 1,890 आवास बनाए जाएंगे।



सीडीओ के अनुमोदन पर मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष आवासों के पंजीकरण, जियो टैगिंग एवं स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषण की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करायें जाने को लेकर सभी बीडीओ को निर्देश जारी कर दिया गया है। इसके बाद लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा जाएगा।

**-अशोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सुलतानपुर**

### विकास खंडवार आवासों की संख्या

| | |
|---|---|
| अखंडनगर | 197 |
| बल्दीराय | 164 |
| भदैंया | 112 |
| धनपतगंज | 109 |
| दोस्तपुर | 138 |
| दूबेपुर | 168 |
| जयसिंहपुर | 100 |
| कादीपुर | 75 |
| करौंदीकला | 170 |
| कूरेभार | 202 |
| कुड़वार | 61 |
| लंभुआ | 98 |
| मोतिगरपुर | 214 |
| पीपी कमैचा | 82 |
| कुल | 1890 |

# 'अपार' में दर्ज होगी 12 तक के बच्चों की शैक्षिक कुंडली

## जिले में सभी बोर्डों से संचालित हैं 3,562 विद्यालय, अब कम होगी ड्राप आउट बच्चों की संख्या

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में सभी प्रकार के बोर्डों से संचालित समस्त प्रकार के विद्यालयों के कक्षा एक से 12 तक के बच्चों की अपार (ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) यूनिक आईडी बनेगी। आधार कार्ड की तरह यह आईडी 12 अंकों की होगी और आधार से लिंक किया जाएगा। इसके होने से सभी स्कूलों के बच्चों की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धि ट्रैक की जा सकेगी। सबसे बड़ी बात ड्रॉप आउट छात्रों की संख्या को कम करने में सहायक होगा।

जिले में बेसिक, माध्यमिक व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषदीय समेत समस्त प्रकार के बोर्डों से संचालित राजकीय, अशासकीय व वित्तविहीन मान्यता प्राप्त के कुल 3,562 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इसमें 1,454 परिषदीय प्राथमिक, 345 उच्च प्राथमिक व 268 कंपोजिट विद्यालय भी है। इन विद्यालयों में पांच लाख 21 हजार 796 छात्र-छात्राएं नामांकित है। इन सभी बच्चों का की अपार आईडी बनाई जानी है।

### क्या है अपार आईडी कार्ड

अपार आईडी कार्ड को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा पेश किया गया है। यह कार्ड निजी और सरकारी स्कूलों या कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक डिजिटल आईडी कार्ड है। अपार आईडी कार्ड एक आजीवन रहने वाला आईडी नंबर है, जो स्टूडेंट्स की एकेडमिक जर्नी और उनकी उपलब्धियों को ट्रैक करता है। इसके साथ ही, एक स्कूल से दूसरे स्कूल में ट्रांसफर की प्रक्रिया को आसान बनाता है।

### इस तरीके से बनाए अपार कार्ड आईडी

सबसे पहले विद्यार्थी को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी बैंक) की वेबसाइट पर जाएं। यहां माई अकाउंट पर पर क्लिक करें और स्टूडेंट्स के विकल्प को चुनें। फिर इसके बाद आपका डिजिलॉकर में अकाउंट है, तो ठीक है, नहीं तो 'साइन अप' पर क्लिक करें और मोबाइल, पता और आधार कार्ड पर जानकारी दर्ज करें। क्रेडेंटीज का यूज करके डिजिलॉकर अकाउंट में लॉग इन करें। इसके बाद डिजीलॉकर केवाईसी वेरिफिकेशन के लिए एबीसी के साथ आधार कार्ड डिटेल शेयर करने के लिए आपसे परमीशन मांगेगा। फिर आई एग्री को सलेक्ट करें। अपनी शैक्षणिक विवरण दर्ज करें। जैसे स्कूल का नाम, कक्षा, पाठ्यक्रम का नाम आदि। इतना करने के बाद फॉर्म जमा करे। ऐसा करने के बाद आपका अपार आईडी कार्ड जनरेट हो जाएगा।



सभी बीईओ को आदेश जारी कर दिया गया है। विद्यालयों के हेडमास्टर इस कार्य को अविलंब पूरा कराते हुए बीईओ के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराएंगे। अन्यथा की स्थिति में संबंधित विद्यालय का मान्यता प्रत्याहरण समेत अन्य विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

**-उपेंद्र गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुलतानपुर**

### यह होगा फायदा

इस आईडी के जरिए विद्यार्थी देश के किसी भी हिस्से से आसानी से ट्रैक किए जा सकेंगे, क्योंकि यह एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी के रूप में कार्य करेगी। इसके होने से छात्रों को कहीं पर भी एडमिशन लेने में परेशानी नहीं होगी। यह अपार आईडी डीजी लॉकर से भी जुड़ेगी। छात्र अपने सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड को एक जगह पर रख सकेंगे। यह आईडी भविष्य में उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए क्रेडिट स्कोर के रूप में उपयोगी होगी।

## दलित उत्पीड़न में प्रधान को जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सैफुल्लागंज में 8 साल पूर्व दलित के साथ गाली-गलौज और मारपीट के मामले में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ओदरा गांव निवासी आरोपी प्रधान शाहिद को राहत देते हुए न्यायाधीश राकेश पांडेय ने जमानत मंजूर कर ली है। बचाव पक्ष के वकील अभय तिवारी ने बताया अषाढ़ा सैफुल्लागंज निवासी वादी मुकदमा रामकरन गौतम ने 12 मार्च 2016 की सैफुल्लागंज में चाय की दुकान पर हुई कथित घटना में ओदरा गांव के शाहिद, सच्चन और जावेद पर दलित उत्पीड़न, मारपीट, अपमानित करने व हत्या की धमकी देने के आरोप में कोतवाली देहात में केस दर्ज कराया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी प्रधान की जमानत मंजूर कर ली है।

# 3 घरों में 10 लाख की नकदी व जेवरात चोरी

- चारों ने रेलवे लाइन के पास स्थित गांव के किनारे के घरों को बनाया निशाना

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात के अभियाकला, कुर्मियनवा और गोपालपुर गांवों में घर के बाहर सो रहे लोगों का फायदा उठाकर चोरों ने तीन घरों में चोरी की है। दीवार के सहारे घर में घुसकर बक्सा व अलमारी का ताला तोड़कर चोर करीब 10 लाख की नगदी व जेवरात की चोरी की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है।

कोतवाली देहात के अभियाकला निवासी सफाईकर्मी सुरेन्द्र तिवारी के घर बुधवार की रात चोरों ने दीवार के सहारे छत पर पहुंच गये। छत से सीढ़ी के रास्ते से घुसकर चोर अंदर के कमरों का ताला तोड़कर अलमारी, बक्सा व अटैची में रखे नगदी व उनकी पत्नी तथा बेटी के जेवरात सहित करीब तीन लाख की चोरी के घटना को अंजाम दिया है। यहीं से दो सौ मीटर दूर कुर्मियनवा निवासी रामयश यादव व नन्हेलाल यादव के घर भी चोर दीवार से छत पर चढ़कर घर में घुसे। सास बहू व दो बेटियों के जेवर व नकदी की चोरी की जिसकी कीमत करीब सात लाख है। चोरों ने कमरे मे रखी अटैची बाहर रेलवे लाइन किनारे फेंक दी जो सुबह मिली। इसके बाद बगल एक किमी दूर गोपालपुर गांव चोर पहुंचे, जहां गांव के पूर्वी किनारे पर स्थित त्रिलोकी मौर्या के घर में घुसे। कमरे का ताला तोड़कर चोर दो महिलाओ के जेवरात व दस हजार की नकदी की चोरी की है।

रात भर गर्मी से निजात पाने के लिए घर के अधिकांश लोग बाहर तथा महिलाएं छतों पर सोई थीं। इसका फायदा उठाकर चोर घर में दाखिल हुए तथा चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह गृहस्वामी को जानकारी होते ही पुलिस को सूचना दी तो महकमा हरकत में आया। मौके पर कोतवाली देहात पुलिस पहुंचकर घंटों जांच की है। पीड़ितों ने मामले की तहरीर दी है, जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है। देहात कोतवाल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

# जानलेवा हमले के 23 दिन बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

- पीड़ित ने कोर्ट में दाखिल की मॉनिटरिंग अर्जी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय थाना क्षेत्र के बिसांवा लंगड़ी गांव में तीन सितंबर को नरसिंह मिश्र पर हुए जानलेवा हमले के 23 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस संबंध में पीड़ित ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पामेला श्रीवास्तव की कोर्ट में मॉनिटरिंग अर्जी दाखिल की है। कोर्ट ने मामले में बल्दीराय थाने से चार अक्टूबर तक रिपोर्ट तलब की है।

पीड़ित पक्ष के अनुसार नरसिंह मिश्र पर बाइक सवार बदमाशों ने हमला कर दिया था। बदमाशों की गोली से शील निधान दूबे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वादिनी मालती मिश्र के वकील विजय सिंह का कहना है कि घटना के इतने दिनों बाद भी गिरफ्तारी न होने के कारण कोर्ट में मानीटरिंग अर्जी दी है। अधिवक्ता ने बताया आरोपी शीलू उर्फ शील निधान व अवनीश दूबे की अग्रिम जमानत अर्जी जिला जज द्वारा खारिज की जा चुकी है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 4 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

## सार-संक्षेप



केएनआई की विजेता टीम का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### योग प्रतियोगिता में कमला नेहरू संस्थान बना चैंपियन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को डा. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा अंतर महाविद्यालीय योग प्रतियोगिता गनपत सहाय पीजी कॉलेज सुलतानपुर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन अवध विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा किया गया। जिसमें कमला नेहरू संस्थान की टीम विजेता रही। संस्थान के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने दी। प्रतियोगिता में कमला नेहरू संस्थान की 12 सदस्यीय टीम (पुरुष व महिला) ने फाइनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। गनपत सहाय पी जी कालेज की टीम उपविजेता रही। योग प्रतियोगिता में कमला नेहरू संस्थान ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विजेता घोषित हुई। विजयी योग टीम का संस्थान वापसी पर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभाशीष प्रदान करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अशफाक हत्याकांड में हुई गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जगदीशपुर के चर्चित अशफाक हत्याकांड में गुरुवार को बचाव पक्ष से तीन गवाहों की गवाही दर्ज की गई। डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र ने बताया सीबीसीआईडी के सेवानिवृत्त निरीक्षक हवलदार सिंह, रानीगंज के सुभाष कौशल व ध्रुव कौशल की गवाही कोर्ट में दर्ज की गई है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख नियत की है। अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर कला गांव के अशफाक अहमद की जगदीशपुर बाजार में स्थित विजया बैंक के पास 30 जनवरी 2018 गोली व बम मारकर हत्या कर दी गई थी। रजी अहमद और अन्य घायल हुए थे। मृतक के पिता अंसार अहमद की तरफ से जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह उनके भाई राकेश विक्रम सिंह समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।

### अधिवक्ता हत्याकांड में नहीं हुई गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में गुरुवार को अभियोजन गवाह के न आने के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर चोटहिल मुनव्वर की गवाही दर्ज की गई थी। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 8 अक्टूबर नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था।

### आरोपियों की न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक बढ़ी

**सुल्तानपुर, अमृत विचार :** जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में गिरफ्तार सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और एक अन्य आरोपी प्रदीप राम की न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। बुधवार को जेल से दोनों आरोपी अदालत में पेश किए गए तथा एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने के आदेश दिए। अधिशषी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### राम शरण के संयुक्त मंत्री बनने पर जताई खुशी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था शाखा सुलतानपुर की बैठक हुई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम शरण सिंह का नाम प्रांतीय कार्यकारिणी में संयुक्त मंत्री मनोनीत किए जाने से शाखा के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अध्यक्ष सुयश नारायण उपाध्याय और मंत्री झिनकू पाण्डेय ने संयुक्त रूप से राम शरण सिंह को बधाई दी है। राम शरण सिंह ने प्रांतीय अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष के प्रति आभार ज्ञापित किया है।

### मांगों के समर्थन में रेल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री बीसी शर्मा के आवाहन पर 23 सितंबर से 27 सितंबर तक पूरे उत्तर रेलवे में क्रोध प्रदर्शन किया जा रहा है। गुरुवार को उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा सुलतानपुर के शाखा मंत्री पंकज दुबे के नेतृत्व में न्यू वाशिंग लाइन स्थित कैरेज एवं बैगन कार्यालय के समक्ष क्रोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में पंकज दुबे के साथ शाखा उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र मौर्य, रईस अहमद, मिडिया प्रभारी मिथिलेश पांडेय, यूथ विंग के मंडल उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, डेलीगेट मानवेन्द्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, धीरज मिश्र, महादेव यादव, मनोज शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का लटकता मिला शव

- जल जीवन मिशन के स्टोर रूम पर करता था चौकीदारी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना अंतर्गत मोहम्मदपुर काजी में संदिग्ध परिस्थितियों में चौकीदार की मौत हो गई। वह जल जीवन मिशन के स्टोर रूम पर चौकीदारी करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू की है।

बल्दीराय के मोहम्मदपुर काजी निवासी मोहम्मद मोबीन (60) करीब दो वर्षों से ही गांव में जल जीवन मिशन के स्टोर में चौकीदारी करता था। बीती रात वह घर से ड्यूटी पर आया और आज सुबह सफेदे के पेड़ से उसका शव लटका पाया गया। उसका पैर जमीन को टच कर रहा था। परिवार में सूचना पहुंची तो कोहराम मच गया। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाया और जांच करते हुए पोस्टमार्टम में शव को भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक अत्यंत गरीब परिवार का रहने वाला था। उसके तीन बेटियां है। एसओ बल्दीराय आरबी सुमन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। हत्या जैसी कोई बात नहीं लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के वजन फीडिंग की समीक्षा

- सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पोषण समिति की बैठक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सीडीओ अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीडीओ ने पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की वजन फीडिंग की समीक्षा की।

मुख्य विकास अधिकारी ने बाल विकास परियोजना के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से शत-प्रतिशत लाभार्थियों का वजन फीड किये जाने हेतु सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया। साथ ही पोषण ट्रैकर पर वजन, वी एच एस एन डी, समुदाय आधारित गतिविधि, अनुपूरक पुष्टाहार के वितरण की प्रगति आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से फीड कराये जाने हेतु निर्देशित किया। नौनिहालों के हाट कुक्ड मील की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने पाया कि जिले के 298 नान को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केन्द्र हैं, जिनमें बर्तन खरीदे जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी रवीश्वर कुमार राव ने बताया कि नान को-लोकेटेड केन्द्रों का विवरण निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार को भेजा गया है। निदेशालय स्तर से बजट आवंटित होते बर्तन खरीदा जायेगा। वर्ष 2022- 23 में 118 तो वर्ष 2023- 24 में 119 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराये जाने की स्वीकृति मिली है। केंद्रों को सही समय से पूर्ण कराए जाने के लिए सभी खंड विकास अधिकारी को जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक कुमार शुक्ला ने निर्देशित किया। पोषण पुनर्वास केंद्र की समीक्षा में पाया गया कि अगस्त में 23 बच्चे भर्ती हुए थे। सीडीओ ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर सैम-मैम का चिन्हांकन कराये जाने के निर्देश दिया। साथ ही चिन्हित सैम-मैम बच्चों के प्रबंधन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा गृह भ्रमण के दौरान परामर्श दिए जाने के निर्देश दिए। सीएमओ व डीपीओ को निर्देशित किया कि सैम-मैम बच्चों के पोषण स्तर में सुधार कराते हुए वी एच एस एन डी सत्रों पर शत-प्रतिशत बच्चों का डाटा ई-कवच पर फीड कराये।



जिला पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सीडीओ अंकुर कौशिक।

## फूटा गुस्सा

### अटेवा का आक्रोश मार्च और बाइक रैली संपन्न, करीब 5 हजार कर्मियों जताया विरोध

# एनपीएस व यूपीएस के विरोध में शिक्षक सड़क पर

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अटेवा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को तिकोनिया पार्क से आक्रोश मार्च और बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से अटेवा के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम व पीएम को संबोधित ज्ञापन भेजा।

दोपहर 2 बजे जनपद के हजारों शिक्षक और कर्मचारी तिकोनिया पार्क में एकत्रित हुए, जिसके बाद 3 बजे बाइक रैली शुरू की गई। रैली में करीब पांच हजार कर्मचारी बाइक पर सवार होकर शामिल हुए। तिकोनिया पार्क से निकली रैली डाकखाना चौराहा, शाहगंज चौराहा, दरियापुर तिराहा, पयागीपुर, सब्जी मंडी और अमहट चौराहों से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक का मार्ग तय किया। अटेवा जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया और जल्द ही इसे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस विरोध मार्च का उद्देश्य पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बनाना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष और मंत्री जैसे राजकीय नर्सेज संघ के जिला अध्यक्ष राज प्रताप सिंह, पंचायती राज विभाग के अध्यक्ष डीडी चौहान, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, अटेवा जिला आईटी प्रभारी चंद्रपाल राजभर, अनुदेशक संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, शिक्षामित्र संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र, अटेवा मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर सिंह और अन्य कई प्रमुख कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।



शहर में निकले बाइक आक्रोश मार्च में शामिल कर्मचारी व शिक्षक। अमृत विचार

# नागरिक व प्रशासन के बीच की अहम कड़ी है संगठन

- जिला सुरक्षा संगठन कादीपुर इकाई की हुई बैठक

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिला सुरक्षा संगठन तहसील कादीपुर ईकाई की पहली बैठक गुरुवार को ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। संयोजक श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि जिला सुरक्षा संगठन प्रशासन और नागरिकों के बीच सहज सम्बन्ध की महत्वपूर्ण कड़ी है। संगठन तहसील क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाने के लिए काम करेगा।

संरक्षक डॉ. मंगला प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब मिलकर मानवता की रक्षा के लिए काम करेंगे। डॉ. संजीव पांडेय ने कहा कि संगठन का प्रयास रहेगा कि क्षेत्र के नागरिकों में समन्वय और सद्भाव बना रहे। सचिव सतीश मोदनवाल ने समाजिक सद्भावना और सौहार्द को अच्छुण रखने वाले लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे। संचालन कर रहे महासचिव ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि संगठन के सदस्यों का शपथग्रहण व परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम आगामी दो अक्टूबर को सायं पांच बजे आयोजित किया गया है। जिसमें ज़िले के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी रहेंगे। अध्यक्ष डॉ. समीर पांडेय ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गीडा क्षेत्र में धरातल पर उतरे 2767 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

## पेप्सिको ब्रांड की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज की यूनिट का औपचारिक उद्घाटन 29 को करेंगे मुख्यमंत्री योगी

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** जिस गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 2017 के पहले तक लचर कानून व्यवस्था, सुविधाओं के घोर अभाव और सरकारों के उदासीन रवैये से निवेश दूर की कौड़ी लगती थी। अब उसी गीडा में योगी सरकार में निवेश की बहार है। जहां यूनिट लगाने से उद्यमी कतराते थे, वहां अब उद्योगों की श्रृंखला खड़ी हो रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद अब तक गीडा क्षेत्र में 2767 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पूरी तरह धरातल पर उतर चुके हैं, इनसे 4319 लोगों को रोजगार भी मिल चुका है। इस निवेश में मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज की यूनिट भी शामिल है, जिसका औपचारिक उद्घाटन 29 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले निवेश प्रस्तावों के सापेक्ष गीडा द्वारा 8940 करोड़ की निवेश वाली यूनिट्स को जमीनों का आवंटन किया जा चुका है। जब ये सभी निवेश मूर्त रूप में दिखेंगे तो करीब 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। फिलहाल पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज के 1071 करोड़ रुपये के निवेश समेत 2767 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं उत्पादनरत हो चुकी हैं। वास्तव में गीडा में बदलाव की बयार 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद ही बहनी शुरू हो गई थी। उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों के साथ समय समय पर खुद उद्यमियों के बीच मुख्यमंत्री के होने से औद्योगिक माहौल बेहतर होता गया और नोएडा की तरह गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया।

### साल भर में शुरू हो गया कमर्शियल उत्पादन

गीडा सेक्टर 27 में पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण ब्रेवरेज द्वारा लगाई गई यूनिट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 8 अप्रैल 2023 को किया था। वरुण ब्रेवरेज विश्व में पेप्सी के लार्जेस्ट मैन्युफैक्चरर में से एक है। एक साल में यानी अप्रैल 2024 से इसकी गीडा यूनिट में यहां कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स का कमर्शियल उत्पादन शुरू हो चुका है। अब यूनिट का औपचारिक उद्घाटन 29 सितंबर को सीएम योगी के हाथों होने जा रहा है।

### गीडा में बीते डेढ़ साल में बड़े निवेश (सौ करोड़ से अधिक)

| यूनिट | निवेश | रोजगार | स्थिति |
|---|---|---|---|
| केयान इंडस्ट्रीज | 1200 | 1000 | निर्माणाधीन |
| वरुण ब्रेवरेज | 1071 | 1509 | उत्पादनरत |
| इंडिया ऑटोव्हील्स | 400 | 1500 | निर्माणाधीन |
| एसडी इंटरनेशनल | 230 | 300 | निर्माणाधीन |
| सीपी मिल्क | 118 | 1000 | उत्पादनरत |
| तत्वा प्लास्टिक्स | 105 | 110 | उत्पादनरत |
| कपिला कृषि | 100 | 150 | निर्माणाधीन |

(निवेश का आंकड़ा करोड़ रुपये में है। निर्माणाधीन यूनिट में रोजगार की संख्या प्रस्तावित है)

# डीएम ने किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इन्टर कालेज, धनगढ़िया में निर्माणाधीन अध्यापक आवास का औचक निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी को एई द्वारा अवगत कराया गया कि यह निर्माण 2.70 करोड़ की लागत से बन रहा है। इसमें टाइप-1 का 5 सेट बन रहा है, जिसमें 3 ग्राउण्ड फ्लोर तथा 2 फर्स्ट फ्लोर पर बन रहा है। टाइप-2 के 12 सेट बनना है। भवन अभी अपूर्ण है। जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया तथा थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया।



धनगढ़िया में निर्माणाधीन अध्यापक आवास का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

### निर्माणाधीन गौशाला का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा निर्माणाधीन स्थायी कान्हा गौशाला, नगर पंचायत, बढ़नी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बढ़नी द्वारा अवगत कराया गया कि इस गौशाला में 250 गौवंश संरक्षित करने की क्षमता है। इसकी लागत 1.52 करोड़ है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गौशाला का निर्माण कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया।

## एक नजर

### रास्ते में लगा है हाईटेंशन लाइन का खंबा, परेशानी

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खण्ड बर्डपुर के ग्राम सभा दुल्हा जनूबी टोला महदेईयां स्थित प्राथमिक विधालय के पास रास्ते में ही बिजली का पोल लगा है। हाईटेंशन तार लगे होने से बिजली स्पार्क होती रहती है, जहां ग्रामीण व पढ़ने वाले बच्चे आते जाते रहते हैं, इससे खतरा हमेशा बना रहता है। यह प्राथमिक विद्यालय जाने के बीच रास्ते में ही लगा हुआ है। हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के दिन झंडारोहण करने के दौरान पाइप हाईटेंशन तार से सटने के कारण चार बच्चे करंट से झुलस गए थे। ऐसी घटनाओं के बावजूद विभाग नहीं संभल रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### आरआरसी सेंटर के पास भरा पानी, सीडीओ हुए नाराज

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम सभा रोमनदेई में गुरुवार शाम को मनरेगा कार्य, आरआरसी सेन्टर एवं पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा कार्य में मजदूरों की उपस्थिति ठीक पाया गया एवं पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य से सीडीओ सन्तुष्ट दिखे। इसके बाद रोमनदेई गांव में बने आरआरसी सेन्टर का भी उन्होंने निरीक्षण किया। आरआरसी सेन्टर के आस-पास पानी भरे रहने को लेकर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उक्त जगह का चयन बिल्कुल गलत है, चारों तरफ पानी भरे रहने से इसकी उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है। वहीं रोमनदेई के प्रधान अब्दुल करीम ने बताया कि उक्त जगह का लेखपाल ने ही चयन करके दिया था, इसलिए यहां निर्माण किया गया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वाधान में दर्जनों शिक्षकों एवं अन्य लोगों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा है।



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धरना-प्रदर्शन करते शिक्षक व कर्मचारी। अमृत विचार

ज्ञापन में मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश के लगभग 14 लाख शिक्षक कर्मचारी व अधिकारी लगातार पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं। जो नई पेंशन व्यवस्था एनपीएस है उसके दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं, जिसके तहत शिक्षकों कर्मचारियों को 800 व 1200 एवं 2800 पेंशन के नाम पर मिल रहा है, जिससे ना तो उसका स्वयं का खर्च और न ही उनके परिवार का खर्च चल पा रहा है। यह न्याय उचित नहीं है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से सही है। दिए गए ज्ञापन में कहा है कि अब केंद्र सरकार ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया है कि एनपीएस व्यवस्था न्यायपूर्ण नहीं है, इसलिए एक नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस लेकर आई है लेकिन यूपीएस एनपीएस से भी ज्यादा नुकसानदेय है। धरना प्रदर्शन में अटेवा के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार द्विवेदी, महामंत्री संजय कर पाठक, मंडल अध्यक्ष बलवंत चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जेल के निरीक्षण में मिला गांजा, जांच के निर्देश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय के जिला जेल में शिकायत मिलने पर बुधवार को जिलाधिकारी पुलिस कप्तान एवं जिला जज की संयुक्त टीम ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। खबर के अनुसार बताया जाता है कि इस दौरान जेल के अंदर 20 ग्राम गांजा, दो मोबाइल तथा दो स्थानों पर माचिस की डिब्बी बरामद हुई। इस बरामदगी को लेकर कैदियों ने डिप्टी जेलर पर आरोप लगाते हुए बताया कि जेलर साहब जिला कारागार के अंदर गांजा बेचने तथा शराब की बोतले खोलने वाले को सुविधा दी जाती है। इतना ही नहीं कैदियों ने यह भी आरोप लगाया कि सुविधा शुल्क लेकर मोबाइल पर बात भी कराया जाता है। इस गंभीर आरोप को लेकर जिलाधिकारी ने अपर जिला अधिकारी उमाशंकर को जांच करने का निर्देश दिया है। कारागार में इस औचक निरीक्षण को लेकर हड़कंप मचा है।

# विद्यालय में दिव्यांग शौचालय न होने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

▸▸ जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया नौगढ़ ब्लाक के विद्यालयों का निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने गुरुवार को नौगढ़ ब्लाक अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय धेंसा नानकार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय न होने पर नाराजगी जताई और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी के आदेश पर बेसिक शिक्षा के स्कूलों के निरीक्षण को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स में शामिल डीआईओएस सोमारू प्रधान ने गुरुवार को जिला समन्वयक डीपी श्रीवास्तव के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय धेंसा नानकार का निरीक्षण किया। जहां सभी शिक्षक उपस्थित मिले। एमडीएम मीनू के अनुसार बनता मिला। नामांकित 193 के सापेक्ष 140 उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया। दिव्यांग शौचालय न होने पर नाराजगी जाहिर की। इसके लिए संबंधित को पत्राचार करने के लिए कहा। निरीक्षण के समय एक अनुदेशिका अनुपस्थित मिली, जिसका एक दिन का मानदेय कटौती के लिए संस्तुति की। प्राथमिक विद्यालय धेंसा नानकार के निरीक्षण में सभी शिक्षक मौजूद थे। नामांकित 178 के सापेक्ष 104 बच्चे मौजूद थे।

# हमलावर सियारों ने बढ़ाई दहशत

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील के बढ़नी चाफा क्षेत्र में हमलावर सियारों के खौफ से बच्चों व बूढ़ों का दिन में चलना फिरना बंद हो गया है। क्षेत्र के भड़भड़वापुर गांव में बुधवार रात में सियार ने पुनः घायल कर दिया, इससे लोगों में दहशत बढ़ गई है।

बताते हैं कि रात में चार सियारों के झुंड ने सात लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। गांव के लोगों ने एक सियार को मार डाला, लेकिन तीन सियारों के कारण डर बना हुआ है कि वे कहीं फिर न हमला करें। इसी भय के कारण ग्रामीण रात में गश्त करते हैं। इस संबंध में गांव के नेकराम ने बताया कि घर के बगल खेत है, सियार कब हमला कर दे, इसका डर बना रहता है। भटनू बताते हैं कि गांव में बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनके घर में दरवाजे नहीं लगे हैं। राम शब्द कहते हैं कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी रात नींद नहीं आई है। प्राथमिक विद्यालय भड़भड़वापुर के हेड मास्टर उमाशंकर ने बताया कि सियार के भय से बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं, क्योंकि खेतों (गन्ने) के बीच से ही विद्यालय का रास्ता है।



जंगली जानवर की दहशत के कारण रात में गश्त करते ग्रामीण। अमृत विचार

> बढ़नीचाफा क्षेत्र में सियार ने ही लोगों पर हमला किया है। वहां भेड़िया नहीं है। सियार अधिक संख्या में है, इसलिए उसे पकड़ना कठिन है। निगरानी की जा रही है और गांव के लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
> -पुष्प के. कंदल, डीएफओ

# स्टेडियम में छह माह बाद भी कोच की नियुक्ति नहीं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

▸▸ कोच न होने से खिलाड़ियों की संख्या हो रही कम

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में छह माह बाद भी कोच कि नियुक्त नहीं होने से खिलाड़ियों का खेल से मोह भंग हो रहा है, जबकि कोच के नहीं आने से नए खिलाड़ी भी स्टेडियम में आने से कतरा रहे हैं। छह माह पहले ही पांच खेल के कोच की नियुक्ति के लिए खेल विभाग ने निदेशालय से पत्राचार किया था।

स्टेडियम में वॉलीबाल, कबड्डी, खो- खो, ताइक्वांडो, बैडमिंटन व एथलेटिक्स के कोच की नियुक्ति के लिए पत्राचार किया गया था। पत्राचार होने से खिलाड़ियों ने स्टेडियम में प्रेक्टिस करना शुरू कर दिया था, लेकिन जब कई माह तक कोच नहीं आए तो स्टेडियम में खिलाड़ियों की संख्या कम होने लगी। वर्तमान समय में स्टेडियम में कई खेलों के खिलाड़ी नहीं आते हैं।

कोच के अभाव में तो वालीबॉल की पूरी टीम ही बिखर गई है। इससे खेल के प्रति युवाओं की रूचि कम हो रही है। खिलाड़ियों का मानें तो स्टेडियम में सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में ज़िले में खेल की दुर्दशा होने की पूरी आशंका है।

## सार-संक्षेप

### बाणगंगा नदी में डूबे युवक का शव दूसरे दिन मिला

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कठेला समय माता थाना क्षेत्र के रामापुर गांव के पास बाणगंगा नदी में नहाते समय लापता हुए युवक का शव दूसरे दिन पांच सौ मीटर दूर बैदौली घाट के पास मिला। बुधवार को रामापुर गांव का 21 वर्षीय युवक अंबिका प्रसाद पुत्र कमलेश दूबे बाणगंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, हल्का लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ से सहयोग मांगा। मौके पर आई पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को तलाशने में लगी रही, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। विधायक विनय वर्मा ने एसडीएम व डीएम से बात कर नदी में लापता हुए युवक की तलाश के लिए कहा। इसके बाद युवक को तलाशने के लिए आजमगढ़ से विशेष टीम बुधवार देर शाम को पहुंच गई। जिसके बाद तलाश करने पर शव बरामद हुआ।

### स्कूल आधारित टीडी व डीपीटी टीकाकरण अभियान 26 से

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** महानिदेशक परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को बताया कि स्कूल आधारित टीडी व डीपीटी टीकाकरण अभियान 26, 27 व 30 सितंबर तथा 14 व 7 अक्टूबर को चलाया जाना है। जिसमें पांच बिंदु पर यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। प्रत्येक एएनएम ने अपने-अपने उपकेंद्र एवं शहरी क्षेत्र के सभी स्कूलों को सूचीबद्ध कर योजना तैयार कर ली है। उपरोक्त सत्र नियमित टीकाकरण एवं दिवसों बुधवार एवं शनिवार को छोड़कर आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान सभी स्कूलों डीपीटी टू बूस्टर कक्षा 1 से 5 वर्ष आयु के बच्चे 10 कक्षा 5 से 10 वर्ष आयु के बच्चे को तथा टीडी 16 कक्षा 10 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे को अतिरिक्त दूध से आच्छादित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रजत कुमार चौरसिया ने बताया कि टीडी व डीपीटी टीकाकरण अभियान के रिपोर्ट यू विल पोर्टल एचएमआईएस एवं राज्य स्तर से प्रेषित गूगल सीट पर प्रतिदिन रिपोर्ट किया जा रहा है। एईएफ आई प्रबंधन के लिए टीकाकरण सत्य पर एनाफायलैक्सिस किट की उपलब्धता के साथ ही पेरासिटामोल टैबलेट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को डीपीटी के 2600 तथा टीडी के 2100 बच्चे प्रतिरक्षित किये जा रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर अनिल कुमार, रत्नेश उपस्थित रहे।

### साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व से चलायी जा रही 05193/05194 छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार छपरा से 23 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को तथा शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से 25 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को 8 फेरों के लिये किया जा रहा है। विशेष गाड़ी प्रत्येक शनिवार को छपरा से 14.00 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर से 20.55 बजे, बस्ती से 21.59 बजे, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 01.18 बजे, सीतापुर से 03.10 बजे, शाहजहांपुर 05.42 बजे, बरेली से 06.48 बजे, मुरादाबाद से 09.05 बजे, लक्सर जं. से 11.10 बजे, रूड़की से 11.37 बजे, सहारनपुर से 12.25 बजे तथा जम्मूतवी से 20.45 बजे छूटकर शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) 22.10 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में पूर्ववत जनरेटर सह लगेज यान का 1, एलएसएलआरडी का 1, साधारण द्वितीय श्रेणी के 3, शयनयान के 8, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 8 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 1 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### ब्लॉक के कारण लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस रहेगी प्रभावित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के पिलखुआ-महरौली यार्ड में इंजीनियरिंग कार्य के लिए ब्लॉक दिये जाने के कारण लालगढ़ से 2, 9, 16 एवं 23 अक्टूबर, को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस लालगढ़ से 120 मिनट पुनर्निधारित कर चलायी जायेगी।

### केक काटकर मनाया गया स्थापना दिवस




सन रोज संस्थान के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** सन रोज संस्थान के 33वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सन रोज संस्थान विगत 33 वर्षों से कला के विभिन्न विधाओं एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत है, जो अति सराहनीय एवं हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने संस्थान के संस्थापक एवं संस्था से सभी जुड़े लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक एवं चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना ने कहा कि संस्थान अपने उद्देश्यों के तहत विभिन्न क्षेत्र में कार्य के लिए संकल्पित है। संस्थान के 33वें स्थापना दिवस पर सभी अतिथि एवं संस्थापक सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को बधाई दी।

# पर्यटन को बढ़ावा दे रहीं भारत गौरव ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** भारतीय रेल विकास के साथ-साथ विरासत के मंत्र को साकार करते हुए क्षेत्रीय संस्कृति और आस्था से जुड़े पर्यटन स्थलों तक आम लोगों के पहुंच को आसान बनाने के लिए भारत गौरव ट्रेनें चला रहा है। यह भारत गौरव टेनें भारतीय रेल की टूरिस्ट सर्किट टेनें हैं, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिकता और प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर नगरों के दर्शन कराती हैं। भारत गौरव ट्रेनों से स्थानीय एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है।



पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से 5 भारत गौरव पर्यटक ट्रेनें चलायी गयी, जिससे 2757 पर्यटकों ने यात्रा की।

पूर्वोत्तर रेलवे की पहली भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 5 अप्रैल, 2023 को लखनऊ जं. स्टेशन से चलायी गयी थी। यह भारत गौरव पर्यटक ट्रेन सिख समाज के पूज्य स्थलों के दर्शन के लिए सिख धर्म के श्रद्धालुओं एवं अन्य पर्यटकों के लिये 'गुरू कृपा यात्रा' के रूप में चलायी गयी थी। यह भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 10 रात्रि एवं 11 दिन में सिख आस्था के प्रमुख केन्द्रों पर ठहराव देते हुये चलाई गयी।

विगत वर्षों में गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन से 2 भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 'दक्षिण भारत यात्रा' के लिए चलायी गयीं। इसके अतिरिक्त 2 अन्य भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 7 ज्योर्तिलिंग यात्रा के लिए चलायी गयीं। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन में आधुनिक सुविधायुक्त एलएचबी कोचों के साथ सभी कोचों में सीसीटीवी कैमरा एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम एवं बेहतर राइडिंग कम्फर्ट के लिये एयर स्प्रिंग लगाया गया है। इसमें पर्यटकों की सुविधा हेतु एक पूजा घर भी बनाया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# अत्याधुनिक सुविधाओं में इजाफा करेगा रेलवे

संवाददाता, गोरखपुर

▸▸ स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराने का तेजी से किया जा रहा कार्य

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड तथा बिहार की जनता को विश्वसनीय एवं किफायती रेल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराकर इस क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस रेलवे के क्षेत्राधिकार में उत्तर प्रदेश के 37, उत्तराखंड के 3 एवं बिहार के 3 जिले पड़ते हैं। साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे पड़ोसी देश नेपाल की परिवहन आवश्यकता की भी पूर्ति करता है।

इसी क्रम में, पर्यटकों को उच्च स्तरीय सुविधा प्रदान करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये पूर्वोत्तर रेलवे पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधायें, प्रसाधन, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, चैड़े फुट ओवर ब्रिज, पार्किंग एवं हरित ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं में विस्तार हेतु योजना तैयार की गई है तथा चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन किया जा रहा है। स्टेशनों पर आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउन्ज एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानके के अनुरूप साइनेज का प्रावधान आदि सम्मिलित है। पूर्वोत्तर रेलवे पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 58 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है; जिसमें वाराणसी मंडल के 19, लखनऊ मंडल के 22 तथा इज्जतनगर मंडल के 17 स्टेशन सहित कुल 58 स्टेशन सम्मिलित हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिये स्टेशनों पर टूरिस्ट डिस्प्ले बोर्ड लगाये जा रहे हैं।

## मानकों की अनदेखी — सड़क के किनारे से मिट्टी खोदकर किया गया निर्माण बन गया है परेशानी का सबब

# एक साल में ही दरक गई सड़क, धंसने का खतरा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** निर्माण के एक वर्ष में ही 39 करोड़ रुपये लागत की तेतरी-सोहांस लोटन सड़क दरक गई। यहां तक कि सड़क पर पुलिया का एक तरफ का हिस्सा टूटकर ध्वस्त हो चुका है, और सड़क धंस गई है। यहां बोरियां डालकर वाहन चालकों को सड़क क्षतिग्रस्त होने का संकेत दिया गया है। अगर भारी वाहन गुजरे तो सड़क धंस सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों की मानें तो किनारे गड्ढे खोदकर सड़क पर मिट्टी डालने से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं।



खतरे को न्योता देती सड़क। अमृत विचार

तेतरी-सोहांस लोटन मार्ग के आठ वर्ष से जर्जर होने से क्षेत्र के लोग सांसत झेल रहे थे। इसके बाद 18 किमी लंबी इस सड़क का एक वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी की तरफ से निर्माण हुआ था। अब निर्माण में लापरवाही के कारण इस सड़क से प्रतिदिन गुजरने वाले सैकड़ों लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ सकती हैं। निर्माण के दौरान इस सड़क पर पांच करोड़ की मिट्टी डाली जानी थी, लेकिन बगल के खेत में गड्ढे खोद मिट्टी डाल दी गई, जिससे किनारे गड्ढे होने से सड़क टूटकर धंसने लगी है।

हालत यह है कि अगर भारी वाहन गुजरे तो मार्ग के किनारे दरके हुए हिस्से में पड़ने से पलट सकते हैं। बुधवार को इस मार्ग से गुजर रहे वाहन चालक प्रदुम्न ने बताया कि वह इस सड़क पर सतर्क होकर गुजरते हैं। थोड़ा भी अनियंत्रित होने पर वाहन के पलटने का खतरा रहता है। इस मामले लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कमल किशोर ने कहा कि मामला संज्ञान में आ गया है। अब इस मामले की जांच कर समस्या का हल निकाला जायेगा।

### किसानों को नहीं दिया गया मुआवजा

कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के अनुसार तेतरी-सोहांस लोटन मार्ग पर बाहर से खरीद कैरेज में मिट्टी डाली जानी थी। इसके बावजूद किसानों के खेत से ही मिट्टी खोद कर सड़क पर डाल दी गई, जिससे सड़क किनारे गड्ढे हो गए हैं। किसानों को भी मिट्टी निकालने का मुआवजा नहीं दिया गया। सोहांस निवासी अशोक कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार मौर्य व सुनील कुमार मौर्य आदि किसानों ने कहा कि उनके खेत से मिट्टी निकाली गई है, लेकिन मुआवजा नहीं दिया गया।

# तंबाकू नियंत्रण को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ट, तम्बाकू मुक्त युवा भारत-2024 के सम्बंध में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को निर्देश दिया कि तम्बाकू नियंत्रण के सम्बंध में तहसीलों में संगोष्ठर आयोजित करायें, जिसमें जनप्रतिनिधि, जनता, अधिकारियों को भी आमंत्रित करें। तम्बाकू मुक्त सिद्धार्थनगर बनाने के लिए लोगों को शपथ दिलायें तथा उस पर चर्चा करें। जिलाधिकारी ने तम्बाकू मुक्त सिद्धार्थनगर का स्टीकर बनवाकर जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से पेट्रोल पम्प पर चस्पा कराने का निर्देश दिया।

# मजिस्ट्रेट की निगरानी में निकाला गया शव

## जिलाधिकारी ने सीएमओ से मांगी रिपोर्ट, नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर


जमीन में दफन किए गए नवजात का शव निकलवाते तहसीलदार।

अमृत विचार। थानाक्षेत्र के टेडुआ गांव निवासी आशीष कुमार मिश्र ने दो दिनों पहले थानाध्यक्ष मेंहदावल को शिकायती पत्र देकर एक निजी नर्सिंग होम पर 20 हजार रुपए के लिए, नवजात का शव परिजनों को सुपुर्द नहीं करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया था। इसके बाद मामला डीएम तक पहुंचा। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित करते हुए पूरे मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है। उसी के क्रम में गुरुवार को नवजात का शव जमीन से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मेंहदावल थानाक्षेत्र के टेंडुआ गांव निवासी आशीष मिश्र ने मेंहदावल पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उनकी पत्नी मंजुला गर्भवती थी। 21 सितंबर की रात 11 बजे के करीब तबीयत खराब होने पर कस्बे के दिव्य हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया। डिलीवरी के दौरान नवजात की मृत्यु हो गई। जिसके बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से नवजात का शव मांगा। अस्पताल प्रबंधन ने शव देने के बदले 20 हजार रुपए की डिमांड किया और बिना पैसा जमा कराए शव देने से मना कर दिया। उन्होंने पैसा जमा करके शव प्राप्त किया और उसे गांव के पास जमीन में दफन करा दिया। बाद में पीड़ित पिता ने प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल को अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। अखबारों में छपी खबरों का संज्ञान लेते डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने सीएमओ से पूरी रिपोर्ट मांगी। सीएमओ के पत्र पर तहसीलदार मेंहदावल आनंद ओझा ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को पंडित पुरवा से मृत नवजात बच्चे का शव निकलवाया और उसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सर्पदंश से महिला की मौत लापरवाही का लगा आरोप

मुंडेरवा, बस्ती

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नगहरा गांव में सर्पदंश से एक अधेड़ महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। अस्पताल में हुई मौत को लेकर परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया और जिला चिकित्सालय में हंगामा किया, मगर परिवार वालों के समझाने पर शांत हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी मुनीता पत्नी विजय कुमार उम्र 55 वर्ष बुधवार की शाम लगभग पांच बजे चाय बनाने के लिए रसोई में गईं, जैसे ही वह चीनी का डिब्बा लेने के लिए दराज में हाथ डाला तभी सांप मुनीता के हाथ में काट लिया। शोर मचाने पर परिजन वहां पहुंचे और निजी साधन से मुनीता को जिला अस्पताल बस्ती पहुंचाया। डॉक्टर ने यह कहकर सभी को वार्ड के बाहर भेज दिया कि अगर मरीज की हालत बिगड़ती है, तो इलाज किया जाएगा। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया कि थोड़ी देर बाद मुनीता की मौत हो गई। परिजनों का कहना था कि अगर डॉक्टर मरीज के आते ही इलाज किया गया होता तो शायद मरीज की जान बच जाती। गांव के लोगों द्वारा एवं वरिष्ठजनों के समझाने पर परिवार वाले शांत हुए।

## सार-संक्षेप

### संचारी रोग से बचाव के लिये कार्यशाला का हुआ आयोजन

मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार। नगर पंचायत हाल में गुरुवार को चेयरमैन अनवरी बेगम के निर्देशन और अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह के संयोजन में एक दिवसीय संचारी रोग से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीपीएम अभिमन्यु पाल, नगरीय स्वास्थ्य के चीफ फार्मासिस्ट एसपी यादव व जीएनएम हरिकेश द्वारा नगर पंचायत सफाई कर्मियों के साथ ही कर्मचारियों को संचारी रोग से बचाव से सम्बंधित जानकारी दी गयी। चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने बताया कि संचारी रोग से बचाव के लिये कर्मचारियों और सफाई कर्मियों जानकारी दी गई है। डीईपीएम अभिमन्यु पाल ने बताया कि संचारी रोग जान लेवा बीमारी है। इससे बचने के लिये साफ सफाई रखने के साथ ही स्वस्थ भोजन, साफ पानी का इस्तेमाल करें। मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी, अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह, अवधेश सिंह, विशाल सिंह, चीफ फार्मासिस्ट एसपी यादव, जीएनएम हरिकेश, शैलेन्द्र कुमार, सफाई नायक राकेश कुमार, अशोक कन्नौजिया, सुनील गुप्ता, आलोक कुमार, संजय गुप्ता सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुशीनगर: पुलिस व पशु तस्करों से मुठभेड़, दो गिरफ्तार

संवाददाता कुशीनगर। अमृत विचार : पश्चिम उत्तर प्रदेश के शातिर पशु तस्कर गैंग के सरगना गुफरान की दो पीकप वाहन गोवंशो को लाद कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कसया की तरफ से बिहार गोपालगंज कटवाने के लिए जाने वाली है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थाना पटहेरवा, सेवरही, तमकुहीराज, तरयासुजान व साईबर थाने की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा महुअवा काटा कट के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान दो पिकप वाहन एक दूसरे के पीछे आते दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम पर जानलेवा फायर किया गया। जवाबी फायरिंग में घायल की पहचान नदीम पुत्र वकील निवासी ग्राम सुभास नगर थाना मंडी जिला मुजफ्फरनगर तथा समीर अहमद पुत्र सरीफ अहमद निवासी ग्राम क़स्बा सरधना थाना सरधना जिला मेरठ के रुप में हुई है। उनके कब्जे से 2 पिकप, 8 गोवंशी पशु, 2 अवैध तंमचा, 8 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. तमकुहीराज अमित कुमार शर्मा मय टीम,प्र.नि. साइबर थाना मनोज कुमार पन्त,प्र.नि. तरयासुजान राजप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष सेवरही श्रीप्रकाश राय, थानाध्यक्ष पटहेरवा दीपक कुमार सिंह मय टीम जनपद कुशीनगर शामिल रहे।

### प्रसव को लेकर नर्स से हुआ विवाद, जांच करने पहुंचे सीएमओ

संवाददाता, बस्ती,अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा में प्रसव कराने को लेकर एएनएम और स्टाफ नर्स विवाद को लेकर बृहस्पतिवार को सीएमओ डॉ. आरएस दुबे अचानक सीएचसी बनहरा पहुंचे। अस्पताल के निरीक्षण के बाद सीएमओ प्रसूता के घर पियारेपुर पहुंच कर प्रसूता के पति समेत अन्य परिजनों से महिला वार्ड में पूछताछ किया। उसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच कर पूरे प्रकरण के बारे में स्टाफ नर्स और एएनएम से कर पूछताछ कर बयान दर्ज किया। स्टाफ नर्स और एएनम को प्रसव कार्य से अगले आदेश तक हटा दिया गया है। पूछताछ में प्रसूता के पति वीरेंद्र ने बताया कि मंगलवार को पीड़ा होने के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां स्टाफ नर्स मंजू ने सकुशल महिला वार्ड में पत्नी का प्रसव कराया, इससे नाराज होकर एएनएम विनोद सिंह यह कहते हुए की मेरी ड्यूटी टाइम में स्टाफ नर्स ने कैसे प्रसव करवाया नाराज होकर महिला वार्ड का दरवाजा बंद कर ताला जड़ दिया। नवजात शिशु समेत सभी लोग ढाई घंटे तक गर्मी और अंधेरे में परेशान रहे। 112 नंबर पर सूचना देने पर पुलिस ने वार्ड का ताला खुलवाया। इससे नाराज सीएमओ ने एएनएम विनोद सिंह और स्टाफ नर्स मंजू को अगले आदेश तक प्रसव करवाने रोक लगा दिया। सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. फैज वारिस को तीन दिन के अंदर मामले का जांच कर रिपोर्ट कार्यालय भेजने का निर्देश दिया हैं।

# बीईओ के निरीक्षण में आधा दर्जन विद्यालयों में मिली कमियां

मेंहदावल, संतकबीरनगर

▸▸ बीईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों से मांगे स्पष्टीकरण

अमृत विचार। बीईओ ज्ञानचंद मिश्र ने गुरुवार को विकास खंड क्षेत्र के आधा दर्जन प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें तमाम कमियां पाई गईं। जिसके बाद उन्होंने पूरे मामले पर प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगते हुए आगे लापरवाही होने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया।

मेंहदावल के खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानचंद मिश्र ने बताया कि गुरुवार को उन्होंने आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया है। जिसमें प्राथमिक विद्यालय घूरापाली में चहारदीवारी पर गेट नहीं लगा मिला। प्राथमिक विद्यालय गोरया डांड़ में बच्चों को दूध वितरण नहीं हुआ और प्रार्थना भी नहीं कराई गई। प्राथमिक विद्यालय चिकनीहाडीह में भी दूध का वितरण नहीं हुआ। प्राथमिक विद्यालय बेलौली में स्थिति ठीक ठाक मिली। उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलौली में अतिक्रमण की शिकायतें मिली हैं। प्राथमिक विद्यालय घुरापाली में धन का दुरुपयोग और बिना काम के 30 बेंच रखा पाया गया। कमरे में खिड़की की व्यवस्था नहीं थी। सभी प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# शांति -न्याय एक सिक्के के दो पहलू: अपर जिला जज

संवाददाता, संतकबीरनगर


विधिक जागरूकता शिविर में छात्र छात्राओं को जागरूक करते एडीजे

अमृत विचार। अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेहरू कृषक इंटर कॉलेज खलीलाबाद में बृहस्पतिवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि एक अशिक्षित व्यक्ति अपने जीवन में कई प्रकार के अन्याय को सहता है। कारण कि वह अपने अधिकारों के बारे में नहीं जानता। अपने अधिकारों के बारे में जानना बेहद आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से प्रतिरक्षा विषय पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि हर नागरिक को अपने कानूनी अधिकार के बारे में साक्षर होना जरूरी है। उन्होंने जिला प्राधिकरण के कार्यालय में संचालित हो रहे प्री-लिटिगेशन सिस्टम और एडीआर तंत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अगर किसी के परिवार में किसी भी प्रकार के वैवाहिक या अन्य मतभेद हैं जिसमे वे कानूनी तरीके से समाधान करवाना चाहते हैं तो पक्षकार ऐसे मामलों को जनपद न्यायालय के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता सेंटर में प्री-लिटिगेशन के रूप में दायर करके मामले का निस्तारण करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष का कोई शुल्क नहीं लगता। होने वाले फैसले को न्यायालय की डिग्री के समान समझा जाता है। समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन भी प्राधिकरण कराता है। इसके अतिरिक्त अपर जिला जज ने घरेलू हिंसा एक्ट, न्यायिक अलगाव, गुजारा भत्ता, महिलाएं और संपत्ति का अधिकार, पॉक्सो एक्ट आदि तमाम अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। लीगल एंड डिफेंस कॉउंसिल सिस्टम के चीफ एडवोकेट अंजय कुमार श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अध्यापक, अध्यापिकाएं, कर्मचारी, पराविधिक स्वयं सेवकों सहित तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

संवाददाता, कुशीनगर


जिला जज के साथ डीएम, एसपी और सीजेएम रहे मौजूद। अमृत विचार

अमृत विचार: जनपद न्यायाधीश कुशीनगर सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट कविता सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा गुरुवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

जेल परिसर के विभिन्न बैरक में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की तथा उनसे बात कर उनकी समस्याएं सुनी व स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण किया गया। कैदियों के लिए भोजन की उचित व्यवस्था एवं चिकित्सीय गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने स्वयं भोजन चख कर गुणवत्ता की जांच की तथा कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना एवं तत्काल समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित भी किया। इस दौरान कैदियों से संवाद कर साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, जेल मेन्यू के अनुसार भोजन सहित निरुद्ध कैदियों से वकील होने ना होने की जानकारी भी ली। वहीं महिला बैरक में बच्चों को बिस्कुट भी वितरण किए गए। इसी क्रम में वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल, जेलर राजकुमार, उप जेलर आदित्य कुमार, शिवनाथ पांडे, चिकित्सक डॉ. हरिपाल विश्वकर्मा, डॉ. राहुल त्रिपाठी, फार्मासिस्ट रमेश दुबे सही अन्य मौजूद रहे।

# आज दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर प्रभारी मंत्री

संवाददाता कुशीनगर

अमृत विचार: कुशीनगर के प्रभारी मंत्री तथा प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह अपने दो दिवसीय दौरे जनपद में आयेंगे। शुक्रवार यानी आज प्रभारी मंत्री सिंह जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

तत्पश्चात पीएचसी, सीएचसी तथा जिला चिकित्सालय, मेडल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं, आयुष्मान कार्ड, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सालयों में चिकिसकों, पीएम ग्राम्य सड़क योजना, ग्राम सचिवालयों के निर्माण, गांव में तैनात कार्मिकों की उपस्थिति आदि का निरीक्षण करेंगे। साथ ही अटल आवासीय विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, निर्माणाधीन महाविद्यालयों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, पॉलिटेक्निक आईटीआई के संचालन की समीक्षा भी करेंगे। दूसरे दिन 28 सितंबर को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं विकास खंड के तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में करेंगे। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ जनपद में यातायात समस्या एवं सड़क सुरक्षा के उपायों के संबंध में समीक्षा करेंगे।

# बोलेरो ने बाइक मे मारी टक्कर, महिला की मौत

कुशीनगर। अमृत विचार: हाटा कोतवाली क्षेत्र के गाव अथरहा के समीप अजीज नगर दुबौली मार्ग पर स्थित जगत चौराहे पर गुरुवार की सुबह बोलेरो के चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इस घटना मे एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौनरिया टोला लमुहवा निवासी राबड़ी देवी 50 वर्ष पत्नी रवींद्र यादव अपने बगलगीर श्याम बिहारी गुप्ता 35 वर्ष पुत्र हीरा गुप्ता के साथ मोटर साइकिल से पिलिया की झाड़फूंक कराने के लिए ग्राम पंचायत सिकटिया गयी थी। लौटते समय जगत चौराहे पर बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घायल श्यामबिहारी को सीएचसी मोतीचक, मथौली पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतका राबड़ी देवी की शादी धर्मपुर कुशीनगर में हुआ था, लेकिन वह मायके मे गौनरिया ही रहती थी। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

▸▸ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बेहद पुनीत कार्य : चेयरमेन

अमृत विचार: नगर पंचायत हाल में गुरुवार को नगर पंचायत प्रशासन के सौजन्य से आस्था हॉस्पिटल ख़लीलाबाद के डाक्टर आनन्द सिंह, डाक्टर बीके सिंह, डाक्टर आमिर अहमद और डाक्टर मिर्जा अरबाज की विशेषज्ञ टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनता के साथ ही नगर पंचायत कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गईं। इस शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन अनवरी बेगम के द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने स्वयं भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए कहा कि निःशुल्क शिविर के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण और दवाएं बांटना बेहद पुनीत और सराहनीय कार्य है।

उन्होंने लोगों से अपने आसपास साफ सफाई रखने की अपील करते हुए कहा कि सफाई रखने से सेहत भी अच्छी होती है। अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह ने कहा कि कर्मचारी नगर में नियमित रूप से साफ-सफाई करते हैं। कर्मचारियों का भी स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। शिविर में सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एमडी मेडिसिन न्यूरो डाक्टर बीके सिंह ने बताया कि शिविर में उनके द्वारा स्पाइनल, ज्वाइंट पेन आदि से पीड़ित मरीजों की जांचकर उनमें निःशुल्क दवाएं दी गई। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आमिर अहमद ने बताया कि स्किन से सम्बंधित मरीजों की जांच की गई है। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनन्द सिंह ने बताया कि उनके पास पायरिया, मसूड़ों में सूजन सम्बन्धित मरीजों की जांच की गई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी, अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह, संजय दूबे, सभासद अवधेश सिंह, मेंहदीहसन, आमिर कादरी, अहमद आलम जेई, अतुल श्रीवास्तव, चंदन सैनी, अहमद अली आदि नगरवासी मौजूद रहे।

# मेंहदावल विकास खंड पर भारी अनियमितता का आरोपी प्रधान

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर

अमृत विचार: मेंहदावल विकास खंड के ग्राम पंचायत समोगर में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। पांच अपात्रों को आवास देकर भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बावजूद दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

मेंहदावल विकास खंड के ग्राम पंचायत समोगर के निवासी ग्राम पंचायत सदस्य राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ऊर्फ पप्पू पांडेय ने 18 अगस्त 2021 को शपथ पत्र के जरिये तत्कालीन जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई थी। एडीओ पंचायत, अवर अभियंता आदि के नेतृत्व में गठित कमेटी ने जांच किया तो मामला सत्य पाया गया था। जिसमें सुनीता पत्नी रामशंकर, निर्मला पत्नी बुधिराम, ललबुन्निशा पत्नी साबित अली, ऐरुन्निशा पत्नी अमानत, बुझारत पुत्र बरसाती समेत पांच लोग अपात्र पाए गए थे। जिसपर तत्कालीन खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने अपात्र आवास लाभार्थियों के खाते में भेजी गई प्रथम किस्त की रिकवरी के लिए तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार रंजन को नोटिस जारी किया था। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकरण संज्ञान में नही हैं। इसे संज्ञान मे लेते हुए पत्रावली तलब कर पूरे प्रकरण को देखेंगे और जांच में अपात्र पाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लाक प्रमुख समेत 50 सदस्यों पर केस का निर्देश

संवाददाता, संतकबीरनगर

▸▸ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर झूठे शपथ पत्र दाखिल करने पर शुरू हुई कार्रवाई

अमृत विचार: जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने ब्लाक प्रमुख सेमरियावां के खिलाफ हाजरा खातून द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान झूठे शपथ पत्र दाखिल करने और बचाव में ब्लाक प्रमुख द्वारा तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्यों के झूठे शपथ पत्र दाखिल करने के मामले की जांच रिपोर्ट मिलते ही बृहस्पतिवार को दुधारा पुलिस को ब्लाक प्रमुख सेमरियावां मेहरुन्निसा और झूठे शपथ पत्र दाखिल करने की आरोपी हाजरा खातून समेत 50 से ज्यादा क्षेत्र पंचायत सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश कुमार ने ब्लाक प्रमुख सेमरियावां के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में जांच कर प्रभारी निरीक्षक दुधारा को आख्या उपलब्ध कराते हुए आपराधिक कृत्य करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक प्रमुख सेमरियावां के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में हाजरा खातून, संगीता देवी, मनीष कुमार और बदरून्निशा द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से बीते 27 जुलाई को डाक के माध्यम से 91 शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था। साथ ही ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशा द्वारा 30 जुलाई और 5 अगस्त को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्षियों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर और निशानी अंगूठा बनाए जाने का आरोप लगाते हुए अपने पक्ष में 75 शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया। अब जबकि विकास खण्ड सेमरियावां में कुल 121 क्षेत्र पंचायत सदस्य ही हैं तो सम्भव ही नहीं था कि 166 शपथ पत्र दिया जा सके। इससे स्पष्ट है कि हाजराखातून आदि और ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशा समेत 50 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्रतिरूपण कर बेइमानी पूर्ण तरीके से छल और धोखा देकर शपथ पत्र तैयार किया जो अपराध जनित है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक: 413/न0पा0परि0रा0/सा0प्रशा0(ई0ओ0)–दर आ0सू0/2024–25 दिनांक: 26.09.2024

**अतिअल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा मार्ग प्रकाश अनुभाग के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में खराब एल0ई0डी0 लाइटों की सामग्री सहित मरम्मत कराये जाने हेतु मोहरबन्द दर दिनांक 05.10.2024 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार/फर्म/दुकानदार/विक्रेता से आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.30 बजे खोली जायेगी। डाक द्वारा प्रेषित दर आमंत्रण लिफाफे मान्य नहीं होगें, विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद रायबरेली के मार्ग प्रकाश अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। सूचना को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशाषी अधिकारी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | दर प्रति लाइट रूपये (अंको/शब्दो में) समस्त करो सहित | मरम्मत की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 60 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | 05 दिवस |
| 2 | 72 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 3 | 90 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 4 | 120 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |
| 5 | 150 वॉट एल0ई0डी0 लाइट मरम्मत का कार्य | | |

नियम व शर्ते :–
1. दर दाता द्वारा पैनकार्ड व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. मरम्मत की गई लाइटों की वारण्टी 01 वर्ष होगी, इस अवधि में लाइट खराब होने पर पुन सही करना होगा।
3. दर दाता द्वारा रू0–25000.00 की एफ0डी0/डी0डी0/टी0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी न0पा0परि0 रायबरेली के पक्ष में बन्धक हो जमानत के तौर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. दर सर्वन्यून पाये जाने पर सम्बन्धित द्वारा रू0 100.00 का स्टाम्प कार्यालय में जमा कर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
5. किसी प्रकार की वाद–विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय अध्यक्ष न0पा0परि0 रायबरेली का सभी पक्षों को मान्य होगा।
6. भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायबरेली


सुरक्षा | एसपी बोले–कंट्रोल रुम और कमाण्ड सेंटर से हो रही निगरानी

# साढ़े सात हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस संतकबीरनगर

संवाददाता, संतकबीरनगर

▸▸ लूट, छिनैती और छेड़छाड़ के मामलों में आई कमी


चौराहे पर लगे खम्भे से चारों तरफ के सड़कों की निगरानी करती तीसरी आंख।

अमृत विचार। जिले में अपराधियों पर नकेल कसने में तीसरी आंख काफी सहायक साबित हो रही है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के विशेष प्रयासों से आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत पुलिस विभाग ने जन सहयोग से जिले में साढ़े सात हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे स्थापित करा दिया है।

सेफ सिटी परियोजना के तहत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के प्रयासों से जनपद मुख्यालय पर 75 सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए गए हैं। इसके अलावा जिले के सभी मार्गों पर स्थित दुकानों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर आम जनता के सहयोग से कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से पुलिस ने तमाम चोरी, लूट और छिनैती की घटनाओं का बड़ी आसानी से खुलासा किया है। कैमरे स्थापित हो जाने से जिले में अपराधियों वारदातों पर काफी हदतक अंकुश लगा है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लोगों के मकान दुकान और अन्य चीजों के सुरक्षा में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेफ सिटी योजना के तहत और जन सहयोग से लगवाए गए कैमरों को पुलिस कण्ट्रोल रुम और कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कमाण्ड सेंटर से जोड़ दिया गया है। वहां तैनात कर्मचारी चौबीसों घंटे मुस्तैद रहकर पल पल की निगरानी करते हैं। उन्होंने बताया कि इन कैमरों की सहायता से तमाम आपराधिक मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता का आह्वान करते हुए कहा कि लोग अपने घरों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगाएं और एक कैमरे की दिशा सड़क की तरफ रखें। इससे उनके घरों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और किसी प्रकार की घटना होने पर पुलिस को उसके खुलासे में मदद मिलेगी।

### सीसीटीवी कैमरों ने कराया सुरक्षा का एहसास

संतकबीरनगर। जिले की वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा नेत्री सुनीता अग्रहरि ने बताया कि लगभग 7 वर्ष पूर्व तक आए दिन महिलाओं के साथ छेड़छाड़, लूट, छिनैती और अन्य आपराधिक घटनाओं के चलते महिलाओं को घर से निकलने में असुरक्षा का एहसास होता था। जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लग जाने से आपराधिक मामलों में गिरावट आई है। महिलाओं को अब देर रात में भी घरों से निकलने में किसी प्रकार की असुरक्षा का एहसास नहीं होता। उन्होंने कहा कि हर ब्यक्ति को अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाना चाहिए।

## एक नजर

### सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मुलाकात की और फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा तथा जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक से इतर सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। बैठक में सुझाव दिया कि चूंकि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पर्यटन लगातार बढ़ रहा है, इसलिए फिनटेक में सहयोग तथा सीमा पार वास्तविक समय भुगतान प्रणाली पर द्विपक्षीय चर्चा से दोनों देशों के छात्रों, पर्यटकों और व्यवसायों को फायदा होगा।

### मेक्सिको के डॉ रेड्डीज पर 28 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ने गुरुवार को कहा कि मेक्सिको के दवा नियामक ने उसपर करीब 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हैदराबाद स्थित दवा कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि मेक्सिको के दवा नियामक सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) में से एक के लिए यह जुर्माना लगाया। जुर्माना एक एपीआई के मामले में आयात की सूचना दाखिल करने के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों को पूरा नहीं करने के कारण लगाया गया है।

### एनटीपीसी ने संयुक्त उद्यम समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने हरित परियोजनाओं के लिए महात्मा फुले नवीकरणीय ऊर्जा व अवसंरचना प्रौद्योगिकी (महाप्रीट) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया है। एनटीपीसी ने कहा कि संयुक्त उद्यम महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य में 10 गीगावाट के अक्षय ऊर्जा पार्क का विकास करेगा। समझौते पर एनजीईएल के सीईओ राजीव व महाप्रीट एमडी बिपिन ने हस्ताक्षर किए।

# जीएसटी दर युक्तिकरण: जीओएम ने 12% स्लैब में कटौती पर की चर्चा

## 100 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाकर 5% करने पर किया गया विचार

- 20 अक्टूबर की बैठक में साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर की होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से घटाकर 5% करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा होगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 12% स्लैब में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा उठाया तथा अगले महीने होने वाली बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। कर की दर कम करने से होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, जीएसटी चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की स्लैब हैं।

### 18% स्लैब की कुछ वस्तुएं आ सकती है 28% स्लैब में

जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40% तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56% हो गई है। बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए जिसमें 28% के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर 5% पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में सदस्यों के विचारों पर विमर्श करेगा और सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। हालांकि 18% स्लैब में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (उत्पाद फिर से 28% स्लैब में आ सकते हैं।

# निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प स्टॉक/इक्विटी

स्टॉक या इक्विटी में निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है जो निवेशकों को कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक संपत्ति वृद्धि, नियमित लाभांश आय, और विविधीकरण के अवसरों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा बढ़ा सकता है। जब निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदते हैं, तो वे कंपनी के स्वामित्व का अनुभव करते हैं, साथ ही विकास में भागीदारी भी करते हैं। अच्छे प्रबंधन वाली कंपनियां उच्च रिटर्न और स्थिरता का आश्वासन देती हैं। इसके अलावा स्टॉक्स में उच्च लिक्विडिटी होती है, जिससे निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार त्वरित परिवर्तनीयता मिलती है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करते हैं...




### निवेश के फायदे

- **दीर्घकालिक वृद्धि:** शेयर बाजार में निवेश आमतौर पर लंबे समय में उच्च रिटर्न प्रदान करता है, जिससे संपत्ति में वृद्धि होती है।
- **लाभांश आय:** कई कंपनियां नियमित लाभांश देती हैं, जो निवेशकों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकता है।
- **विविधीकरण:** कई कंपनियों में निवेश करके निवेशक पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।
- **स्वामित्व का अनुभव:** स्टॉक खरीदने पर निवेशक कंपनी के मालिक बन जाते हैं, जिससे उन्हें वोटिंग अधिकार और अन्य फायदे मिलते हैं।
- **प्रबंधन:** सफल कंपनियां अच्छी प्रबंधन टीमों से संचालित होती हैं, जो उनके विकास और मुनाफे में सहायक होती हैं।
- **लिक्विडिटी:** स्टॉक्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों को फंड्स त्वरित मिल जाता है।
- **आर्थिक विकास:** स्टॉक में निवेश करके, निवेशक देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं और इससे लाभ भी कमाते हैं।

### इक्विटी/स्टॉक के प्रकार

**कॉमन:** आम शेयर, जिनके धारक कंपनी के लाभ और वोटिंग अधिकारों में हिस्सेदार होते हैं।

**प्रिफर्ड:** प्रिफर्ड शेयरधारक को पहले लाभांश मिलता है, उनके पास वोटिंग अधिकार नहीं होते।

### जोखिम

- **कंपनी:** कंपनी के प्रदर्शन, प्रबंधन की गुणवत्ता, और उद्योग में प्रतिस्पर्धा से स्टॉक की कीमत में कमी आ सकती है।
- **तरलता:** कुछ स्टॉक्स में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे उन्हें समय पर खरीदना या बेचना मुश्किल हो सकता है।
- **प्राइस वोलाटिलिटी:** स्टॉक्स की कीमतें उतार-चढ़ाव करती हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है।
- **आर्थिक:** परिस्थितियां, जैसे ब्याज दरों में वृद्धि या मुद्रा स्फीति, मार्केट को प्रभावित कर सकती हैं।
- **राजनीतिक:** राजनीतिक घटनाएं, जैसे चुनाव, नीतिगत बदलाव, या व्यापारिक विवाद, स्टॉक्स के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।
- **भावनात्मक निर्णय:** बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशक अक्सर भावनात्मक निर्णय लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है।

# उत्तर प्रदेश आम के उत्पाद में अग्रणी पर निर्यात में फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश भले अग्रणी हो लेकिन, निर्यात में देश फिसड्डी है। आम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 फीसद है। आम के प्रमुख निर्यातक देश थाईलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान आदि। आम निर्यात की अपार संभावनाएं अमेरिका और यूरोपीय देशों में। ऐसे में यूएस और यूरोपियन देशों के निर्यात मानकों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास रेडिएशन ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी। अभी तक उत्तर भारत में कहीं भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है।



- आम के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 फीसद
- प्रमुख निर्यातक थाईलैंड, मैक्सिको ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान

प्लांट चालू होने पर उप्र के बागवानों के लिए यूएस और यूरोपियन देशों के बाजार तक पहुंच आसान होगी। चूंकि उप्र में आम का अधिक उत्पादन होता है, इसलिए निर्यात के नए अवसर का लाभ भी यहीं के बागवानों को मिलेगा। रेडिएशन ट्रीटमेंट तकनीक में निर्यात होने वाले फल, सब्जी, अनाज को रेडिएशन से गुजरा जाता है। इससे उनमें मौजूदा कीटाणु मर जाते हैं और ट्रीटेड उत्पाद की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। प्लांट चालू होने पर उप्र. के आम के लिए यूएस और यूरोप के बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लंगड़ा की मांग

पिछले साल इनोवा फूड के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लगड़ा की मांग है। उनके निर्यात के मानकों को पूरा किया जाय तो उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावनाओं वाला बाजार हो सकता है। ये दोनों प्रजातियां यहीं पैदा होती हैं।

### रंगीन आम पोषक तत्वों से भी भरपूर

लाल रंग के आम की प्रजातियां सिर्फ देखने में आकर्षक नहीं होती। स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहतर हैं। आम या किसी फल के लाल रंग के लिए एंथोसायनिन जिम्मेदार होता है। इससे पौष्टिकता बढ़ जाती है। शोध बताते हैं एंथोसायनिन मोटापे और मधुमेह की रोकथाम में सहायक है। यह संज्ञानात्मक और मोटर फंक्शन को मॉड्यूलेट करने, याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कार्य में उम्र से संबंधित गिरावट को रोकने में भी मददगार हैं।

# सरकार की दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना

- 20,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी इसमें शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2024-25 के बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ (47.2%) प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20,000 करोड़ के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों से 6.61 लाख करोड़ की उधारी जुटाई जाएगी। बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी 5.3% और 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा 24.8% होगा।

### विकास में तेजी रहने की उम्मीद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** सरकार ने खरीफ बुवाई के उच्च क्षेत्रफल को खाद्य मूल्य परिदृश्य के लिए शुभ संकेत बताते हुये कहा कि मानसून के विषम स्थानिक वितरण के प्रभाव की निगरानी की जरूरत है और जैसे-जैसे सार्वजनिक व्यय बढ़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है समग्र विकास में भी आने वाली तिमाहियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की आज जारी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि चालूवित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गति बरकरार रही।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### जीवित्पुत्रिका पर डूबने से 43 की मौत, तीन लापता

**पटना।** बिहार में जीवित्पुत्रिका व्रत त्योहार के दौरान अलग-अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में पवित्र स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन अन्य लापता हो गए। राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ये घटनाएं बुधवार को त्योहार के दौरान राज्य के 15 जिलों में हुईं। जीवित्पुत्रिका त्योहार के दौरान महिलाएं अपने बच्चों की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं।

### 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 30 लाख ठगे

**नोएडा (उप्र)।** साइबर ठगों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी होने का दावा करते हुए महिला को धनशोधन में फंसाने झांसा देकर 30 लाख ठग लिए। साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर 77 की प्रियंका बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो सितंबर को उनके पास फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया। फोनकर्ता ने प्रियंका के आधार कार्ड पर सिम कार्ड ख़रीदने और उस कार्ड से धनशोधन का दावा करते हुए कहा कि अब तक करोड़ों की हेरा फेरी हो चुकी है। महिला डर गई और ठगों ने 12 दिन बाद 14 सितंबर को आरटीजीएस से 30 लाख रुपए अलग-अलग खातों में अंतरण करवाया।

### बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी 15 ट्रेनों के मार्ग बदले

**रांची।** झारखंड के बोकारो में तुपकडीह स्टेशन के निकट मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद 15 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा संभाग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुमित नरूला ने 'बताया कि इस्पात ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे कल रात नौ बजे बोकारो जिले के तुपकडीह स्टेशन के निकट पटरी से उतर गये।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने गोला बारूद बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने टेकचाम मानिंग चिंग इलाके में संयुक्त अभियान के दौरान खाली मैगजीन के साथ एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और 9 मिमी की एक पिस्तौल और एक खाली मैगजीन मिला। एक 51 एमएम पैरा बम, बिना डेटोनेटर के चार एचई-36 हैंड ग्रेनेड, दो इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर आदि भी मिलें।

# कांग्रेस के लाउडस्पीकर्स का करंट भी कमजोर

## प्रधानमंत्री ने कहा- हरियाणा में 10 सालों में विपक्ष के रूप में भी विफल रही है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है और जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके लाउडस्पीकर्स का करंट कमजोर रहा है। नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से प्रदेश का बच्चा बच्चा वाकिफ है।

राज्य में फिर सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के रोजगार मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा आधार झूठ पर टिका है और उसके नेता बिना सिर पैर की बातें कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा की नाराजगी और पार्टी में गुटबाजी के मद्देनजर राजनीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि कांग्रेस की स्थिति पहले मजबूत थी लेकिन अब ग्राफ नीचे जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन विशेषज्ञों के लिए लाउडस्पीकर्स शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर कितने अत्याचार हुए। कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी ने कहा कि वोट पाने के लिए हिमाचल कांग्रेस ने ऐसे वादे किए थे जैसे हर घर की सोने की छत बना देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आज हिमाचल में कांग्रेस सरकारी मुलाजिमों को वेतन नहीं दे पा रही है। हरियाणा में अपनी दो चुनावी जनसभाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है।



- नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को किया संबोधित

### पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा रद

नई दिल्ली। पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद कर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री आज पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था। भाजपा सूत्रों ने कहा कि उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## धर्म-रिलिजन में फर्क की मांग वाले अभ्यावेदन पर फैसला करे केंद्र: कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह रिलिजन शब्द के उचित अर्थ का उपयोग करने और इसे दस्तावेजों में धर्म के पर्याय के रूप में उपयोग नहीं करने की मांग करने वाले अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले। याचिका में जनता को शिक्षित करने और धर्म-आधारित नफरत फैलाने वाले भाषणों को नियंत्रित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में धर्म और रिलिजन पर अध्याय शामिल करने का निर्देश देने की भी मांग की है। कोर्ट ने कहा कि अदालतें धार्मिक या दार्शनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं करती हैं और यहां तक कि विद्यालयी पाठ्यक्रम भी तय नहीं करती हैं व पाठ्यक्रम में अध्याय शामिल नहीं कर सकती हैं।

# मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार को किया खत्म: राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में चुनावी रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश इकाई प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्थित तरीके से देश में रोजगार व्यवस्था को खत्म कर दिया। गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने की बात कही। गांधी ने कहा कि हरियाणा में दो लाख रिक्तियां भरी जाएंगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी का वादा किया है।



- सरकार पर हमला करते हुए गांधी ने कहा- भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया

# आधार-पैन विवरण सार्वजनिक करने वाली वेबसाइटें ब्लॉक

- सीईआरटी-इन को वेबसाइटों के विश्लेषण से मिलीं कई कमियां

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार साइबर सुरक्षा प्रथाओं और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है लेकिन जो वेवासाइटें लोगों के आधार और पैन कार्ड की जानकारियां सार्वजनिक कर रही हैं उन्हें ब्लॉक कर दिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइटें भारतीयों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी उजागर कर रही थीं। इसे गंभीरता से लिया गया है क्योंकि सरकार इनको ब्लॉक कर दिया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम के तहत आधार के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए संबंधित पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) को इन वेबसाइटों के विश्लेषण से कई कमियां मिली हैं।

## आयुष्मान भारत योजना के अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, करनाल की टीम ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रवि विमल को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि टीम को शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें करनाल जिले में निजी अस्पताल के संचालक ने बताया कि योजना के तहत उसके अस्पताल की सूचीबद्धता के निलंबन को रद करने के मामले में आरोपी ने 10 लाख की मांग की गयी थी।

# कांग्रेस शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता: नड्डा

भुवनेश्वर, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उसे शहरी नक्सलियों का प्रवक्ता बताया और उस पर देश में विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बुद्धिजीवियों की बैठक में नड्डा ने जम्मू कश्मीर में 370 को बहाल करने की पैरोकारी करने वालों के साथ चले जाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की।

नड्डा ने कहा कि 2019 में 370 प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह में नेतृत्व में निरस्त हुआ है। नड्डा ने एक देश, दो निशाना, दो विधान और दो प्रधान धारणा का विरोध करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था, लेकिन नेहरू ने इसकी अनदेखी की। उन्होंने वामपंथी दलों की आलोचना की और दावा किया कि उनमें दिशा का अभाव है तथा वे अक्सर केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में लड़ाई में लिप्त रहते हैं तथा दिल्ली में फोटो खिंचवाने के लिए एकजुट होते हैं। बेरोजगारी एवं महंगाई पर राहुल एवं प्रियंका गांधी द्वारा सरकार की आलोचना का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और वह खिलौनों एवं मोबाइलों के सबसे बड़े निर्यातकों में है। दरअसल दोनों भाई-बहन को आर्थिक मुद्दों की समझ नहीं है और वे महंगाई एवं बेरोजगारी पर अटके रहते हैं। नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना की प्रशंसा की जो 55 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है। इस पहल से शीघ्र ही 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग लाभान्वित होंगे।



- वामपंथी दिल्ली में फोटो खिंचवाने के लिए होते हैं एकजुट

## आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग

**बदलापुर कांड**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गुरुवार को सुरक्षा की मांग की। शिंदे की पुलिस हिरासत में जवाबी गोलीबारी में मौत हो गई थी। उसके चाचा अमर शिंदे ने कहा कि उन्होंने शव दफनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया है। अक्षय के माता-पिता और उसके वकील को सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है। हमने इस अनुरोध के साथ उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री को ईमेल भेजा है।

# चुनाव बाद पीओके जम्मू-कश्मीर का होगा हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर पीओके भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बन जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पाकिस्तान से अलग होने की जोर-शोर से आवाज उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं। आदित्यनाथ ने आर एस पुरा इलाके में एक रैली में कहा कि शांतिपूर्ण चुनावों के जरिए भाजपा के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी जम्मू कश्मीर का हिस्सा बनने जा रहा है। पाकिस्तान में हंगामा मचा हुआ है, वे अपने लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश टूट रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान अपने लोकतंत्र की रक्षा करने में विफल रहा है। पाकिस्तान में आटा 500 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन और पांच लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हैं। पाकिस्तान डूब रहा है, लेकिन भारत बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत है और दूसरी तरफ पाकिस्तान, वहां खाने की कमी है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर उससे अलग होने की आवाज उठा रहा है। योगी ने कहा कि बलूचिस्तान कह रहा है कि हमारी केमिस्ट्री पाकिस्तान से मेल नहीं खाती। पाकिस्तान मानवता का दुश्मन है, यह मानवता के लिए कैंसर है। दुनिया को इस कैंसर से मुक्त होना चाहिए।



- सीएम योगी ने आरएस पुरा इलाके में रैली को किया संबोधित

## जमानत याचिका टली, पूजा को गिरफ्तारी से राहत चार तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी और गलत तरीके से सिविल सेवा में ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा का लाभ लेने के आरोप में दर्ज मामले में आईएएस की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम राहत गुरुवार को चार अक्टूबर तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने उनके वकील के अनुरोध के बाद अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी। दिल्ली पुलिस के वकील ने अदालत से एक संक्षिप्त स्थगन की अनुमति का आग्रह करते हुए कहा कि एक बड़ी साजिश सामने आई है, जिसमें जालसाजी और दस्तावेज तैयार करना शामिल है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील के अनुरोध पर, मामले को 4 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया जाए। अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

# बेंगलुरु महिला हत्याकांड के आरोपी ने ओडिशा में की आत्महत्या

बेंगलुरु/भुवनेश्वर, एजेंसी

- भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला था आरोपी का शव
- डायरी में राय ने कबूली महालक्ष्मी की हत्या और शव के टुकड़े-टुकड़े करने की बात

बेंगलुरु की 29 वर्षीय महिला की नृशंस हत्या में शामिल मुख्य संदिग्ध ने ओडिशा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मुक्तिरंजन प्रताप राय (31) के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (मध्य) शेखर एच टेक्कनवार ने बेंगलुरु में बताया कि वह ओडिशा के भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मृत मिला था। भद्रक के एसपी वरुण गुंटुपल्ली ने बताया कि आरोपी भुईनपुर गांव का था और पुलिस ने घटनास्थल से एक डायरी भी बरामद की है जिसमें राय ने कबूल किया है कि उसने महिला महालक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसके शरीर के 50 से अधिक टुकड़े कर दिए थे। आरोपी और महालक्ष्मी में प्रेम संबंध था एवं महिला द्वारा शादी के दबाव पर दोनों में झगड़ा होता था। इसलिए आरोपी ने उसकी हत्या की।

# शतरंज में महिलाओं के लिए लंबा है रास्ता : आनंद

मुंबई, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड में भारत की ऐतिहासिक दोहरी खिताबी जीत से बेहद खुश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यह आशाजनक शुरुआत है लेकिन देश में महिला शतरंज के लिए अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है।

भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब उसकी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। हाल के दिनों में जहां पुरुषों के खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है और आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश जैसी युवा भारतीय प्रतिभाएं विश्व मंच पर धूम मचा रही हैं तो वहीं इसके विपरीत महिलाओं के खेल को इस गति से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के कार्यक्रम के इतर आनंद ने कहा यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है




क्योंकि हमें लगातार प्रगति करते रहना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिक से अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित किया जाए और मुझे लगता है कि यह परिणाम अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित करेगा। यही उम्मीद है। वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कई युवा भारतीयों का मार्गदर्शन करने वाले 54 वर्षीय आनंद ने देश के खिलाड़ियों द्वारा इतिहास रचे जाने पर खुशी जताई।

### चीन के परिणामों से चौंका नहीं

विश्वनाथन आनंद ने कहा सबसे पहले तो यह बहुत गर्व की बात है कि ऐसा हुआ। ऐसा नहीं है कि परिणाम ने मुझे चौंका दिया, यह कुछ घंटों पहले से ही हो रहा था, इसलिए आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन आपको अचानक यह अहसास होने पर खुशी होती है कि आप दोहरे ओलंपियाड चैंपियन हैं, मैं उन सभी को कई वर्षों से जानता हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से वहां रहना अच्छा लगा। मुझे दो बार राष्ट्रगान सुनने में मजा आया। और मुझे पता था कि पूरी दुनिया ने भारत के प्रदर्शन पर ध्यान दिया है। ओलंपियाड में भारत का प्रदर्शन सराहनीय है लेकिन आनंद ने चेतावनी दी कि अन्य टीमें अपने परिणामों का विश्लेषण करेंगी तथा और भी मजबूत होकर लौटेंगी। जब उनसे पूछा गया कि भारत को रूस, अमेरिका और चीन के स्तर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा तो उन्होंने कहा आप जिस भी पैमाने का इस्तेमाल करते हैं, उसके आधार पर आप कह सकते हैं कि भारत नंबर एक या नंबर दो या अधिक से अधिक नंबर तीन है।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष निशानेबाज अगले महीने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाले आईएसएफएफ विश्व कप फाइनल में आठ मौजूदा ओलंपिक चैंपियन सहित विश्व के शीर्ष निशानेबाजों की चुनौती का सामना करेंगे।

विश्व कप फाइनल में 37 देशों के 132 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे जिसमें 12 ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होगा। भारतीय टीम में 23 निशानेबाज हैं जिन्हें वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों से प्रवेश का भी फायदा मिलेगा। एनआरएआई के अध्यक्ष ने कहा यह भारत में प्रशंसकों और दुनिया भर के निशानेबाजों के लिए शानदार रहेगा।

## रॉबर्ट ने दिलाई बार्सिलोना को सातवीं जीत

मैड्रिड, एजेंसी

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की। बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है।

इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे। बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने कहा मुझे वास्तव में अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमारे खिलाड़ी आखिर तक प्रयास करते हैं। बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और कड़े प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है।

### नीदरलैंड के क्लब ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी। यूनाइटेड ने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में जो सात मैच खेले हैं उनमें से वह केवल तीन में जीत दर्ज कर पाया है। इस बीच तुर्की और यूनान की चैंपियन टीमों के बीच खेले गए मैच में गलातासराय ने पीएओके को 3-1 से हराया। एक अन्य मैच में लाजियो ने डायनामो कीव को 3-0 से पराजित किया।

## खेल डायरी

### श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया। वह अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने लिन चीह चुन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी को सिर्फ 38 मिनट में 22-20, 21-11 से शिकस्त दी। महिला एकल में दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर को चौथी वरीय और 2022 विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली, झारखंड और उप्र ने जीते हॉकी मुकाबले

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। आज यहां चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए। वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें) और भेंगरा ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किए। पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए।

### जैस्मिन और रिद्धिमा को संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर दूसरे दौर में खराब प्रदर्शन के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में रिद्धिमा दिलावरी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष हैं। जैस्मिन ने दूसरे दौर में 76 जबकि रिद्धिमा ने 73 का स्कोर बनाया। दोनों का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर दो अंडर 142 है। जैस्मिन और रिद्धिमा ने स्नेहा सिंह (73-70) और अमनप्रीत द्राल (72-71) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर एक अंडर 143 है। एमेच्योर अनवी दहिया (73-71) और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद हिताषी बक्शी (71-73) पार 144 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

### एएफसी में भारत की अंडर-20 टीम का सामना ईरान से

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करने से पहले अपनी कमियों को दूर करना चाहेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है और लड़कों ने मंगोलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन हम अभी जीत का जश्न नहीं मना सकते। हमें तुरंत अगले मैच की तैयारी शुरू करनी चाहिए। हमने मंगोलिया के खिलाफ कई मौके गंवाए और ईरान के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर सकते। ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से, बारिश का संकट, बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त पिच पर स्पिनरों के साथ उतर सकती हैं टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में पहले टेस्ट मैच में चेन्नई में टीम इंडिया 1-0 से जीतकर अब दूसरे टेस्ट में सीरीज क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उधर, पहले टेस्ट मैच में विफल रहे बांग्लादेश टीम के शीर्ष बल्लेबाजों को हाथ खोलना होगा। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से ग्रीनपार्क स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच शुरू होगा। इस बीच शुक्रवार को बारिश के भी आसार हैं। गुरुवार को टीम इंडिया व बांग्लादेश टीम का नेट अभ्यास भी बारिश के कारण बाधित रहा।

टीम इंडिया का लक्ष्य अपनी जीत बरकरार रखना है। वहीं बांग्लादेश टीम दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज ड्रा कराने की कोशिश करेगी। अनुभवी खिलाड़ियों का मत है कि ग्रीनपार्क पिच बल्लेबाजों और स्पिनरों की मददगार होगी। इस कारण दोनों टीमें स्पिनरों को उतार सकती है। गुरुवार को बारिश ने दोनों टीमों के अभ्यास में खलल डाला। इसे देखते हुए अंतिम एकादश का चयन करना टीम मैनेजमेंट को काफी मंथन करना होगा। गेंदबाज कुलदीप यादव का अपने घरेलू मैदान पर खेलने की संभावना है, लेकिन अंतिम एकादश में मौका मिलना अब मौसम पर टिका है। अंतिम एकादश का फैसला मैच से पहले लिया जाएगा।



### शीर्ष बल्लेबाज हासिल करेंगे फार्म

पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के शीर्ष बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ग्रीनपार्क में दोनों खिलाड़ी अपनी फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। इसी कारण ग्रीनपार्क में तैयार दो पिचों में बल्लेबाजी में मददगार विकेट को ही फाइनल किया है। टीम के स्पिनर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह व आर अश्विन भी बांग्लादेश टीम को परेशान कर सकते हैं।

### टॉस की भूमिका भी अहम

टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में आइडियल विकेट तैयार हुई है। लेकिन गुरुवार को बारिश के कारण विकेट का मिजाज बदलने की भी संभावना बनी है। मैच से पहले दो विकेट तैयार की गई हैं। नमी के कारण विकेट के मिजाज में बदलाव आ सकता है। इससे टॉस की भूमिका भी अहम हो गई है।



कानपुर में प्रशंसकों के साथ तस्वीर लेते विराट कोहली। ● अमृत विचार

### शाकीब अल हसन ने की संन्यास की घोषणा



**कानपुर।** बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने गुरुवार को प्रेसवार्ता करके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले लूंगा। यह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अगर नहीं मिला तो यही मेरा आखिरी टेस्ट मैच होगा। बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मुझे लगता है कि अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा करने का समय आ गया है। शाकिब ने आगे कहा कि टी 20 क्रिकेट से वह तत्काल प्रभाव से संन्यास ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि फटाफट क्रिकेट में युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप सिंह, कुलदीप यादव, यश दयाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल।

**बांग्लादेश :** नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहिम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्किन अहमद, हसन महमुद, नाहिद राणा, तहजुल इस्लाम, महमदुल्ला हसन जॉय, नईम हसन, सैय्यद खालिद अहमद, जाकिर अली अनिक।

## परिवर्तनकाल में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करूंगा : मार्कराम

बेंगलुरू, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान एडेन मार्कराम ने टीम के भविष्य पर गुरुवार को कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ियों को दीर्घकालिक संभावनाओं के रूप में तैयार करने को प्राथमिकता दी है।

मार्कराम को 2024 टी-20 विश्व कप से पहले कप्तान नियुक्त किया गया था जिसमें उनकी टीम को जून में भारत से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका अगस्त में वेस्टइंडीज से तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला भी हार गया। हालांकि इस मुश्किल शुरुआत के बावजूद वे अपनी अगुआई में खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को लेकर उत्साहित हैं। मार्कराम ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के आधिकारिक डिजिटल पार्टनर फैनकोड द्वारा आयोजित बातचीत में मीडिया से कहा मैं वास्तव में उनका (खिलाड़ियों) का समर्थन करने, प्रशिक्षण में उनकी मदद करने और हर जरूरी मदद के लिए तैयार हूं।



## काश पंत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी होते : मार्श

मुंबई, एजेंसी

ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें शानदार खिलाड़ी करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की।

वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे। मार्श ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है। वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत के भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा होने की उम्मीद है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था।



● सकारात्मकता प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित हैं मिशेल मार्श

# बॉलीवुड हलचल

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी के सपोर्ट में उतरे सनोज

**मुंबई।** निर्देशक सनोज मिश्रा ने कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का सपोर्ट किया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। इस फिल्म की कथा वस्तु वर्ष 1975 में लगे इमरजेंसी और उसके दुष्परिणामों पर आधारित है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि को लेकर कुछ लोग इस फ़िल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं, जबकि कंगना रनौत की टीम का कहना है कि हमने तो एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म बनाई है इसमें किसी को आपत्ति ही नहीं होनी चाहिए। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल से चर्चा में आये निर्देशक सनोज मिश्रा ने इमरजेंसी के समर्थन में बोलते हुए देश के अंदर इस फिल्म का विरोध करने वालों पर हमला बोला है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, फिल्म यदि समाज का आइना है तो इस आईने में लोग शक्ल क्यों नही देखना पसंद करते या फिर ये सिर्फ एक घिसा पिटा जुमला है ? सनोज मिश्रा ने कहा, कंगना रनौत जी वास्तव में आयरन लेडी हैं उनका जीवन हमेशा बेबाक रहा है चाहे वो फिल्म इंडस्ट्री हो या राजनीति उन्होंने हमेशा लीक से हटकर अपनी पहचान बनाई है, जो इस देश की महिलाओं के लिए एक मिसाल है।





## बच्चों को सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के आने वाले एक एपिसोड में, दर्शक मंगलुरु, कर्नाटक की ऊर्जावान अपूर्वा शेट्टी को हॉटसीट पर बैठते हुए देखेंगे। एक दृढ़ निश्चयी पीएससी उम्मीदवार, अपूर्वा अपने पिता के सपने को पूरा करने और शो में एक बड़ी राशि जीतने की उम्मीद रखती हैं। अपूर्वा ने भी अमिताभ से अनुरोध किया कि वह शो में उनके पिता, लोकेनाथ शेट्टी का नाम जरूर लें, जो उनके बड़े फैन हैं। अमिताभ न केवल उनकी यह इच्छा पूरी करेंगे, बल्कि वह अपूर्वा के पिता से वीडियो कॉल के जरिए बात करवाएंगे, जिससे पिता-पुत्री के बीच का यह भावनात्मक और यादगार पल जुड़ जाएगा। जैसे ही यह कनेक्शन होता है, अमिताभ कहते हैं, सर, आपका सपना था कि आपकी बेटी अपूर्वा एक दिन हॉटसीट पर बैठे, और अब वह यहीं पर बैठी है। इस भावनात्मक पल से अभिभूत होकर, अपूर्वा की आंखों में आंसू आ जाते हैं, और बच्चन साहब उन्हें एक टिशू भी थमाते हैं। पिता-पुत्री के इस गहरे संबंध को महसूस करते हुए अमिताभ बच्चन यह भी कहते हैं कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। वह बताते हैं कि ऐसे मील के पत्थर किसी भी माता-पिता के लिए बेहद भावनात्मक होते हैं। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में, रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

## अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ट्रेलर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, "सब तैयार है? #जिगरा थिएट्रिकल ट्रेलर अभी रिलीज हुआ 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। ट्रेलर में आलिया भट्ट एक बहन (सत्या) की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, आलिया का किरदार और भी उभर कर आता है। एक बेहतरीन पल तब आता है जब आलिया यानी सत्या कहती हैं मैंने कभी नहीं कहा, मैं सही इंसान हूँ। मैं सिर्फ़ अंकुर की बहन हूं। पिछले साल द आर्चीज में अपनी शुरुआत करने के बाद, फ़िल्म जिगरा, वेदांग रैना की दूसरी बार स्क्रीन पर आने वाली फिल्म है। फिल्म जिगरा में एक आकर्षक चल कुड़िए साउंडट्रैक भी शामिल है जिसे आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने गाया है।



## एशियाई खेलों में मेरा पदार्पण सपनों के पूरा होने जैसा : गुरजंत

बेंगलुरु, एजेंसी

युवा फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा कि हाल ही में चीन के मोकी में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में उनका भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पदार्पण सपने के पूरा होने जैसा है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में ट्रायल के दौरान गुरजंत का प्रदर्शन आकर्षक रहा। उन्होंने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी सात मैच खेले, हालांकि वह गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को बेहतर साबित करने के लिए मैदान पर समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई।

गुरजंत ने कहा सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो अधिकतर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में यह मेरे लिए एक स्वप्निल पदार्पण था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था मुझे लगा कि मैं अपने पदार्पण पर एक गोल करूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मैंने खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है। मुझे बस वैसे ही खेलना है जैसे मैं आमतौर पर शिविर में खेलता हूँ, आजादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।



● युवा फॉरवर्ड सिंह बोले- सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सीनियर बड़े भाइयों की तरह

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा।)

